दैनिक
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | देश विदेश 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 7 | कारोबार

बिलासपुर, शुक्रवार, 31 जनवरी 2025 शुक्ल पक्ष-द्वितीया, विक्रम संवत -2081 / वर्ष-10 अंक- 288 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित, www.navpradesh.com

आज बेबाक

प्रयागराज महाकुंभ में भगदड़ की घटना निश्चित रूप से दुःखदायक है। इससे भी ज्यादा पीड़ादायक बात यह है कि इस हादसे को लेकर सियासत की जा रही है। दुनिया के सबसे बड़े आस्था के इस भव्य आयोजन की सफलता से जिनके सीने पर सांप लोट रहे थे, वे अब जहर उगल रहे हैं। महाकुंभ को लेकर वे पहले भी विवादास्द बयानबाजी करते रहे हैं। अब इस हृदय विदारक हादसे ने उन्हें इस आयोजन पर प्रश्न चिन्ह खड़ा करने का सुनहरा अवसर दे दिया है। बेहतर होगा कि इस दुःखद घटना पर स्वनाम धन्य नेता सियासत करने से बाज आये।

भाजपा कार्यालय में तोड़फोड़ और लगाई आग, टिकट बेचने का लगाया आरोप

किशोर डोले

धमतरी/नवप्रदेश। टिकट की आग से भाजपा का धमतरी दफ्तर झुलस उठा। ये है विश्व की सबसे बडी अनुशासित पार्टी के कारनामे। धमतरी जिले में भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने नगरी के भाजपा कार्यालय में तोड़फोड़ की है। वहीं कार्यालय से कुर्सी, पंखा समेत अन्य सामानों को बाहर निकालकर आग के हवाले कर दिया। भाजपाइयों ने जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी का टिकट बेचने का आरोप लगाया है। इससे नाराज होकर घटना को अंजाम दिया है। भाजपा ने जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशियों की सूची जारी की है। इसमें क्षेत्र क्रमांक 12 से अरुण साहू को जिला पंचायत सदस्य का प्रत्याशी बनाने से भाजपाइयों में नाराजगी है। इसे लेकर बीजेपी कार्यालय में तोड़फोड़ की है। कार्यालय में रखे सामानों को बाहर निकालकर उसे आग के हवाले कर दिया है।

कांग्रेस को झटका-महापौर प्रत्याशी का नामांकन निरस्त, भाजपा ने जताई थी आपत्ति

भाजपा ने महापौर प्रत्याशी विजय गोलछा को निगम का ठेकेदार बताकर आपत्ति लगाई थी। इस मामले में आज सुनवाई के बाद रिटर्निंग अधिकारी ने कांग्रेस से महापौर प्रत्याशी का नामांकन निरस्त कर दिया। नगरीय निकाय चुनाव में कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। धमतरी में कांग्रेस से महापौर प्रत्याशी गोलछा का नामांकन निरस्त हो गया है।

उद्योग मंत्री का भाई निर्विरोध निर्वाचित

वही कोरबा में नगर निगम के वार्ड नंबर 18 कोहड़िया वार्ड में बीते दिन कांग्रेस प्रत्याशी हरीश कुमार के नाम वापसी ले लेने से श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन के भाई, भाजपा प्रत्याशी नरेंद्र देवांगन निर्विरोध पार्षद चुनाव जीत गए। इसे लेकर गुरुवार को कांग्रेस ने प्रेस कांफ्रेंस कर भाजपा पर गंभीर आरोप लगाए हैं। कांग्रेस के जिला शहर अध्यक्ष सपना चौहान ने प्रेस में कहा कि भाजपा ने सत्ता बल और धन बल का प्रयोग कर मंत्री लखनलाल देवांगन के भाई को जीत दिलाने के लिए कांग्रेस प्रत्याशी पर दबाव बनाकर उसे नाम वापस लेने पर मजबूर किया है। उन्होंने कहा कि वार्ड नंबर 18 से कांग्रेस प्रत्याशी हरीश कुमार पार्टी का सक्रिय कार्यकर्ता है। उस पर इतना दबाव बनाया गया कि वो डरा सहमा हुआ है. उससे संपर्क किए जाने पर उसका मोबाइल बंद है और घर पर भी नहीं है घर वाले भी डरे हुए हैं। नरेंद्र देवांगन के खिलाफ खड़े कांग्रेस के प्रत्याशी हरीश कुमार उर्फ विक्की ने अपना नाम वापस ले लिया है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बापू को दी श्रद्धांजलि

रायपुर/नवप्रदेश। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 77 वीं पुण्यतिथि पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की है। उन्होंने राजधानी स्थित सीएम हाउस में बापू के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर पूजा की और उनके जीवन मूल्यों और आदर्शों को याद किया है। मुख्यमंत्री साय ने अपने सोशल मीडिया एक्स पर तस्वीरें साझा करते हुए बताया कि आज निवास में पूज्य बापू महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर उनके तैलचित्र पर पुष्पार्चन और पूजन कर विनम्र श्रद्धांजलि दी एवं सादर नमन किया. सत्य, अहिंसा और शांति का संदेश देने वाले गांधी जी के जीवन मूल्य एवं आदर्श सदैव हम सभी का मार्गदर्शन करते रहेंगे. इस अवसर पर भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडेय जी एवं प्रदेश प्रवक्ता दीपक म्हस्के जी उपस्थित रहे।

पंजाब सीएम भगवंत मान के घर पर चुनाव आयोग की रेड: आप

नई दिल्ली (ए.)। 5 फरवरी को होने वाले दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले राजधानी में राजनीति पूरे चरम पर है। आम आदमी पार्टी ने आरोप लगाया है कि पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के दिल्ली स्थित घर पर गुरुवार को चुनाव आयोग ने छापा मारा। आयोग की टीम कपूरथला हाउस तलाशी लेने पहुंची है। वहीं, आप के आरोप पर चुनाव आयोग ने कहा कि हमने कोई छापा नहीं मारा। आयोग एजेंसियों के काम में हस्तक्षेप नहीं करता है। इस कार्रवाई पर दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिश ने ट्विटर पर लिखा, दिल्ली पुलिस भगवंत मान के दिल्ली के घर पर रेड करने पहुंच गई है। भाजपा वाले दिन दहाड़े पैसे, जूते, चद्दर बांट रहे हैं, वो नहीं दिखता। बल्कि एक चुने हुए मुख्यमंत्री के निवास पर रेड करने पहुंच जाते हैं। वाह री भाजपा! दिल्ली वाले 5 तारीख को जवाब देंगे।

कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर साधा निशाना

नई दिल्ली(ए.)। कांग्रेस ने गुरुवार को कहा कि वक्फ (संशोधन) विधेयक संबंधी संसद की संयुक्त समिति के कामकाज के तरीके को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। समितियों के कामकाज के तरीकों लेकर विपक्षी नेताओं ने सर्वदलीय बैठक में अपना विरोध दर्ज कराया। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने आरोप भी लगाया कि वर्तमान सरकार में संसदीय समितियां महज एक दिखावा बनकर रह गई हैं। सर्वदलीय बैठक के बाद कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक्स पर लिखा कि संसद सत्र शुरू होने से पहले पारंपरिक रूप से होने वाली सर्वदलीय बैठक में आज सुबह सभी विपक्षी नेताओं ने वक्फ संशोधन विधेयक संबंधी जेपीसी के कामकाज के तरीके पर कड़े शब्दों में अपना विरोध व्यक्त किया है।

सुरक्षा: तीन समितियों का गठन

नयी दिल्ली(वार्ता)। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने गुरुवार को कहा कि केंद्र सरकार द्वारा अनुबंध और प्लेटफॉर्म श्रमिकों के सामाजिक सुरक्षा का सतत मॉडल विकसित करने के लिए तीन समितियों का गठन किया गया है।

सर्वदलीय बैठक में सदन के नेताओं से सत्र को शांतिपूर्ण, मुद्दों पर स्वस्थ चर्चा कराने का किया आग्रह

सर्वदलीय बैठक सार्थक रही : रिजिजू

बजट सत्र में 16 बिल लाये जाएंगे

नई दिल्ली (वार्ता)। संसदीय कार्यमंत्री किरण रिजिजू ने कहा है कि सरकार ने बजट सत्र शुरु होने से पहले आज सर्वदलीय बैठक बुलाई जिसमें विभिन्न दलों के सदन के नेताओं से सत्र को शांतिपूर्ण तरीके से चलाने और सभी मुद्दों पर स्वस्थ चर्चा कराने का आग्रह किया है जिस पर सभी दलों के नेताओं ने सकारात्मक राय व्यक्त की है। श्री रिजिजू ने गुरुवार को यहां संसदीय सौंध में हुई बैठक के बाद पत्रकारों से कहा कि बैठक पूरी तरह से सार्थक रही है और सभी दलों के सदन के नेताओं ने बैठक में सदन को सुचारु रूप से चलाने पर सहमति दी है। उन्होंने बैठक को सकारात्मक और सार्थक बताया और उम्मीद जताई कि बजट सत्र में सभी दलों के सहयोग से संसद की कार्यवाही अच्छे तरीके से चलेगी। बैठक की अध्यक्षता रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने की।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सारे मुद्दे अहम हैं और सभी पर चर्चा होनी चाहिए लेकिन यह बजट सत्र है और इसमें राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा और बजट पारित कराना पहला काम होगा। इस बीच यदि कोई मुद्दा ज्यादा अहम आता है और उस चर्चा आवश्यक है तो उस पर कार्यमंत्रणा समिति में विचार किया जाएगा। राष्ट्रपति के अभिभाषण और बजट पर चर्चा कितने समय तक चलनी है इस बारे में समिति में ही निर्णय लिया जाना है। उन्होंने कहा कि बजट सत्र में 16 बिल लाये जाएंगे और 19 बिजनेस पहले से ही संसद की सूची में हैं।

वक्फ, आव्रजन और विदेशी विधेयक सूचीबद्ध: सरकार ने शुक्रवार से शुरू हो रहे संसद के बजट सत्र में चर्चा और पारित करने के लिए वक्फ (संशोधन) विधेयक के साथ ही तीन अन्य नए मसौदा कानूनों को सूचीबद्ध किया है। वक्फ पर संशोधन विधेयक की समीक्षा करने वाली संसद की संयुक्त समिति ने गुरुवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को अपनी रिपोर्ट सौंप दी। इसके साथ ही पिछले साल लाए गए विधेयक पर संशोधन पेश करने का रास्ता साफ हो गया। सरकार ने सत्र के लिए जिन तीन नए विधेयकों को भी सूचीबद्ध किया है, उनमें 'विमान वस्तुओं में हितों का संरक्षण विधेयक', 'त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय विधेयक' और 'आव्रजन और विदेशी विधेयक' शामिल ■ शेष पृष्ठ 6 पर

बैठक में 36 दलों के 52 नेता शामिल हुए

सर्वदलीय बैठक में 36 दलों के 52 नेता शामिल हुए। इसमें कहा गया है कि सभी मुद्दे जरूरी हैं लेकिन इस सत्र में शुक्रवार को राष्ट्रपति का अभिभाषण और आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया जाएगा जबकि शनिवार को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण बजट पेश करेंगी। सोमवार से संसद के दोनों सदनों में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा शुरु कराई जाएगी। बैठक में केंद्रीय मंत्री जे पी नड्डा, कांग्रेस के गौरव गोगोई, के सुरेश, जयराम रमेश, द्रविड़ मुनेत्र कषगम के टी.आर. बालू, तृणमूल कांग्रेस के सुदीप बंद्योपाध्याय, डेरेक ओ ब्रायन, एनएसीपी फौजिया खान, राष्ट्रीय जनता दल के मनोज झा समेत कई नेताओं ने हिस्सा लिया।

बजट सत्र में सभी मुद्दों को उठाएगा विपक्ष

इस बीच राज्यसभा में कांग्रेस के उपनेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) संसद के बजट सत्र में सभी मुद्दों को उठाएगा। सत्र से पहले सर्वदलीय बैठक से बाहर निकलते हुए तिवारी ने कथित महाकुंभ के कथित राजनीतिकरण की भी आलोचना की और कहा कि महाकुंभ के दौरान अतिविशिष्ट लोगों के लिए आवाजाही से आम आदमी के लिए मुश्किलें पैदा हो रही हैं। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी इस धार्मिक आयोजन के सत्तारूढ़ भाजपा से जुड़े वीआईपी लोगों की सभा बनने के मुद्दे को उठाएगी। सत्र के दौरान बढ़ती बेरोजगारी और किसानों की दुर्दशा का मुद्दा भी उठाया जाएगा। उन्होंने कहा कि 'इंडिया' आम लोगों की समस्याओं को उजागर करने के लिए सत्र में सभी मुद्दों को एक साथ उठाएगा।

यात्री विमान सेना के विमान से टकराया, नदी से 18 शव बरामद

वाशिंगटन/वार्ता। अमेरिका के वाशिंगटन डीसी में रीगन नेशनल एयरपोर्ट के पास बुधवार को एक यात्री विमान और सेना के ब्लैकहॉक हेलिकॉप्टर की टक्कर के बाद पोटोमैक नदी से 18 शव बरामद किए गए हैं। स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी।'सीएनएन' ने बताया कि जिस नदी में टकराया हुआ विमान दुर्घटनाग्रस्त हुआ था, वहां बचाव और राहत कार्य जारी है। घटनास्थल से अब तक चार घायलों को बाहर निकाला गया है और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस दुर्घटनाग्रस्त यात्री विमान का संचालन करने वाली अमेरिकन एयरलाइंस ने एक बयान में कहा कि विमान में 60 यात्री और चालक दल के चार सदस्य सवार थे। एयरलाइनर ने विमान में अपने प्रियजनों के लिए एक हॉटलाइन स्थापित की है। सीएनएन ने एक अमेरिकी रक्षा अधिकारी के हवाले से बताया कि ब्लैकहॉक पर तीन सैनिक सवार थे। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक बयान में कहा कि उन्हें भयानक दुर्घटना के बारे में पूरी जानकारी दी गई है और वह स्थिति की निगरानी कर रहे हैं और जानकारी पर अधिक विवरण प्रदान करेंगे। अमेरिकी रक्षा सचिव पीट हेगसेथ ने सोशल प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कहा कि पेंटागन स्थिति पर सक्रिय रूप से निगरानी कर रहा है और जरूरत पड़ने पर सहायता के लिए तैयार है।

देश में कोई भी कानून से ऊपर नहीं : सुप्रीम कोर्ट

आईपीएस अधिकारी से जुड़े मामले में सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी

नई दिल्ली (ए.)। एक मामले की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि देश में कोई भी कानून से ऊपर नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने एक व्यक्ति और उसकी अलग रह रही पत्नी के बीच के विवाद में यह टिप्पणी की। दरअसल व्यक्ति के वकील ने अदालत में कहा कि महिला आईपीएस अधिकारी है और इस वजह से उसके मुवक्किल को हमेशा परेशानी झेलनी पड़ेगी। इस पर जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज और जस्टिस के विनोद चंद्रन की पीठ ने कहा कि देश में कोई भी कानून से ऊपर नहीं है।

आपस में बैठकर विवाद सुलझा लें: पीठ ने कहा कि दोनों पक्षों को ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पूर्व उप मुख्यमंत्री के बेटे, बहू और पोती की हत्या, पांच को आजीवन कारावास

कोरबा/नवप्रदेश। अविभाजित मध्य प्रदेश के पूर्व उप मुख्यमंत्री स्वर्गीय प्यारेलाल कंवर के बेटे हरीश कंवर, पत्नी सुमित्रा कंवर और बेटी आशी कंवर की तीन साल पहले उसके घर के अंदर घूसकर योजना बनाकर बेरहमी से हत्या करने का मामला कुछ साल पहले सामने आया था। इस घटना से प्रदेश में सनसनी फैल गई थी,अब इस मामले में तीन साल तक चली सुनवाई के बाद कोर्ट ने पांच आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। आरोपियों में मृतक के बड़े भाई का साला और एक महिला सहित कुल पांच लोग शामिल हैं। मामले में पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की थी, जिसके आधार पर कोर्ट ने अपना फैसला सुनाया है। सरकारी अभिभाषक कृष्णा द्विवेदी ने बताया कि हरीश कंवर और उनके परिवार के अन्य सदस्य की निर्मम हत्या की गई थी।

मुख्य चुनाव आयुक्त पर बरसे केजरीवाल

नई दिल्ली (ए.)। अरविंद केजरीवाल ने यमुना जल विवाद को लेकर गुरुवार को मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार पर बड़ा हमला बोला। केजरीवाल ने कहा कि चुनाव आयोग राजनीति कर रहा है। राजीव कुमार को रिटायरमेंट पोस्ट चाहिए। इतिहास में कभी इलेक्शन कमिशन का कबाड़ा नहीं हुआ। मुझे पता है कि ये जेल में डाल देंगे। राजीव कुमार राजनीति कर रहे हैं। उन्हें राजनीति करनी है, तो चुनाव लड़ लें। प्रेस कॉन्फ्रेंस कर अरविंद केजरीवाल ने कहा कि हरियाणा से दिल्ली में पीने का पानी यमुना के जरिए आता है। ये कच्चा पानी होता है। इसे ट्रीट करते हैं। पिछले कुछ दिनों से जहरीला पानी आता है।

दिल्ली में गरजे अमित शाह, आप का मतलब झूठ, फरेब, धोखा

नई दिल्ली(ए.)। पांच फरवरी को होने वाले दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर राजधानी में राजनीतिक रैलियों और जनसभाओं का आयोजन जारी है। इस कड़ी में केंद्र गृह मंत्री एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने रोहिणी से भाजपा विधानसभा प्रत्याशी विजेंदर गुप्ता के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। गृह मंत्री ने अपने संबोधन में अरविंद केजरीवाल पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि केजरीवाल हार देखकर बौखला गए हैं। केजरीवाल झूठ बोलने और बहाने बनाने में नंबर वन हैं।

प्रदूषित पानी पीने के लिए दिल्ली को मजबूर किया

गृहमंत्री ने हमला बोलते हुए कहा कि केजरीवाल, चुनाव में अपनी हार को जान गए हैं, इसलिए इतनी हल्की राजनीति कर रहे हैं। केजरीवाल जी आपने यमुना को प्रदूषित करके, प्रदूषित पानी पीने के लिए दिल्ली को मजबूर किया है और आपने पानी के शुद्धिकरण, सड़कों की सफाई और जल बोर्ड के स्वच्छ पानी देने के सारे पैसे आप के भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा दिए हैं।

शीश महल के शीशे टूट जाएं

अमित शाह ने आगे कहा कि दिल्ली की जनता को कमल के निशान पर बटन दबाना है और भाजपा सरकार ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पीडब्ल्यूडी के तीन अफसरों के खिलाफ एफआईआर

पत्रकार मुकेश चंद्राकर ने सड़क भ्रष्टाचार मामले को किया था उजागर

बीजापुर(ए.)। बीजापुर जिले में सड़क निर्माण में हुए भ्रष्टाचार के मामले में लोक निर्माण विभाग ने तीन अफसरों पर भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज करवाई है। इसी सड़क निर्माण के भ्रष्टाचार को उजागर करने में पत्रकार मुकेश चंद्राकर की हत्या कर दी गई थी। मिरतुर से गंगालुर सड़क निर्माण में हुए भ्रष्टाचार को पत्रकार मुकेश चंद्राकर ने उजागर किया था। इसके बाद उसकी हत्या कर दी गई थी। मामले में ठेकेदार सुरेश चंद्राकर, उसके भाई रितेश चंद्राकर, दिनेश चंद्राकर और सुपरवाइजर महेंद्र रामटेके को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। अब इस मामले में लोक निर्माण विभाग के ईई मधेश्वर प्रसाद ने विभाग के पूर्व ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

चंडीगढ़ में बीजेपी ने कैसे किया चमत्कार

सुरक्षाबल ने कसा शिकंजा — *केंद्रीय गृहमंत्री शाह ने नक्सल मुक्त भारत के लिए मार्च 2026 की समय सीमा तय*

माओवादियों ने सेंट्रल कमेटी से हिडमा को किया बाहर

जगदलपुर/नवप्रदेश। माओवादियों की सर्वोच्च संस्था सेंट्रल कमेटी में करीब एक दर्जन सदस्य हैं, लेकिन माड़वी हिडमा अब उनमें शामिल नहीं है। सुरक्षाबल के लगातार बढ़ते दबाव के बीच माओवादियों ने नेतृत्व में परिवर्तन किया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने नक्सल मुक्त भारत के लिए मार्च 2026 की समय सीमा तय की है। इस समय सीमा के हिसाब से सुरक्षाबल अपने काम को अंजाम भी दे रहे हैं। लगातार धराशाई किए जा रहे छोटे-बड़े रैंक के नक्सलियों की वजह से सेंट्रल कमेटी का नए सिरे से गठन किया गया है। एक अधिकारी के अनुसार, वरिष्ठ माओवादी रामचंद्र रेड्डी उर्फ चलपति से जुड़ी हालिया मुठभेड़ से पहले तैयार किए गए डोजियर में उसे 12वें स्थान पर दिखाया गया था। हालांकि, अधिकारी ने कहा कि वह वास्तव में सेंट्रल कमेटी में शीर्ष 10 वरिष्ठ माओवादियों में से एक था। वहीं सेंट्रल कमेटी में सबसे युवा नक्सली 54 वर्षीय पतिराम मांझी है, जिसके सिर पर 1 करोड़ रुपये का इनाम है।

समिति में स्थान नहीं दिया

पहले हिड़मा केंद्रीय समिति को प्रभावित करने वाली प्रमुख आवाज़ों में से एक था। लेकिन उसे समिति में स्थान नहीं दिया गया है, लेकिन अभी वह 40 के दशक में ही है, इसलिए आने वाले दिनों में बदलाव हो सकता है। इनपुट बताते हैं कि 2017 के सुकमा हमले के बाद उसे पदोन्नत करते हुए बहुत महत्वपूर्ण पद पर रखा गया था। केंद्रीय समिति के साथ-साथ पूर्वी ब्यूरो में भी बदलाव हुए हैं। इस बीच केंद्रीय और राज्य दोनों की जानकारी के आधार पर मास्टर डोजियर से पता चलता है कि उत्तरी ब्यूरो- जिसमें पंजाब, उत्तर प्रदेश, हरियाणा और दिल्ली जैसे राज्य शामिल हैं- में भी कुछ बदलाव हुए हैं, एक अधिकारी ने नाम न बताने की शर्त पर बताया।

हथियारों की कमी

इसी तरह माओवादियों की केंद्रीय सैन्य समिति में 70 वर्ष से अधिक आयु के सदस्य शामिल हैं, सबसे कम उम्र का सदस्य 71 वर्ष का है। इनमें से कुछ कथित तौर पर स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से पीड़ित हैं। सूत्रों ने यह भी कहा कि केंद्रीय समिति के कुछ सदस्य भी अब पिस्तौल और पुरानी कार्बाइन लेकर चल रहे हैं। माओवादियों के पास पहले से ही हथियारों की भारी कमी है। मिशिर बेसरा, गणपति, चंद्री और अन्य जैसे नेता अब एके-47 या कोई अन्य स्वचालित हथियार नहीं रखते हैं।

मलकानगिरी में फिर मारे गए 2 कट्टर, इधर 29 नक्सलियों का आत्मसमर्पण

मलकानगिरी/नारायणपुर। *मलकानगिरी में पुलिस-नक्सली मुठभेड़ में फिर दो कट्टर माओवादी मारे गए। झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले के सारंडा जंगल में ओडिशा-झारखंड सीमा क्षेत्र में सुरक्षाकर्मियों और माओवादियों के बीच मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ में एक महिला माओवादी समेत दो माओवादी मारे गए। वहीं दूसरी ओर 29 माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण कल मलकानगिरी जिले की सीमा पर छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले के एसपी के सामने 29 माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया। ये सभी कुतुल एरिया कमेटी माओवादी संगठन के सक्रिय सदस्य थे। इनमें से 20 पुरुष और 7 महिला माओवादी थीं। पुलिस ने कहा है कि इन्हें 25,000 रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी और आने वाले दिनों में इनका पुनर्वास किया जाएगा। हालांकि, नारायण थाने में पहले कभी इतने नक्सलियों के आत्मसमर्पण करने का रिकॉर्ड नहीं रहा है। पुलिस ने कहा है कि इन नक्सलियों से पूछताछ के बाद कई अहम जानकारियां सामने आ रही हैं।*

महाकुंभ में हुई भगदड़ का मामला पहुंचा सुप्रीम कोर्ट, दायर की जनहित याचिका

नई दिल्ली/ए.। प्रयागराज महाकुंभ में भगदड़ से हुई मौत मामले में सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की गई है। याचिका में प्रयागराज महाकुंभ में हुई भगदड पर स्टेटस रिपोर्ट और इसके लिए जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की गई है। सुप्रीम कोर्ट के वकील विशाल तिवारी यह जनहित याचिका दाखिल की है।

याचिका में सभी राज्यों द्वारा कुंभ मेला क्षेत्र में सुविधा सेंटर खोलने की मांग की गई है जिससे गैर हिन्दी भाषी लोगों को सुविधा मिल सके। याचिका में मांग की गई है कि ऐसे आयोजनों में वीआईपी मूवमेंट सीमित किया जाए ज्यादा से ज्यादा स्पेस आम आदमी के लिए रखा जाए। याचिका में बड़े धार्मिक आयोजनों में भगदड़ से बचने और लोगों को सही जानकारी दिए जाने के लिए देश की प्रमुख भाषाओं में डिस्प्ले बोर्ड लगाने, मोबाइल, व्हाट्सएप पर राज्यों द्वारा अपने तीर्थयात्रियों को जानकारी दिए जाने की मांग की गई है। कुंभ जैसे बड़े धार्मिक आयोजनों में देश के दूसरे राज्यों से आने वाले गैर हिन्दी भाषी लोगों की सुविधा के लिए सभी राज्यों को कुंभ में मेडिकल हेल्प डेस्क स्थापित किए जाने की भी मांग की गई है।

कैसे हुआ था महाकुंभ में हादसा

मौनी अमावस्या के पावन अवसर पर संगम नोज पर अमृत स्नान करने की प्रबल इच्छा लिए श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। हर कोई इस पवित्र क्षण का भागीदार बनना चाहता था। इसके चलते वहां अप्रत्याशित भीड़ जमा हो गई।जो श्रद्धालु मौनी अमावस्या के दिन ही स्नान करने के लिए पहुंचे थे, उन्होंने बैरिकेडिंग के किनारे पॉलिथीन बिछाकर डेरा जमा लिया था। प्रशासन ने विभिन्न अखाड़ों के लिए सुबह 5 बजे से शुरू होने वाले अमृत स्नान के लिए अलग से रास्ता आरक्षित किया था।

रात लगभग 1 बजे स्नान के लिए जाने वाले रास्ते पर भीड़ अपनी क्षमता से अधिक हो गई। पुलिस और प्रशासन योजना के अनुसार बैरिकेडिंग से लोगों को घाट तक ले जाने और वापस लाने की व्यवस्था कर रहे थे। हालांकि, अप्रत्याशित भीड़ नियंत्रण से बाहर हो गई।

लगभग 1:45 बजे लोग अनियंत्रित होकर बैरिकेडिंग कूदकर संगम की ओर जाने लगे। इस भगदड़ में बैरिकेडिंग कूदने वाले लोग उन परिवारों पर गिर पड़े जो वहां सो रहे थे। इसके बाद भीड़ ने अचानक लोगों को रौंदना शुरू कर दिया, जिससे कई लोग घायल हो गए। तीर्थयात्रियों के पहुंचने से मची भगदड़ में 30 लोगों की मौत हो गई और 60 अन्य घायल हो गए।

महाकुंभ में झारखंड के परिवार को मिला 27 साल पहले खोया रिश्तेदार, बन गया अघोरी

धनबाद/ए.। झारखंड के एक परिवार ने बुधवार को दावा किया कि प्रयागराज में कुंभ मेले में उन्हें उनका खोया हुआ एक परिजन मिल गया है और इसके साथ ही 27 साल से जारी परिजन की तलाश अब समाप्त हो गई है। खोए हुए परिजन गंगासागर यादव अब 65 वर्ष के हैं और वह 'अघोरी साधु' बन गए हैं तथा अब उनका नाम बाबा राजकुमार है।

उनके परिवार ने बताया कि 1998 में पटना की यात्रा के बाद गंगासागर लापता हो गए थे। उनकी पत्नी धनवा देवी ने अपने दो बेटों कमलेश और विमलेश की अकेले परवरिश की। गंगासागर के छोटे भाई मुरली यादव ने कहा हम उन्हें दोबारा देखने की उम्मीद खो चुके थे लेकिन कुंभ मेले में गए हमारे एक रिश्तेदार ने गंगासागर जैसे दिखने वाले एक व्यक्ति की तस्वीर ली और हमें भेजी। इसके बाद मैं, धनवा देवी और उनके दो बेटों के साथ कुंभ मेला पहुंचा।

मेले में पहुंचने पर परिवार का सामना बाबा राजकुमार से हुआ, लेकिन उन्होंने गंगासागर यादव के रूप में अपनी पूर्व पहचान स्वीकार करने से इनकार कर दिया। बाबा राजकुमार ने वाराणसी का साधु होने का दावा किया और उन्होंने तथा उनकी साध्वी साथी ने पूर्व के किसी भी संबंध से इनकार किया।

जयंशकर ने दुबई के क्राउन प्रिंस से मुलाकात की

अबू धाबी/नई दिल्ली (वार्ता)। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की यात्रा पर गए विदेश मंत्री डा0 एस जयशंकर ने बुधवार को दुबई के क्राउन प्रिंस और उप प्रधानमंत्री एवं रक्षा मंत्री शेख हमदान बिन मोहम्मद से मुलाकात की और उन्हें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से इस वर्ष अप्रैल में भारत आने का निमंत्रण दिया। दुबई के क्राउन प्रिंस के कार्यालय से जारी बयान के अनुसार 'शेख हमदान को भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से इस वर्ष अप्रैल में देश आने का आधिकारिक निमंत्रण मिला है। यह निमंत्रण भारत के विदेश मंत्री डॉ. सुब्रह्मण्यम जयशंकर ने आज एचएच शेख हमदान के साथ बैठक के दौरान दिया।'

अमेरिका के पूर्व सीनेटर को 11 वर्ष की कैद की सज़ा

न्यूयॉर्क, (वार्ता)। अमेरिका में न्यू जर्सी के पूर्व अमेरिकी सीनेटर बॉब मेनेंडेज़ को गत जुलाई में रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार के आरोप में दोषी ठहराए जाने के बाद 11 वर्ष की कैद की सजा सुनाई गई। न्यूयॉर्क के दक्षिणी जिले के जिला न्यायालय के न्यायाधीश सिडनी एच. स्टीन ने जनवरी की शुरुआत में मेनेंडेज़ के वकीलों की ओर से दया की अपील प्रस्तुत करने के बाद उन्हें सजा सुनाई।

यूएस से 105 कोलम्बियाई नागरिक बोगोटा पहुंचे

बोगोटा(वार्ता)। कोलम्बियाई वायु सेना का एक विमान बुधवार को अमेरिका से निकाले गए 105 कोलम्बियाई नागरिकों के साथ बोगोटा में उतरा। यह मौजूदा सप्ताह में इस तरह की तीसरी उड़ान है। विदेश मंत्रालय ने अपने बयान में कहा, निर्वासित लोग सुबह-सुबह कैलिफोर्निया के सैन डिएगो से यहां पहुंचे। बयान के अनुसार, सरकार विदेश में अपने नागरिकों के अधिकारों और गरिमा को सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। यहां मंगलवार को दो पिछली उड़ानें उतरीं, जिनमें कुल 201 कोलम्बियाई नागरिक वापस लौटे थे।

द.सूडान: विमान दुर्घटना में 20 लोगों की मौत

जुबा (वार्ता)। दक्षिण सूडान के यूनिटी स्टेट में तेल श्रमिकों को ले जा रहा एक छोटा विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें 20 लोगों की मौत हो गई। सीएनएन ने अधिकारियों के हवाले से बताया कि जुबा की राजधानी जा रहे यूनिटी ऑयलफील्ड हवाई अड्डे पर बुधवार सुबह विमान दुर्घटना में 20 लोगों की मौत हो गयी, जिनमें एक भारतीय और चीन के दो नागरिक शामिल थे।

अल-शरा को अंतरिम राष्ट्रपति किया नियुक्त

दमिश्क(वार्ता)। सीरिया के सैन्य संचालन प्रशासन ने बुधवार को संक्रमणकालीन अवधि के दौरान अहमद अल-शरा को राष्ट्रपति नियुक्त करने की घोषणा की, जिससे उन्हें स्थायी संविधान की पुष्टि होने तक अंतरिम विधान परिषद स्थापित करने का अधिकार मिल गया। प्रवक्ता हसन अब्देल गनी ने बताया कि श्री अल-शरा अंतरिम राष्ट्रपति के रूप में काम करने के साथ ही अंतरराष्ट्रीय मंचों पर सीरिया का प्रतिनिधित्व करेंगे। उन्होंने सभी सैन्य गुटों और क्रांतिकारी राजनीतिक निकायों के सरकारी संस्थानों में एकीकरण के साथ उन्हें तत्काल भंग करने की भी घोषणा की। दमिश्क में आयोजित विजय सम्मेलन के दौरान यह घोषणा की गई।

फिलिस्तीन के पांच लाख विस्थापित गाजा लौटे

गाजा (वार्ता)। फिलिस्तीन के पांच लाख से अधिक विस्थापित नागरिक पिछले 72 घंटों के दौरान गाजा वापस लौटे हैं। हमास की ओर से संचालित मीडिया कार्यालय ने बुधवार को कहा, पिछले 72 घंटों में पांच लाख से अधिक विस्थापित फिलिस्तीनी दक्षिणी और मध्य प्रांतों से अल-रशीद और सलाह अल-दीन सड़कों के जरिये गाजा और उत्तरी प्रांतों में लौट आए हैं। यह निर्णय सोमवार को इजरायल की ओर से फिलिस्तीनी नागरिकों को गाजा के उत्तरी हिस्से में लौटने की अनुमति देने के बाद लिया गया, जो कि हमास के साथ एक युद्धविराम समझौते के तहत हुआ। इस युद्धविराम ने 15 महीने तक चले संघर्ष पर विराम लगाया।

अमेरिका में अवैध प्रवासियों पर ट्रंप की सख्ती

अवैध प्रवासियों पर एक्शन में अमेरिका ग्वांतानामो खाड़ी में भेजने की तैयारी

- ग्वांतानामो की खाड़ी में 30,000 व्यक्तियों की प्रवासी व्यवस्था तैयार

वॉशिंगटन/ए.। अमेरिका अवैध प्रवासियों को लेकर बहुत सख्ती बरत रहा है। राष्ट्रपति पद की शपथ लेते ही ट्रंप ने अवैध प्रवासियों पर एक्शन लिए जाने के आदेश जारी कर दिए थे। द हिल की रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रंप ने बुधवार को कहा कि वह अवैध प्रवासियों को ग्वांतानामो की खाड़ी में भेजेंगे। उन्होंने खाड़ी में अवैध प्रवासियों के रहने की व्यवस्था करने के एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर करने की बात कही है।

प्रवासियों पर ट्रंप की सख्ती

ट्रंप का यह आदेश रक्षा विभाग और होमलैंड सुरक्षा विभाग को ग्वांतानामो की खाड़ी में 30,000 व्यक्तियों की प्रवासी व्यवस्था तैयार करने को लेकर है। द हिल की रिपोर्ट के मुताबिक, क्यूबा में इस फैसिलिटी का इस्तेमाल सैन्य कैदियों को रखने के लिए किया जाता है, इसमें 9/11 के हमलों में शामिल कई कैदी भी शामिल हैं।

30,000 बेड की व्यवस्था

ट्रंप ने रिले अधिनियम को कानून बनाने के लिए हस्ताक्षर वाले एक कार्यक्रम में कहा कि ग्वांतानामो खाड़ी में 30,000 बेड की व्यवस्था है। अमेरिकी लोगों को धमकी देने वाले खतरनाक अपराधियों को ग्वांतानामो खाड़ी में रखा जाता है। ट्रंप ने कहा कि हम नहीं चाहते कि वे लोग वापस आएं। इसीलिए उनको ग्वांतानामो भेजने का फैसला लिया है। ट्रंप का यह आदेश अमेरिका से अवैध प्रवासियों को बाहर भेजने की कोशिशों की दिशा में नया कदम है।

अमेरिका की खतरनाक जेल है ग्वांतानामो

ग्वांतानामो खाड़ी अमेरिकी सैन्य अड्डा है। यहां पर संदिग्ध आतंकवादियों को रखा जाता है। आतंकवाद के खिलाफयुद्ध में अमेरिका द्वारा यातना और दुर्व्यवहार के आरोपों के बीच यह चर्चा में आई। पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन प्रशासन ने फैसिलिटी ऑपरेशन्स को बंद कर दिया था। रिपोर्ट के मुताबिक, वहां अभी भी 15 कैदी हैं।

अवैध प्रवासियों की अब खैर नहीं!

अमेरिका में रह रहे अवैध प्रवासियों पर ट्रंप का रुख सख्त है। राष्ट्रपति पद की शपथ लेते ही उन्होंने बिना डॉक्युमेंट्स के रह रहे अवैध प्रवासियों को उनके देश वापस भेजने की बात कही थी। साथ ही उन्होंने अन्य देशों को भी ये चेतावनी दी थी कि अगर उन्होंने इन लोगों को वापस लेने से इनकार किया तो उनको इसके परिणाम भुगतने होंगे।

यूएस से इंपोर्ट होने वाले समानों पर टैक्स घटा सकता है भारत

नई दिल्ली/वॉशिंगटन। लगता है अमेरिका में ट्रंप काल आने का असर दिखने लगा है। भारत अमेरिका से इंपोर्ट होने वाले हाई-एंड गुड्स यानी स्टील, महंगी मोटरसाइकिल, इलेक्ट्रॉनिक आइटम पर टैरिफको कम कर सकता है। भारत अभी अमेरिका से 20 आइटम इंपोर्ट करता है। इनपर 100त से ज्यादा ड्यूटी लगती है। एक्सपर्ट के मुताबिक, भारत के इस तरह के कदम से संबंधित घरेलू उद्योगों पर कोई बड़ा असर पड़ने की संभावना नहीं है। ऐसा माना जा रहा है कि 1 फरवरी को बजट 2025 पेश करते हुए केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण इस बारे में स्पष्ट जानकारी दे सकती हैं। बुधवार को सूत्रों के हवाले से ये जानकारी मिली है। रिपोर्ट के मुताबिक, टैरिफमें कटौती की खबर ऐसे समय में आई है, जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत, चीन और ब्राजील को 'जबरदस्त टैरिफ मेकर्स' बताया है। ये तीनों देश ब्रिक्स ब्लॉक के फाउंडर मेंबर हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाउस ऑफरिपब्लिकंस में कहा, हम अब ऐसा नहीं होने देंगे। हम अमेरिका को सबसे पहले रखेंगे।

भारत की 2047 तक 1,800 गीगावाट हरित बिजली उत्पाद क्षमता पर नजर : जोशी

- अब तक 8.5 लाख सौर ऊर्जा संयंत्र लगाये जा चुके

नई दिल्ली/ए.। केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रल्हाद जोशी ने बुधवार को कहा कि भारत 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य के तहत 1,800 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता का दीर्घकालिक लक्ष्य हासिल करने पर विचार कर रहा है। जोशी ने यहां भारत ऊर्जा संक्रमण शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा, कुल मिलाकर, चीजें बहुत तेज हैं। अब हम 2030 (जब 500 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता हासिल की जाएगी) के बारे में नहीं सोच रहे हैं, हम 2047 के बारे में सोच रहे हैं।

जोशी के पास 'नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय' का प्रभार है। उन्होंने कहा कि 2030 के लिए जो भी योजना बनाई गई है, उसे पूरा किया जाएगा लेकिन हम 2047 (1,800 गीगावाट का लक्ष्य) के बारे में भी सोच रहे हैं। मंत्री ने कहा, हमारे पास प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 2047 के लिए एक दीर्घकालिक दृष्टि और खाका है।।। हम निश्चित रूप से 2030 तक 500 गीगावाट क्षमता हासिल कर लेंगे, यह पक्का है। हम 2047 तक 1,800 गीगावाट की क्षमता स्थापित करने के लिए भी काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि 2030 तक 500 गीगावाट एक अल्पकालिक योजना है और सरकार 2047 के लिए दीर्घकालिक लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित कर रही है। जोशी ने कहा, हम देश में लगभग 100 गीगावाट सौर क्षमता तक पहुंच गए हैं। आने वाले वर्षों में, हमें सालाना लगभग 50 गीगावाट नई क्षमता जोड़ने की उम्मीद है। यह वह गति है जिस पर हम आगे बढ़ रहे हैं।

जोशी ने कहा कि स्थापित नवीकरणीय ऊर्जा (आरई) क्षमता मार्च, 2014 के 75।52 गीगावाट से लगभग 200 प्रतिशत बढ़कर आज 220 गीगावाट हो गई है। छतों पर सौर ऊर्जा उपकरण लगाने की पहल, प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना के बारे में उन्होंने कहा कि अब तक 8।5 लाख सौर ऊर्जा संयंत्र लगाये जा चुके है।

नोबेल शांति पुरस्कार के लिए एलन मस्क नॉमिनेट

वॉशिंगटन/ए.। यूरोपीय संसद के स्लोवेनियाई सदस्य ब्रैंको ग्रिम्स ने एलन मस्क को 2025 के नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नॉमिनेट किया है। बता दें कि एलन मस्क दुनिया के सबसे अमीर लोगों में शुमार हैं और वह टेस्ला, स्पेसएक्स और एक्स जैसी कंपनियों के मालिक हैं। ग्रिम्स के मुताबिक यह नॉमिनेशन अभिव्यक्ति की आजादी के समर्थन में एलन मस्क के प्रयासों और वैश्विक शांति में उनके योगदान को देखते हुए किया गया है। ब्रैंको ग्रिम्स ने इस प्रस्ताव की पुष्टि करते हुए कहा, 'आज सफलतापूर्वक यह प्रस्ताव पेश किया गया है कि एलन मस्क, जो लगातार अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के मौलिक मानवाधिकार और शांति का समर्थन करते रहे हैं, उन्हें 2025 के नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया जाए'। इस नॉमिनेशन में मिले सहयोग के लिए उन्होंने आभार व्यक्त करते हुए कहा, 'इस चुनौतीपूर्ण प्रोजेक्ट में मदद करने वाले सभी सह-प्रस्तावकों और सहयोगियों का हार्दिक धन्यवाद।' एलन मस्क के नॉमिनेशन की इस खबर के बाद उनके समर्थकों के बीच काफी उत्साह है।

क्या है नोबेल पुरस्कार के लिए नामित करने की प्रक्रिया?

नोबेल शांति पुरस्कार के लिए किसी का चयन करने की प्रक्रिया बेहद कठिन और लंबी होती है। बता दें कि नामांकन की अंतिम तिथि 31 जनवरी होती है और इसकी शुरुआत अक्टूबर से ही कर दी जाती है। समय सीमा के बाद नामांकन मूल्यांकन के लिए फरवरी मं नोबेल समिति को लिस्ट सौंप दी जाती है। इसके बाद समिति वैध नामांकनों की समीक्षा करती है और आगे की जांच के लिए उम्मीदवारों की एक छोटी सूची तैयार की जाती है। इसमें स्थायी सलाहकारों और अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों की एक्सपर्ट रिपोर्ट्स का ध्यान रखा जाता है।

केजरीवाल को चुनाव आयोग की चिट्ठी

केजरीवाल बताए कहां मिलाया गया जहर

नई दिल्ली/ए.। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के यमुना के पानी में जहर मिलाने वाले बयान का चुनाव आयोग ने संज्ञान लिया है और केजरीवाल से सबूत मांगे हैं। आयोग ने केजरीवाल से कहा है कि पानी में अमोनिया का स्तर अधिक होना और पानी में जहर मिलाना दोनों अलग-अलग चीजें हैं। दोनों को एक साथ ना मिलाएं। आयोग ने केजरीवाल से कहा है कि वह कल सुबह यानी शुक्रवार सुबह ग्यारह बजे तक ठोक सबूत दें कि पानी में जहर मिलाया गया है। अगर जवाब संतोषजनक नहीं हुआ तो कार्रवाई की जाएगी। चुनाव आयोग के आधिकारिक दस्तावेज में कहा गया है, 'आयोग ने केजरीवाल को शिकायतों पर अपना जवाब, विशेष रूप से तथ्यात्मक और कानूनी पहलुओं के साथ साक्ष्यों के समर्थन के साथ प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है, ताकि आयोग मामले की जांच कर सके और उचित कार्रवाई कर सके। केजरीवाल को लिखे पत्र में चुनाव आयोग ने कहा कि ऐसे आरोपों के गंभीर परिणाम हो सकते हैं, जैसे क्षेत्रीय समूहों और पड़ोसी राज्यों के निवासियों के बीच दुश्मनी पैदा होने के साथ कानून-व्यवस्था की स्थिति उत्पन्न हो सकती है।

आयोग ने पूछे ये सवाल

- यमुना में किसने जहर मिलाया?
- यमुना में कौन सा जहर मिलाया गया?
- किस इंजीनियर ने जहर का पता लगाया?
- किस जगह जहर मिलाया गया?
- पानी में जहर फैलने से कैसे रोका गया?

केजरीवाल ने क्या दिया था बयान

'आप' ने सोमवार को हरियाणा में सत्तारूढ़ भाजपा पर जानबूझकर औद्योगिक कचरे को यमुना में डालने का आरोप लगाया था। आप संयोजक अरविंद केजरीवाल ने आरोप लगाया था कि बीजेपी नदी में 'जहर मिलाकर' लोगों को मारने की कोशिश कर रही है।इससे पहले दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी को लिखे पत्र में उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने आम आदमी पार्टी के यमुना नदी में जहर मिलाने के हालिया आरोप पर कड़ी आपत्ति व्यक्त करते हुए कहा था कि पानी में जहर मिलाने और नरसंहार के भ्रामक आरोप लोगों को भड़काने और राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरे में डालने के समान हैं।बता दें राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में सभी 70 विधानसभा सीटों के लिए 5 फरवरी को चुनाव होगा और नतीजों की घोषणा 8 फरवरी को होगी।

कनाडा की रिपोर्ट में नहीं मिला निज्जर की हत्या और भारत के बीच 'कोई ठोस संबंध'

कनाडा/ए.। कनाडा के एक आयोग की रिपोर्ट में कहा गया है कि यह साबित नहीं हुआ है कि कनाडाई सिख कार्यकर्ता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या का किसी अन्य देश से ठोस संबंध है। इस रिपोर्ट ने कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के उन आरोपों को दरकिनार कर दिया है, जिसमें उन्होंने निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंटों की संलिप्तता का आरोप लगाया था। दरअसल, सितंबर 2023 में ट्रूडो ने कहा था कि कनाडा के पास विश्वसनीय सबूत हैं कि जून 2023 में ब्रिटिश कोलंबिया में निज्जर की हत्या में भारत सरकार के एजेंट शामिल थे 'संघीय चुनाव प्रक्रियाओं और लोकतांत्रिक संस्थाओं में विदेशी हस्तक्षेप की सार्वजनिक जांच' शीर्षक वाली रिपोर्ट मंगलवार को जारी की गई। रिपोर्ट में आयुक्त मैरी-जोसे हॉग ने कहा, ''देश के हितों के विपरीत निर्णय लेने वालों को दंडित करने के लिए गलत सूचना का प्रयोग प्रतिशोधात्मक रणनीति के रूप में किया जाता है।''

उच्चायुक्त को वापस बुलाने की घोषणा

इस 123 पृष्ठ की रिपोर्ट में छह भारतीय राजनयिकों को निष्कासित करने का भी जिक्र है। इसमें कहा गया है, ''अक्टूबर 2024 में, कनाडा ने छह भारतीय राजनयिकों और वाणिज्य दूतावास अधिकारियों को निष्कासित कर दिया था।'' भारत ने भी छह कनाडाई राजनयिकों को निष्कासित कर दिया था और अपने उच्चायुक्त को वापस बुलाने की घोषणा की थी।

नई तकनीक... क्रिटिकल मिनरल्स को लेकर भारत बनेगा आत्मनिर्भर, सरकार ने लॉन्च की योजना

भारत का 16,300 करोड़ का मिशन एनसीएमएम चीनी एआई से तेज चौंकेगी दुनिया

नई दिल्ली। भारत सरकार ने नेशनल क्रिटिकल मिनरल्स मिशन के लॉन्च करने के साथ ही आने वाले कुछ वर्षों में इस क्षेत्र का बड़ा प्लेयर बनने की योजना बना चुका है। इस मिशन के तहत भारत सरकार कुल 34,300 करोड़ रुपये का खर्च करेगी। और इसके तहत भविष्य की जरूरतों के हिसाब से नई तकनीक के इस्तेमाल को बढ़ावा देने के लिए संसाधनों के इस्तेमाल और आपूर्ति पर जोर दिया जाएगा। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने महत्वपूर्ण खनिजों के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए बुधवार को 16,300 करोड़ रुपये के 'राष्ट्रीय महत्वपूर्ण खनिज मिशन' को मंजूरी दी है। अश्विनी वैष्णव ने बताया कि इस मिशन का उद्देश्य महत्वपूर्ण खनिजों के आयात पर निर्भरता को कम करना और आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करना है। सरकार के इस मिशन को एक गेमचेंजर के तौर पर देखा जा रहा है। बताया जा रहा है कि इस मिशन को अगले सात वर्षों में सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों से 18,000 करोड़ रुपये का निवेश भी मिलने की संभावना है।

इस मिशन से भारत को फायदा

भारत सरकार के इस मिशन से इस क्षेत्र में भारत को आत्मनिर्भर बनने में मदद मिलेगी। इस मिशन के आगे बढ़ने के साथ ही भारत इलेक्ट्रिक वाहनों, सौर ऊर्जा और हाई टेक उद्योगों के लिए भारत अपनी खुद की सप्लाई चेन तैयार कर सकेगा। इतना ही इससे आयात पर निर्भरता भी कम होगी। अभी तक चीन, ऑस्ट्रेलिया और अमेरिका से इन खनिजों के आयात पर काफी हद तक निर्भर है। इस मिशन की वजह से ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा मिलेगा। भारत सरकार का ये मिशन ग्रीन एनर्जी सोलर, विंड और ईवी क्षेत्र के लिए आवश्यक खनिजों की आपूर्ति को सुनिश्चित करेगा। और इस क्षेत्र में भारत गेम चेंजर बन सकेगा।

अमित शाह ने क्या कुछ कहा था

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा राष्ट्रीय महत्वपूर्ण खनिज मिशन को मंजूरी देने से देश एक स्व-संचालित विकास और परिवर्तन इंजन में बदल जाएगा।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 16,300 करोड़ रुपये के राष्ट्रीय महत्वपूर्ण खनिज मिशन को मंजूरी दी,जिसमें हरित ऊर्जा हस्तांतरण की दिशा में आत्म-निर्भरता प्राप्त करने और भारत की यात्रा को तेज करने के उद्देश्य से सात वर्षों में 34,300 करोड़ रुपये के कुल आउटले की परिकल्पना की गई है।उन्होंने इसे लेकर सोशल मीडिया साइट एक्स पर एक पोस्ट भी किया है।

कलेक्टर ने मतदान दलों के प्रशिक्षण का लिया जायजा, चुनाव कर्मियों के हैण्ड्स ऑन प्रशिक्षण पर दिया जोर

जिले में चार चक्र में होंगे नगरीय निकाय और पंचायत चुनावः कलेक्टर

बिलासपुर/नवप्रदेश। नगरीय निकाय चुनाव के लिए चल रहे मतदान कर्मियों के प्रशिक्षण का कलेक्टर अवनीश शरण ने जायजा लिया। प्रथम चरण के पहले दिन का प्रशिक्षण आज एक साथ लाल बहादुर शास्त्री स्कूल और शासकीय मल्टीपर्पज स्कूल में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण में लगभग 2 हजार मतदान अधिकारी एवं कर्मी शामिल हुए।

कलेक्टर ने दोनों स्कूल का दौरा कर प्रशिक्षण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने कर्मियों को बारीकी से मास्टर ट्रेनरों द्वारा दिये जा रहे प्रशिक्षण पर ध्यान देने के निर्देश दिए। ईव्हीएम मशीनों के हैण्ड्स ऑन प्रशिक्षण पर ज्यादा जोर दिया। उन्होंने स्थानीय चुनाव और अन्य चुनावों में अंतर को समझाते हुए ध्यान रखने योग्य प्रमुख बिन्दुओं को रेखांकित किया। प्रशिक्षण में ईव्हीएम के साथ एमपी एवं गोदरेज टाईप मतपेटियों के बारे में भी बताया गया। कलेक्टर ने कहा कि इस बार अच्छे मौसम में चुनाव हो रहे हैं। मतदान के दौरान न तो अधिक गरमी रहेगी और न ही ज्यादा ठण्ड। नगरीय निकाय एवं पंचायत चुनाव मिलाकर लगातार चार चक्र में चुनाव होंगे। प्रयास यह किया जा रहा है कि एक मतदान दल को दोबारा ड्यूटी ना लगे। यदि जरूरत पड़ भी गई तो उन्हें विश्राम का अंतराल देकर लगाया जायेगा। मतदान अधिकारियों के ठहरने और खाने पीने का इस बार बेहतर इंतजाम किया जा रहा है। कलेक्टर ने विशेषकर पंचायत चुनाव को लेकर कहा कि मतदान के उपरांत स्थल पर ही मतगणना किया जाना है। ग्रामीण क्षेत्र में एक मतदाता को 4 वोट डालने होंगे। पंच, सरपंच, जनपद सदस्य एवं जिला पंचायत सदस्य के। सभी का मतपत्र अलग-अलग रंगों का होगा। बड़ी सावधानी से एवं राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुरूप पारदर्शिता पूर्वक काम करें। किसी को न लगे कि उसके साथ अन्याय किया जा रहा है।

जिला पंचायत सदस्यों के लिए आज 25 प्रत्याशियों ने किया नामांकन दाखिल

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तहत आज नामांकन के चौथे दिन जिला पंचायत सदस्य के 25 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया। इनमें निर्वाचन क्षेत्र कमांक 6 तखतपुर से स्वाति राहुल शुक्ला, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 7 तखतपुर से होरी लाल माथुर ग्राम पचबहरा, क्षेत्र क्रमांक 8 तखतपुर से दिलीप अग्रवाल ग्राम निरतू, रामेश्वर निर्मलकर ग्राम लोखंडी, रवि कुमार साहू ग्राम पाली, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 10 मस्तूरी से दिकपाल सिंह ग्राम जूहली, हेमंत यादव ग्राम जांजी, नूरी दिलेन्द्र कौशिल ग्राम सीपत, राजेन्द्र धीवर ग्राम सीपत, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 11 मस्तूरी से अरूना चन्द्रप्रकाश सूर्या ग्राम महमंद, दुरपति अशोक सूर्यवंशी ग्राम जांजी, सुलोचना लक्ष्मी नारायण वर्मा ग्राम पंधी, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 12 मस्तूरी से दामोदर कांत ग्राम मस्तूरी, टीआर जोशी ग्राम रिसदा, जुगल किशोर ग्राम पचपेड़ी, मनोहर कुर्रे ग्राम मस्तूरी, पृथ्वी पाल ग्राम मुड़पार, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 13 मस्तूरी से सरोजनी भारद्वाज ग्राम धुवाकारी, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 14 मस्तूरी से नंदिता कैवर्त ग्राम बसंतपुर, राधा खिलावन पटेल ग्राम सोनसरी, सीमा रवि श्रीवास ग्राम लोहर्सी, सोनल मयंक साहू ग्राम लोहर्सी, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 15 कोटा से भोलाराम बैगा ग्राम पंचायत करहीकछार, ललिता बाई पैकरा ग्राम खैरझिटी, निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 16 कोटा से गीता बाई सलाम ग्राम भैंसाझार ने आज नामांकन दाखिल किया। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 3 फरवरी है।

रैली, सभा की अनुमति के लिए अफसर अधिकृत

नगरीय निकाय चुनाव के अंतर्गत बिलासपुर निगम क्षेत्र में चुनावी सभा एवं रैली की अनुमति देने के लिए दो अतिरिक्त तहसीलदारों को अधिकृत किया गया है। निगम के वार्ड क्रमांक 1 से 35 तक अनुमति जारी करने के लिए अतिरिक्त तहसीलदार गरिमा ठाकुर एवं स्टेनो टायपिस्ट मनोज यादव तथा वार्ड क्रमांक 36 से 70 तक की अनुमति के लिए अतिरिक्त तहसीलदार लखेश्वर प्रसाद किरण एवं सहायक ग्रेड 3 दीपक गुप्ता की ड्यूटी लगाई गई है। एडीएम एवं रिटर्निंग अफसर ने आवेदन मिलने पर अविलंब नियमानुसार रैली, नुक्कड़ सभा, जुलूस, आमसभा आदि के लिए अनुमति जारी करने के निर्देश दिए हैं।

■ न्यूज गैलरी

फेयर एंड फ्री इलेक्शन नहीं हो रहाः नीलेश

बिलासपुर/नवप्रदेश। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नीलेश बिश्वास ने कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत और स्थानीय चुनाव चल रहा है। इसमें एनसीपी ने 40 प्रत्याशियों को बी- फॉर्म दिया था। पार्टी ने 23 जनवरी को ही छत्तीसगढ़ राज्य के चुनाव आयुक्त को चुनाव लड़ने और इसके लिए चुनाव चिन्ह आवंटन के संबंध में जानकारी उपलब्ध करा दी थी। संबंधित जिला निर्वाचन अधिकारियों के पास जानकारी यह जानकारी वहीं से चुनाव तत्काल के आधार पर आनी चाहिए पर नहीं आई है और इसी आधार पर एनसीपी के प्रत्याशियों का चुनाव चिन्ह आवंटन संदेह में पड़ गया। इस समस्या को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी से संपर्क किया गया और उन्होंने कोई भी पत्र लेने से इनकार किया। ऐसे में बतौर पार्टी प्रमुख हमें उच्च न्यायालय जाने के अतिरिक्त कोई रास्ता नहीं है। आज ही माननीय उच्च न्यायालय में आवेदन पत्र याचिका प्रस्तुत कर रहे हैं और चुनाव रोकने की

लोयला स्कूल के कक्षा 9वीं के छात्र पर चाकू से हमला

अभाविप और एनएसयूआई के प्रदर्शन के बाद भी लोयला स्कूल प्रबंधन की मनमानी

बिलासपुर/नवप्रदेश। लोयला स्कूल हमेशा विवादों के कारण सुर्खियों में बना रहता है। यहां आए दिन छात्रों के साथ मारपीट व दुर्व्यवहार के मामले सामने आते रहते हैं। उसके बाद भी स्कूल शिक्षा विभाग कोई कार्रवाई नहीं करता है। बीते दिनों एक छात्र के कान से खून निकलने के मामले में अभाविप ने स्कूल का घेराव कर जमकर नारेबाजी की थी। वहीं शिक्षक को बर्खास्त करने की मांग की थी। दो दिन पहले एनएसयूआई ने भी स्कूल के प्राचार्य को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की थी। स्कूल शिक्षा विभाग के द्वारा नोटिस जारी होने के बाद स्कूल प्रबंधन ने आनन-फानन में आरोपी शिक्षक को बर्खास्त कर दिया है।

सरकंडा के जबड़ापारा निवासी श्रीजय कश्यप फार्मेसी का छात्र है। उसका छोटा भाई लक्ष्य लोयला स्कूल में पढ़ता है। बुधवार दोपहर करीब दो बजे स्कूल की छुट्टी के समय श्रीजय अपने भाई को लेने स्कूल पहुंचा। जब वह लक्ष्य को कार तक ले जाने लगा, तो गेट के पास खड़े कुछ छात्रों ने उसे रोककर लक्ष्य के बारे में पूछताछ की। श्रीजय ने जैसे ही बताया कि लक्ष्य उसका छोटा भाई है, छात्रों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। विवाद बढ़ने पर एक छात्र ने श्रीजय के सिर पर पीछे से ईंट मार दी। इसी बीच दो अन्य छात्रों ने लक्ष्य को पकड़कर जमीन पर गिरा दिया। तभी एक छात्र ने चाकू निकालकर लक्ष्य के पेट में वार कर दिया। हमला होते ही लक्ष्य लहूलुहान हो गया, जिसे देखकर हमलावर वहां से बाइक पर भाग निकले। घटना के बाद श्रीजय और उसके दोस्तों ने घायल लक्ष्य को अपोलो अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों की निगरानी में उसका इलाज जारी है। इधर, घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस ने अज्ञात छात्रों के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया है और उनकी पहचान कर गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है।

शिक्षा विभाग की कार्रवाई खानापूर्ति

लोयला स्कूल में अक्सर विवाद होते रहता है जिससे बच्चों के अभिभावक भी परेशान रहते हैं। स्कूल प्रबंधन के दबाव के चलते अभिभावक स्कूल की खामियों को उजागर नहीं करते हैं। वहीं स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा कड़ी कार्रवाई नहीं किए जाने पर प्रबंधन के हौसले बुलंद हैं, जिसके चलते लोयला स्कूल प्रबंधन अपनी मनमानी लगातार कर रहा है।

पॉवर कंपनी में मना गणतंत्र दिवस, तिरंगे को दी सलामी

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, बिलासपुर क्षेत्र मुख्यालय प्रांगण तिफरा में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य अभियंता ए.के.अम्बस्ट ने ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी तथा अध्यक्षीय उद्बोधन में विद्युत कंपनी एवं बिलासपुर क्षेत्र के विद्युत विकास की प्रगति से अवगत कराया।

इस अवसर पर बिलासपुर रीजन के 6 कर्मियों को उनके कार्यक्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य का प्रदर्शन करने के लिए पुरस्कृत किया गया। सर्वश्री बंशी लाल यादव दफ्तरी, रमेश कुमार श्रीवास कार्या. सहा. श्रेणी-एक, सौरभ मिश्रा कार्या.सहा. श्रेणी-दो, शिव शंकर साहू लाईन सहायक श्रेणी-दो, यशवंत कुमार राठौर तकनीशियन वितरण, सरिता मसीह स्टॉफ नर्स को पदक, प्रशस्ति पत्र एवं पारितोषिक राशि से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अति. मुख्य अभियंता डी.के.भोजक, अधीक्षण अभियंता जी.पी.सोनवानी, सुरेश जांगड़े एवं अन्य अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद रहे।

रतनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपकरणों का अभाव

■ **इलाज के लिए आने वाले निजी अस्पताल जाने मजबूर**

रतनपुर/नवप्रदेश। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रतनपुर पर दंत चिकित्सक तैनात है, पर उपचार के उपकरण नहीं है। वर्किंग डेंटल चेयर खराब पड़ी है। रोजाना दस से 15 दांत के मरीज आते हैं और चिकित्सक उन्हें परामर्श देकर वापस कर देते हैं।गरीब मरीजों को महज 25 किलोमीटर बिलासपुर जाना पड़ता है। मोटी रकम दे कर प्राइवेट हॉस्पिटल में उपचार कराया जा रहा है। नवंबर 2021 में दंत चिकित्सक की ओर से इस मामले में सीएमओ को पत्र लिखकर समाधान कराने की मांग की गई थी, पर कोई हल नहीं निकला।

रतनपुर सीएचसी पर दंत चिकित्सक डॉ.विक्रांत घोरे कई वर्षों से तैनात है। पर इलाज के नाम पर सिर्फ परामर्श ही मिल रहा है। जब इलाज ही नहीं तो डॉक्टर को मुफ्त तनख्वा क्यों?बिलासपुर जिले की सीमा धर्म नगरी न महामाया मंदिर पर स्थित सीएचसी पर आसपास के भारी संख्या में मरीज आते हैं। रोजाना दस से 15 मरीज दांत की समस्या वाले भी आते हैं। पर दंत चिकित्सक होने के बाद भी इन मरीजों को कोई लाभ नहीं मिल पा ये कैसा सरकारी तंत्र है प्रतिदिन महज़ 15 - 17 मरिज को देखने के 90 हजार से 1 लाख रुपये प्रति माह तंख्वा ले रहे दांत रोगियों के उपचार के लिए वर्किंग डेंटल चेयर की आवश्यकता होती है। सीएचसी में पुरानी वर्किंग डेंटल चेयर रखी है, पर वह पूरी तरह से खराब है।

दांत के मरीजों का उपचार नहीं

दांत साफ करने, उखाड़ने सहित 70 से अधिक औजारों की जरूरत होती है, सीएचसी में वह भी नहीं है। दांत की समस्या लेकर आने वाले मरीजों का कोई उपचार नहीं हो रहा है। दंत चिकित्सक भी उन्हें परामर्श देकर वापस कर देते हैं। ऐसे मरीजों को चिकित्सक के द्वारा मजबूरी में बिलासपुर सिम्स सहित सरकारी अस्पतालों में रेफर करना पड़ रहा है। जिससे मरीजों का उपचार भी नहीं हो पा रहा है और उन्हें परेशानी उठानी पड़ रही है।मरीजों का कहना जब रतनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दांतों का इलाज ही नहीं होती तो सरकारी तनख्वा डॉक्टर को मुफ्त में क्यों दिया जा रहा है।लोगो को सिर्फ परामर्श के लिए ही पर्ची कटवा कर लाइन में खड़े कर समय बर्बाद परेशान क्यों किया जा रहा है।

भुवनेश्वर एक्सप्रेस में दो अतिरिक्त एसी-3 कोच

बिलासपुर/नवप्रदेश। रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की बेहतर यात्रा सुविधा व अधिकाधिक यात्रियों को कंफ़र्म बर्थ उपलब्ध कराने हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से गुजरने वाली गाड़ी संख्या 12880/12879 भुवनेश्वर-एलटीटी-भुवनेश्वर एक्सप्रेस में दो अतिरिक्त एसी-3 कोच की सुविधा अस्थायी रूप से उपलब्ध कराई जा रही है। यह सुविधा गाड़ी संख्या 12880 भुवनेश्वर-एलटीटी एक्सप्रेस में 3 से 27 फरवरी तक एवं गाड़ी संख्या 12879 एलटीटी-भुवनेश्वर एक्सप्रेस में 5 फरवरी से 1 मार्च तक उपलब्ध रहेगी।

खिलाड़ी सकारात्मक सोच व खिलाड़ी भावना से खेलें: मेलाराम

■ **पंचायत स्तरीय क्रिकेट स्पर्धा में विभिन्न टीम दिखा रहे जौहर**

सीपत/नवप्रदेश। एससीसी क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में सीपत शासकीय कॉलेज के मैदान में क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया, जिसमें 32 से भी ज्यादा टीमों ने भाग लिया है। उद्घाटन मैच धनिया और कौड़िया के बीच खेला गया,जिसमें कौडिया ने विजय हासिल की। मैच का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में व्यापारी प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष मेलाराम साहू विशिष्ठ अतिथि एनटीपीसी सीपत इटंक यूनियन अध्यक्ष सलीम विरानी सीपत थाना प्रभारी गोपाल सतपथी एनपीटीसी इंटक यूनियन कार्यकारी अध्यक्ष ललित पगारे,

सीपत प्रेस क्लब अध्यक्ष प्रदीप पांडेय कांग्रेसी नेता मनोज खरे संदीप कौशिक सहित जनप्रतिनिधि शामिल रहे। मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश व्यापारी संघ अध्यक्ष के मेलाराम साहू ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल में कड़ी मेहनत और खेल भावना ही जीत का मार्ग प्रशस्त करता है, हार से खिलाड़ियों को अनुभव मिलती है और सकारात्मक सोच के साथ खेल को खेले, मैदान पर खिलाड़ी भावना दिखाएं। प्रथम पुरस्कार 30 हजार और ट्राफी मेला राम साहू द्वारा द्वितीय पुरस्कार 16 हजार व ट्राफी राजेंद्र धीवर सीपत सरपंच द्वारा तृतीय पुरस्कार 8 हजार व ट्राफी मनोज खरे द्वारा चतुर्थ पुरस्कार 51सौ व ट्राफी स्वर्गीय उषा देवी कौशिक के स्मृति में संदीप कौशिक द्वारा मैन आफ द सीरीज 3100 सलीम विरानी द्वारा , डीसी लाइब्रेरी के संचालक हिमांशु गुप्ता के द्वारा पुरुस्कार व इसके अलावा हैट्रिक छक्का चौका विकेट पर भी नगद इनामो की बौछार रखी गई है। मैच के दौरान काफी संख्या में सीपत क्षेत्र के क्रिकेट प्रेमी दर्शकों की भीड़ लगी रहती

भाजपा की जनकल्याणकारी कार्य ही बनेगा जीत का आधारः कौशिक

बिलासपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी नगरी निकाय चुनाव की तैयारी को लेकर जोर-जोर से जुड़ चुकी है। संगठन के विभिन्न स्तरों में लगातार बैठकों का दौर जारी है। इसी कड़ी में बिल्हा विधानसभा अंतर्गत सरगांव में नगरीय निकाय चुनाव 2025 के संदर्भ में नगर पंचायत सरगांव के भाजपा अधिकृत अध्यक्ष प्रत्याशी परमानंद साहू के चुनाव कार्यालय में आयोजित महत्वपूर्ण बैठक हुई।

बैठक में सभी वार्ड प्रत्याशी, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता गणों के संग चुनावी रणनीति, जनसंपर्क अभियान एवं संगठन की मजबूती

भाजपा कार्यकर्ताओं ने जीत के लिए कसी कमर

पर विस्तृत चर्चा की। इस बैठक की अध्यक्षता पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने की। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं को चुनाव के लिए तैयार हो जाने के लिए निर्देशित किया और संगठन की रणनीति से अवगत कराया। बैठक मे श्री कौशिक ने कहा कि पार्टी ने सभी नगर निगमों, नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों में जीत दर्ज करने का लक्ष्य तय किया है। उन्होंने कहा कि बिल्हा विधानसभा क्षेत्र के सभी वार्डो में पार्टी जिस भी प्रत्याशी को टिकट दी है, हमें संगठित होकर उस प्रत्याशी को विजयी बनाना है। श्री कौशिक ने कहा कि विधानसभा और लोकसभा के साथ ही उपचुनाव में जिस तरह से छत्तीसगढ़ में भाजपा का परचम लहराया है, वैसे ही आगामी चुनाव में भी भाजपा को जीताना है। इसके लिए सभी कार्यकर्ताओं को कमर कसनी होगी। उन्हें भाजपा के एक साल के कार्यकाल को लेकर जनता के बीच जाना है। ऐसे में जनता को अपने पक्ष में लाने की कोशिश सभी कार्यकर्ताओं को करनी होगी। सरकार की योजनाओं को उन तक पहुंचाना है। इसके साथ ही वार्ड स्तर पर बैठक के साथ कार्यकर्ताओं को घर-घर जाकर इन योजनाओं से जनता को रूबरू कराना होगा।

जिलाध्यक्ष दीपक सिंह ने दाखिल किया महापौर प्रत्याशी पूजा विधानी का बी फॉर्म

बिलासपुर/नवप्रदेश। आज भारतीय जनता पार्टी ने अपने महापौर प्रत्याशी पूजा विधानी का बी फॉर्म निर्वाचन कार्यालय में जमा किया भाजपा ने पूर्व में प्रदेश महिला मोर्चा का दायित्व निर्वहन कर चुकी पूजा विधानी को महापौर प्रत्याशी के रूप में चुनाव मैदान पर उतरा है। इस बात को लेकर निगम क्षेत्र में रहने वाली महिला वोटरों खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। आज पार्टी ने उनका बी फॉर्म विधिवत रूप से निर्वाचन आयोग को सौंप दिया। जिलाध्यक्ष दीपक सिंह ने बताया कि इस बार निगम चुनाव को लेकर भाजपा के पक्ष में अच्छा वातावरण देखने को मिल रहा है।

पुण्यतिथि

कांग्रेसजनों ने बापू की पुण्यतिथि मनाई

गांधी के वैचारिक एकता व सिद्धांत से मिली आजादीः पाण्डेय

बिलासपुर/नवप्रदेश। ज़िला कांग्रेस कमेटी (शहर/ग्रामीण) द्वारा 30 जनवरी को गांधी चौक में महात्मा गांधी की पुण्यतिथि मनाई ,उनके आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रध्दांजलि दी गई। शहर अध्यक्ष विजय पांडेय ने कहा कि गांधी जी से पहले स्वतन्त्रता आंदोलन बिखरा सा था, जिन्हें गांधी ने वैचारिक एकता, सिद्धांत और लक्ष्य निर्धारित कर एक सूत्र में पिरोया ,गांधी जी ने आंदोलन को व्यापक बनाने के लिए समाज के अंतिम व्यक्ति को जोड़ा और पद यात्रा की,उनसे मिले ,संवाद की और

सभी वर्गों के लिए कार्यक्रम बनाया गया,चरखा चला कर आत्मनिर्भर का संदेश दिया, सत्य-अहिंसा को अपना अमोघ अस्त्र बनाकर आगे बढ़े,गांधी जी ने तीन बड़े बड़े आंदोलन किया असहयोग आंदोलन, नमक आंदोलन और भारत छोड़ो आंदोलन और कई वर्ष जेल में रहे, अंततः अंग्रेज विवश हुए और 15 अगस्त 1947 को देश आज़ाद हुआ, फिर भी एक देश के अंदर 1925 से एक ऐसा विचार धारा चल रही थी , जो आवरण से देश भक्त बने थे पर वास्तविकता में अंग्रेजो के भारतीय जासूस थे, जो भोली भाली जनता को गुमराह करते थे। देश के आज़ाद होने से हतोसहित ये लोग जश्न की जगह तिरंगा को जलाया,पैरो तले कुचले इससे भी उनका दिल नही भरा तो 30 जनवरी 1948 को महात्मा गांधी जी की हत्या कर दी गई, महात्मा गांधी ने अंतिम शब्द हे राम कह कर चिर निद्रा में सो गए तब से देश के अंदर दो विचार धारा चली आ रही है एक गांधी के विचार सत्य -अहिंसा पर चलने वाले और दूसरे गांधी जी के विरोधी विचार । संयोजक ज़फ़र अली ,हरीश तिवारी ने कहा कि पोरबन्दर रियासत के दीवान कमरचन्द गांधी के घर 2 अक्टूबर 1869 को गांधी जी जन्म हुआ, बैरिस्टर की पढ़ाई की,पर वकालत की जगह गरीब जनता के लिये राजकोट की न्यायालय में अर्जी

स्कूलों में राष्ट्रपिता गांधी को दी श्रद्धांजलि

जिले की स्कूल और कॉलेजों में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल मझगांव, विकासखंड कोटा में महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर 2 मिनट का मौन धारण कर पुष्पांजलि अर्पित की गई! प्राचार्य शैलेश कुमार पांडेय ने गांधी जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला एवं स्वतंत्रता आंदोलन में उनके योगदान को रेखांकित किया। छात्र विदुषी तिवारी ने भजन वैष्णव जन तो तेरे कहिए गाकर सुनाया । इस अवसर पर शाला नायक प्रशांत जायसवाल एवं छात्र परिषद के सभी पदाधिकारी उपस्थित थे।

सुविचार

किसी अच्छे इंसान से यदि कोई गलती हो जाए तो उसे माफकर दो क्योंकि कचरे में गिरने से भी हीरे की कीमत कम नहीं होती। - अज्ञात

महाकुंभ हादसे पर राजनीति अनुचित

मौनी अमावस्या के दिन प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ में त्रिवेणी संगम पर श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ने के कारण जो हृदय विदारक हादसा हुआ है वह निश्चित रूप से दुःखदायक है। इस हादसे में 30 लोगों के मारे जाने और 90 लोगों के घायल होने से पूरा देश व्यथित है। किन्तु जो विपक्षी नेता प्रयागराज महाकुंभ पर आपत्तिजनक टिका टिप्पणी करके इस आयोजन में मीनमेख निकालते रहे हैं, उन्हें अब इस हादसे ने आयोजन को लेकर अपनी भड़ास निकालने का सुनहरा मौका दे दिया है और अब वे लाशों पर राजनीति पर करे रहे हैं, जो कतई उचित नहीं है। जिस आयोजन स्थल पर करोड़ों की भीड़ उमड़ रही हो वहां ऐसा कोई हादसा हो जाना आश्चर्य की बात नहीं है। ऐसा नहीं है कि किसी महाकुंभ में पहली बार ऐसी दुखद घटना हुई हो। 1954 में प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ के दौरान मची भगदड़ में 800 से ज्यादा लोगों की मौत हुई थी। उस समय तो वहां लाखों की संख्या में ही श्रद्धालु थे और देश की आबादी लगभग 40 करोड़ थी। इस बार के महाकुंभ में तो 40 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं के जुटने का अनुमान लगाया गया है। मौनी अमावस्या के दिन भी वहां एक करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं की भीड़ थी जिसमें दुर्भाग्य से भगदड़ की स्थिति निर्मित हो गई। लेकिन वहां तैनात सुरक्षाकर्मियों ने तत्काल स्थिति को संभाला और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। इतनी बड़ी भीड़ को संभालने में जो तत्परता दिखाई गई वह यदि नहीं दिखाई जाती तो हताहतों की संख्या और ज्यादा बढ़ सकती थी। इस घटना के बाद उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अब महाकुंभ के लिए व्यवस्था में व्यापक बदलाव किये हैं। वहां सुरक्षाकर्मियों की संख्या बढ़ाई गई है और पूरे मेला क्षेत्र को नो पार्किंग जोन घोषित कर दिया गया है। इसके साथ ही वीआईपी पास बंद कर दिये गये है। शासन प्रशासन की सजगता के कारण ही इस हादसे के बाद कुछ ही घंटों में स्थिति पूरी तरह से नियंत्रण में आ गई और इस हादसे के बाद भी मौनी अमावस्या के दिन लगभग साढ़े सात करोड़ लोगों ने गंगा में डुबकी लगाई। जो यह दर्शाता है कि वहां पर हादसे के बाद तत्काल ऐहतियाती कदम उठाये गये जिससे किसी भी श्रद्धालु को पुण्य स्नान करने में कोई दिक्कत नहीं हुई। घटना के दूसरे दिन भी सुबह के दो घंटों में ही एक करोड़ से अधिक लोगों ने वहां डुबकी लगाई है इस तरह महाकुंभ के 18 दिनों के भीतर महाकुंभ में श्रद्धालुओं की संख्या बढ़कर लगभग 30 करोड़ हो चुकी है। प्रयागराज शहर में अभी भी करोड़ों श्रद्धालु एकत्रित हैं इतनी बडी संख्या में श्रद्धालुओं को हर सुविधा उपलब्ध कराना आसान बात नहीं है। फिर भी उत्तरप्रदेश सरकार श्रद्धालुओं की सुविधा में कोई कोर कसर बाकी नहीं छोड़ रही है। विपक्षी नेताओं को चाहिए कि वे भले ही सरकार के इंतजामों की सराहना न करे, लेकिन आलोचना से भी बचें। यह ठीक है कि विपक्षी नेताओं को किसी भी घटना को लेकर सरकार से सवाल करने का हक है, लेकिन इसके नाम पर सियासत करना ठीक नहीं है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तरप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने इस घटना के लिए सीधे-सीधे उत्तरप्रदेश सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से इस्तीफे की मांग कर दी है। अखिलेश यादव यह भूल गये कि 2013 के महाकुंभ के दौरान जब वे उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री थे तब वहां मची भगदड़ में 42 लोगों की मौत हुई थी। तब तो उन्होंने इसे अपनी सरकार की लापरवाही का नतीजा नहीं माना था और न ही मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दिया था। कांग्रेस, राष्ट्रीय जनता दल और शिवसेना यूबीटी के नेताओं ने भी प्रयागराज हादसे को लेकर इसी तरह की टिका टिप्पणी शुरू कर दी है और इस हादसे के लिए योगी सरकार को जिम्मेदार ठहराकर उन पर निशाना साध रहे हैं। राजनीति करने के लिए और भी कई मुद्दे हैं। लाशों पर सियासत करना अनुचित है। बेहतर होगा कि इस हादसे पर सियासत करने से नेतागण बाज आयें।

भारत और कनाडा के बीच बढ़ता कूटनीतिक तनाव

कनाडा सरकार ने एक बार फिर भारत पर बेबुनियाद आरोप लगाकर भारत और कनाडा के बीच कूटनीतिक तनाव को बढ़ाने का काम किया है। कनाडाई आयोग की एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया है कि कनाडा के संघीय चुनाव को प्रभावित करने के लिए भारत ने कुछ राजनीतिक दलों के उम्मीदवारों को गुप्त रूप से वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई है। कनाडा ने इसका कोई प्रमाण नहीं दिया है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने कनाडा के इस आरोप का खंडन करते हुए स्पष्ट किया है कि भारत ने ऐसा कुछ नहीं किया है उल्टे कनाडा भारत के आंतरिक मामलों में लगातार हस्तक्षेप करता रहता है। गौरतलब है कि इसके पहले भी कनाडा की सरकार ने भारत पर यह आरोप लगाया था कि कनाडा में एक खालिस्तानी नेता निज्जर की हत्या के पीछे भारत के राजनयिकों को हाथ है। उस समय भी कनाडा ने अपने इस आरोप के बारे में भारत के मांगने के बावजूद कोई सबूत नहीं दिये थे। नतीजतन दोनों देशों के बीच तल्खी इस कदर बढ़ी की कि दोनों ने ही अपने अपने राजनयिकों को वापस बुला लिया था। अब तो कनाडा की जांच एजेंसी ने भी यह स्वीकार कर लिया है कि खालिस्तानी नेता की मौत के पीछे भारत का हाथ नहीं था। इसके बाद भी अब कनाडा भारत पर चुनाव को प्रभावित करने का अनर्गल आरोप लगाकर उल्टा चोर कोतवाल को डांटे वाली कहावत को चरितार्थ कर रहा है। बेहतर होगा कि कनाडा भारत के खिलाफ इस तरह के झूठे आरोप लगाना बंद करे अन्यथा दोनों देशों के बीच संबंध खराब होने का खामियाजा खुद कनाडा को ही भुगतना पड़ेगा।

दिल्ली चुनाव में निर्णायक होंगे दलित-ओबीसी मतदाता

रमेश सर्राफ

कहने को तो कांग्रेस भी पूरी सक्रियता से चुनाव लड़ रही है। मगर इंडिया गठबंधन में उनके साथी दलों द्वारा आम आदमी पार्टी को समर्थन देने के बाद कांग्रेस का मनोबल कमजोर हुआ है। इसी के चलते कांग्रेस का चुनाव प्रचार भी ज्यादा गति नहीं पकड़ पाया है। ऐसे में मुख्य मुकाबला आप व भाजपा के मध्य माना जा रहा है। दिल्ली विधानसभा के चुनाव में जो संघर्ष देखने को मिल रहा है उससे लगता है कि इस बार मुकाबला नेक टू नेक होने की पूरी संभावना नजर आ रही है। सभी दलो द्वारा मतदाताओं को लुभाने के लिये बड़ी-बड़ी धोषणा की जा रही है। पिछले लोकसभा चुनाव का ट्रेंड देखकर तो यही लगता है कि इस बार भाजपा, आआप व कांग्रेस में से कौन सी पार्टी सरकार बनायेगी यह कोई नहीं बता सकता है। इसका फैसला तो वोट डालकर दिल्ली के मतदाता ही करेंगे। जिस पार्टी के पक्ष में दिल्ली के मतदाता मतदान करेंगे। वही पार्टी दिल्ली में सरकार बनाएगी।

दिल्ली में विधानसभा चुनाव के लिए वोट डालने में अब कुछ दिनों का समय ही शेष रह गया है। वहां चुनाव प्रचार पूरे शबाब पर है। सभी दलों के बड़े नेता अपनी-अपनी पार्टी प्रत्याशियों को जीताने के लिए जमकर चुनाव प्रचार कर रहे हैं। पूरी दिल्ली में चुनावी चौसर बिछी हुई है। सट्टा बाजार में राजनीतिक दलों की हार-जीत के बड़े-बड़े दावे किए जा रहे हैं।

दिल्ली में किसकी सरकार बनेगी इसका पता तो 8 फरवरी को मतगणना के बाद ही चल पाएगा। मगर दिल्ली विधानसभा चुनाव में इस बार बड़ी कड़ी टक्कर देखने को मिल रही है। एक तरफ जहां सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) चौथी बार सरकार बनाने के प्रयास में लगी हुई है। वहीं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) भी चाहती है कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में उनकी पार्टी की सरकार बने ताकि केंद्र व राज्य का झगड़ा समाप्त हो। कहने को तो दिल्ली केंद्र शासित प्रदेश है। यहां की सरकार व मुख्यमंत्री के पास अन्य प्रदेशों की तरह पूरे अधिकार नहीं होते हैं। मगर दिल्ली का मुख्यमंत्री होना अपने आप में बड़ी बात है। दिल्ली से ही देश की सरकार चलती है। ऐसे में दिल्ली में जो सरकार बनती है उसके महत्व को नकारा नहीं जा सकता है।

दिल्ली विधानसभा चुनाव में इस बार दलित, जाट व गुर्जर मतदाताओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होने जा रही है। दिल्ली में 12 विधानसभा सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। यहां करीबन 18 प्रतिशत दलित मतदाता है। दिल्ली की आरक्षित 12 सीटों के अलावा 18 और ऐसी विधानसभा सीटे हैं जहां दलित मतदाताओं की संख्या 15 प्रतिशत से अधिक है। ऐसे में दिल्ली की 30 विधानसभा सीटों पर दलित मतदाताओं की भूमिका महत्वपूर्ण रहने वाली है।

दिल्ली में बवाना, सुल्तानपुर माजरा, मंगोलपुरी, करोल बाग, पटेल नगर, मादीपुर, देवली, अंबेडकर नगर, त्रिलोकपुरी, कोंडली, सीमापुरी, गोकलपुर विधानसभा सीट को अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित किया गया है। इसके अलावा करीबन 15 से 20 अन्य ऐसी सीटें है जहां दलित मतदाता निर्णायक भूमिका में रहते हैं। इसलिए दिल्ली विधानसभा की 70 में से करीबन 30 सीटों पर दलित मतदाताओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। 2020 के विधानसभा चुनाव में सभी 12 आरक्षित सीटों पर आम आदमी पार्टी के प्रत्याशियों ने चुनाव जीता था। इसलिए आम आदमी पार्टी का पूरा फोकस दलित मतदाताओं पर है। दिल्ली के अनुसूचित जाति के मतदाताओं में से 38 फीसदी जाटव और 21 फीसदी वाल्मीकि है।

पिछले लोकसभा चुनाव में अनुसूचित जाति के मतदाताओं के लिए देश भर में आरक्षित 84 लोकसभा सीटों में से भाजपा मात्र 30 सीट पर ही चुनाव जीत पाई थी। इंडिया गठबंधन के भाजपा द्वारा संविधान बदलने के नारे के कारण दलित मतदाता भाजपा से छिटककर विपक्षी खेमे में चले गए थे। इसी तरह दिल्ली में भी पिछले दो विधानसभा चुनाव में अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित सभी 12 सीटों पर आम आदमी पार्टी लगातार जीतती आ रही है। इसलिए अनुसूचित जाति के मतदाताओं को अपने

पक्ष में करने के लिए भाजपा व कांग्रेस इस बार के चुनाव में पूरा जोर लगा रही है।

भाजपा ने 12 आरक्षित सीटों के अलावा दो सामान्य सीटों मटिया महल से दीप्ति इंदौरा व बल्लीमारन से कमल बागड़ी को उम्मीदवार बनाया है। इस तरह भाजपा ने कुल 14 सीटो पर दलित उम्मीदवारों को मैदान में उतारा है। वहीं कांग्रेस ने भी नरेला से अनुसूचित जाति की अरुणा कुमारी को टिकट देखकर कल 13 सीटों पर दलित प्रत्याशियों को मैदान में उतारा है। भाजपा व कांग्रेस की रणनीति है कि दलित मतदाताओं को आम आदमी पार्टी से दूर किया जाए। आम आदमी पार्टी ने 12 आरक्षित सीटों पर ही अनुसूचित जाति के प्रत्याशियों को टिकट दी है। हरियाणा व महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में एक बार फिर दलित मतदाताओं का रुझान भाजपा की तरफहोने के चलते वहां भाजपा ने बड़ी जीत हासिल की थी। इसी से उत्साहित होकर भाजपा अनुसूचित जाति के मतदाताओं की बहुलता वाली सीटों पर विशेष चुनावी प्रबंधन कर चुनावी रणनीति बना रही है।

दिल्ली में जाट मतदाताओं की बहुलता वाली 10 सीटों महरौली, मुंडका, रिठाला, नांगलोई, मटियाला, पालम, नरेला, विकासपुरी, नजफगढ़ व बिजवासन पर आम आदमी पार्टी का कब्जा है। इस बार भाजपा आम आदमी पार्टी से इन सभी 10 सीटों को छीन कर अपनी वापसी का प्रयास कर रही है। भाजपा ने इस बार करीबन 14 टिकट जाट नेताओं को दी है। जिनमें पूर्व सांसद प्रवेश वर्मा नई दिल्ली से पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सामने चुनाव लड़ रहे हैं। वही आप सरकार में कैबिनेट मंत्री रहे कैलाश गहलोत भी बीजेपी टिकट पर बिजवासन से चुनाव लड़ रहे हैं। कैलाश गहलोत के भाजपा में जाने से आप के पास कोई बड़ा जाट नेता नहीं रह गया है जो जाट मतदाताओं को आप पार्टी से जोड़े रख सके। जबकि भाजपा ने पूर्व सांसद प्रवेश वर्मा को अरविंद केजरीवाल के सामने खड़ा कर दिल्ली के चुनाव को रोचक बना दिया है।

दिल्ली में गुर्जर मतदाताओं की भी बड़ी संख्या है। इनके प्रभाव वाली छतरपुर, मुस्तफाबाद, तुगलकाबाद, घोंडा, गोकुलपुरी, ओखला पर आम आदमी पार्टी का कब्जा है। वहीं बदरपुर, करावल नगर व पालम पर भाजपा का कब्जा है। दिल्ली के पूर्व सांसद व बड़े गुर्जर नेता रमेश बिधूड़ी को भाजपा ने मुख्यमंत्री आतिशी मार्लेना के खिलाफ चुनाव मैदान में उतार कर चुनाव को रोचक बना दिया है।

दिल्ली में मदनलाल खुराना व साहिब सिंह वर्मा के बाद हमेशा बाहरी व्यक्ति ही मुख्यमंत्री बनता रहा है। सुषमा स्वराज, शीला दीक्षित, अरविंद केजरीवाल, अतिशी मार्लेना जैसे लोग दिल्ली के मूल निवासी नहीं है। इसलिए दिल्ली के लोग चाहते हैं कि अब की बार दिल्ली का ही रहने वाला नेता दिल्ली का मुख्यमंत्री बने ताकि उसे दिल्ली की असली नब्ज व समस्याओं की बखूबी जानकारी हो। जाट मतदाता चाहते हैं कि साहिब सिंह वर्मा के बाद एक बार फिर उनके बेटे प्रवेश वर्मा को मुख्यमंत्री बनाया जाए ताकि दिल्ली का सर्वांगीण विकास हो सके। वही गुर्जर मतदाता रमेश बिधूड़ी को मुख्यमंत्री बनाने की का मांग कर रहे हैं।

कहने को तो कांग्रेस भी पूरी सक्रियता से चुनाव लड़ रही है। मगर इंडिया गठबंधन में उनके साथी दलों द्वारा आम आदमी पार्टी को समर्थन देने के बाद कांग्रेस का मनोबल कमजोर हुआ है। इसी के चलते कांग्रेस का चुनाव प्रचार भी ज्यादा गति नहीं पकड़ पाया है। ऐसे में मुख्य मुकाबला आप व भाजपा के मध्य माना जा रहा है।

दिल्ली विधानसभा के चुनाव में जो संघर्ष देखने को मिल रहा है उससे लगता है कि इस बार मुकाबला नेक टू नेक होने की पूरी संभावना नजर आ रही है। सभी दलो द्वारा मतदाताओं को लुभाने के लिये बड़ी-बड़ी धोषणा की जा रही है। पिछले लोकसभा चुनाव का ट्रेंड देखकर तो यही लगता है कि इस बार भाजपा, आआप व कांग्रेस में से कौन सी पार्टी सरकार बनायेगी यह कोई नहीं बता सकता है। इसका फैसला तो वोट डालकर दिल्ली के मतदाता ही करेंगे। जिस पार्टी के पक्ष में दिल्ली के मतदाता मतदान करेंगे। वही पार्टी दिल्ली में सरकार बनाएगी।

आज का इतिहास

नई दिल्ली/वार्ता। 1599 में 31 जनवरी के दिन ही ब्रिटेन की रानी एलिज़ाबेथ प्रथम के आदेश पर भारत में ब्रिटेन की पहली ईस्ट इंडिया कंपनी की स्थापना हुई थी। 1893 में आज ही के दिन अमेरिका में पहली बार 'कोका कोला' ट्रेडमार्क का पेटेंट किया गया था। 1915 में 31 जनवरी के दिन ही 'प्रथम विश्व युद्ध' के दौरान जर्मनी ने रूस के विरुद्ध जहरीली गैस का इस्तेमाल किया था। 1958 में आज ही के दिन ही अमेरिका ने पहले भू-उपग्रह का प्रक्षेपण किया था। 1962 में 31 जनवरी के दिन ही अमेरिकी देशों के संगठन ने क्यूबा को न शामिल करने का फैसला किया था। 1963 में आज ही के दिन मोर को भारत का राष्ट्रीय पक्षी घोषित किया गया था। 1968 में 31 जनवरी के दिन ही अमेरिका ने नेवादा में न्यूक्लियर टेस्ट किया था। 1972 में आज ही के दिन बीरेन्द्र बीर बिक्रम शाह नेपाल के 12वें राजा बने थे। 1979 में 31 जनवरी के दिन ही चीन ने सोवियत संघ को विश्वयुद्ध भड़काने वाला मुख्य देश होने का आरोप लगाया था। 1983 में आज ही के दिन कोलकाता में पहला शुष्क बंदरगाह शुरू हुआ था।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

पगली! मन बंज़र

पगली! मन बंज़र था मेरा अतृप्त और रसहीन कृपण और रूपहीन जड़वत इस पाषाण पर प्रेम-अन्न क्यों उपजा दिया पगली! मन बंज़र था मेरा हृदय अंकुर में तूने स्नेह क्यों जगा दिया बिसरी थी मन की लहरें उफनते ज्वार-भाटो को क्यों इसको तूने ग्रहण का चाँद दिखला दिया पगली! मन बंज़र था मेरा - **नीरज वर्मा नीर**

जीवन का असली

जीवन का असली मज़ा,लेते वे इंसान। जो दुनिया की दृष्टि में ,होते हैं नादान।। होते हैं नादान,मगर हों धुन के पक्के। संकट देख समक्ष,न होते हक्के बक्के। होते नहीं उदास,मिले वन या सिंहासन। रखनी है समदृष्टि,सिखाये ये ही जीवन।। - **डॉ बिपिन पाण्डेय**

खास पाती

जिसको जितना मिला उतना ही

जिसको जितना मिला उतना ही कम लगा ये मुआं इश्क भी ना, सबको विषम लगा ।। मौत उसके सिरहाने थी, वह लिपट गया धुंधलके में यमराज उसको सनम लगा ।। कोई नहीं बचा था, न गाड़ी, न गाड़ीवाला इकलौते उस शख्स को यह पुनर्जन्म लगा ।। जो यहाँ नहीं मिल पाते वो वहाँ मिलते हैं वो सुना, हंसा उसको यह सब वहम लगा ।। ख्वाब तो था शेरवानी और शहनाई का कमरे में कैद प्रेमी को हर कोई अधम लगा ।। सुना था पाने के लिए खोना भी पड़ता है उसने जान दे दी, उसको यह रसम लगा ।। देश में कई मुद्दे मुँह बाए खड़े हैं "वंदन" एक उसको......धर्म का मुद्दा अहम लगा ।। - **मनीष सिंह वंदन**

ईर्ष्या निकटता का भाव है आपसे

ईर्ष्या निकटता का भाव है।आपसे ईर्ष्या करने वाला कोई दूर का व्यक्ति नही होता। वो आपके निकट कोई रिश्तेदार या मित्र हो सकता है।ईर्ष्यालु के लक्षण एकदम दिखाई नहीं देते वो धीरे धीरे सामने आते हैं और एक दिन साफदिखाई देने लगते हैं। पहचान लो तो मुस्कुरा लेना चाहिए।यही सबसे अच्छा उपाय है। - **दिव्या राकेश शर्मा**

खोलकर दिल को दिखाना चाहता

खोलकर दिल को दिखाना चाहता था मैं तो हर रिश्ता निभाना चाहता था रास आयी ही नहीं उल्फ़त भी उनको रूह में जिनको बसाना चाहता था भूल जाता है उसे तो घर भी अपना दूर जो रोटी कमाना चाहता था उसको ठुकराया है दुनिया ने हमेशा एक दिल में जो ठिकाना चाहता था दर्द को खुद तक ही रखना है हमेशा 'मित्र' तू किसको बताना चाहता था - **मित्र ग़ाज़ियाबादी**

सुना है कि यह दुनिया वर्तुल सी

सुना है कि यह दुनिया वर्तुल सी दिखती है सफ़र में चलते-चलते कहीं पर हाथ छुट जाते है पर बिछोह!अथाह पीड़ा से भर देती है दिल को बिछड़ने वाले भी अक्सर अपने मन को मना लेते है विद्ध हृदय फिर से तरो-ताजा भले ही न हो पाए किसी एक परिस्थिति की बेड़ी इतनी मजबूत भी कब होती है जब कभी पृथ्वी सिकुड़ती जायगी तब सब एक-दूसरे से टकराते जाएंगे या फिर किसे मालूम है एक दिन हमसब एक ही कतार में होंगे। - **सपना चन्द्रा**

आज जीवन की एक नई शुरुआत करुँगी

आज जीवन की एक नई शुरुआत करुँगी, ऐ मेरे हमसफ़र मेरे पुराने शहर तुझे अलविदा कहूँगी, पूरी रात दिल इसी कश्मकश में रहा कि कैसा होगा नया सफर! पर,यह सुबह चिड़ियों की चहचहाहट ब्रह्ममुहूर्त की पावन बेला दिल के जख्म भर दिएँ और यह एहसास दिला रहें कि कदम बढ़ा कर तो देखो! एक नई शुरुआत करके तो देखो! मुझपर भी दिल लगा के तो देखो! क्या हुआ गर इस शहर ने तुम्हें रुला दिया, वह शहर जो आज भी तुम्हारे पहुंचने की बेसब्री से राह देख रहा उसे भी आज़मा के तो देखो...! - **डॉ.मधुबाला मौर्या**

परिवार में कुछ लोग ग्र्जड़ जैसे

परिवार में कुछ लोग ग्र्जड़ जैसे होते हैं जो तमाम कष्ट झेलते हुए भी मिट्टी में पड़े रहते हैं ताकि उनके घर की लोग और आने वाली पीढ़ी लाइफको खुशी से जी सकें बहारों के साथ झूम सकें बारिश के साथ भींग सके पतझड़ के साथ उन्हें नवजीवन मिले लेकिन, आनंद का जीवन जीते हुए,पत्ते/फूल/डालियाँ जड़ को नीची निगाह से देखते हैं भूल जाते हैं कि जीवन के सारे विष को अमृत में बदलकर हमें पल्लवित कर रहे हैं ,, और जड़ में नमक डालना शुरू कर देते हैं फिर एक दिन खुद भी खत्म हो जाते हैं... - **तनु देहलवी**

QUIZ TIME

1) दृश्य निर्यात और दृश्य आयात के मूल्य में अंतर को क्या कहते हैं?

2) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नए संसद भवन की आधारशिला कब रखी थी?

3) अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस कब मनाया गया?

4) जल निर्गम छिद्र किस प्रकार की स्थलाकृति में पाए जाते हैं?

5) हाल ही में नासा और किस देश की अंतरिक्ष एजेंसी दुनिया का पहला लकड़ी का उपग्रह लॉन्च करने के लिए शामिल हुई है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) व्यापार संतुलन / शेष (2) 10 दिसंबर 2020 (3) 21 फरवरी (4) चूना पत्थर (5) जापान

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेषः आज का दिन व्यवसायियो के लिए उत्तम रहेगा अधूरे कार्य पूर्ण होने से धन की आमद होगी नए अनुबंध भी मिल सकते है जिससे भविष्य की योजनाएं बलवती बनेंगी।

वृषः आज के दिन आपकी आध्यात्मिक रूचि बढ़ेगी सत्संग प्रवचनों का लाभ लेंगे इसके लिए यात्रा एवं खर्च भी अधिक रहेगा परन्तु मन कही और भटकने के कारण मानसिक रूप से संतुष्ट नहीं हो पाएंगे।

मिथुनः आज दिन भर असंयमित दिनचर्या के कारण शारीरिक रूप से शिथिलता रहेगी।

कर्कः आज आप संबंधों को लेकर ज्यादा गंभीर रहेंगे जिससे कुछ दिनों से चल रही पारिवारिक खटास में कमी आएगी।

सिंहः आज के दिन आप किसी के बनते काम में अकारण ही टांग अडायेंगे जिससे घर एवं बाहर के लोग नाराज रहेंगे। लोग आपसे स्वार्थ वश सामने से ही मीठा व्यवहार करेंगे।

कन्याः आज के दिन आप निश्चिन्त होकर प्रत्येक कार्य करेंगे आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर बनेगी जिससे आज हानि लाभ का कोई विशेष प्रभाव दिनचर्या पर नहीं रहेगा।

तुलाः आज का दिन भी बेवजह की गरमा-गरमी होने से अशान्त रहेगा।

वृश्चिकः आज के दिन आप कार्यो से समय निकाल मन्त्र-टोटको पर प्रयोग करेंगे जिसमे कोई सफलता ना मिलने से समय एवं धन दोनों व्यर्थ होने की संभावना अधिक रहेगी।

धनुः आज के दिन आप सभी कार्यो में लापरवाही करेंगे अथवा जल्दबाजी में करने का प्रयास करेंगे जिसमें हानि निश्चित रहेगी।

मकरः आज के दिन कई मांगलिक प्रसंग बनने से मन शांत रहेगा।

कुंभः आज के दिन आप सभी कार्यो में लापरवाही करेंगे अथवा जल्दबाजी में करने का प्रयास करेंगे जिसमें हानि निश्चित रहेगी। पारिवारिक वातावरण आपके व्यवहार पर केंद्रित रहेगा।

मीनः आज का दिन आपकी अपेक्षाओं के अनुसार रहेगा।

प्रेरक प्रसंग

शब्दों की गहराई

अमरीकी उपन्यास के अनुवाद में कुछ शब्दों को लेकर आने वाली परेशानी के सिलसिले में अमृता जी 'अमरीकी दूतावास' को चि?ठ्ठी लिखी। दूतावास के श्री हरिवंश सिंह ने इन शब्दों के साथ शब्दकोश भेजा -जी को इस शब्दकोश के तमाम अच्छे शब्दों के साथ।' इस पर अमृता जी की प्रतिक्रिया थी-"

आश्चर्य ! जब शब्दकोश के बुरे-से-बुरे शब्द मेरे लिए इस्तेमाल किये जा रहे हों, तब सभी अच्छे शब्द चुन कर मुझे देने का किसी को खयाल आया।" सच, शब्दों की गहराई को लेखक की आत्मा ही अनुभव कर पाती है।

आज का पंचांग

सूर्योदय : 07:14, सूर्यास्त : 05:55, चन्द्रोदयः : 07:49, चन्द्रास्तः :18:49, अयन : उत्तरायणे (दक्षिणगोलीय), ऋतुः :? शिशिर, शक सम्वतः : 1946 (क्रोधी), विक्रम सम्वतः : 2081 (काल), मास : माघ, पक्ष : शुक्ल, तिथि : द्वितीया, नक्षत्र : शतभिषा, योग : वरीयान, प्रथम करण : बव (16:10 तक), द्वितीय करण : बालव (27:06 तक)।

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : मकर, चंद्र : कुम्भ (18:35 से), मंगल : मिथुन (उदित, पूर्व, वक्री), बुध : मकर (अस्त, पूर्व, मार्गी), गुरु : वृष (उदित, पश्चिम, वक्री), शुक्र : कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), शनि : कुम्भ (उदित, पूर्व, वक्री), राहु : मीन, केतु : कन्या।

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त : 12:09 से 12:52, अमृत काल : 20:03 से 21:33, विजय मुहूर्त : 14:18 से 15:01, गोधूलि मुहूर्त : 17:50 से 18:16, सायाह्न सन्ध्या : 17:52 से 19:12, निशिता मुहूर्त : 24:04 से 24:57, राहुकाल : 10:30 से 12:00, राहुवास : दक्षिण, यमगण्ड : 07:08 से 08:29, दुर्मुहूर्त : 10:43 से 11:26, होमाहुति : सूर्य, दिशाशूल : दक्षिण, अग्निवास : पृथ्वी, चन्द्रवास : दक्षिण (पश्चिम 18:35 से), शिववास : श्मशान में (16:10 से गौरी के साथ)।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. रूचिकर लगने वाली, रूचि के अनुकुल, चुनी हुई 3. राजाओं के बैठने का आसन 6. श्रमिक 7. कार्य, काज 9. वाद्ययंत्र आदि बजाने वाला 10. सहारा, सहायक वस्तु 11. शर्म, लाज, हया 12. मक्खन, माखन 14. श्रीमती राबड़ी देवी इस प्रदेश की मुख्यमंत्री हैं 15. चंद्रमा, रजनीश, चांद 18. पुस्तक 20. अवधि, समय 21. तर्क वितर्क और कहा-सुनी, जबानी झगड़ा 22. सूरत, आकार 23. झुका हुआ, नत।

ऊपर से नीचे

1. पंद्रह दिन का समय, शुक्ल या कृष्ण पक्ष 2. आग बुझाने की मशीन 3. हिंदु विवाहित स्त्री के मांग में भरने का लाल चूर्ण 4. पराजय, माला 5. मुंह ढकने का कपड़ा, घुंघट 8. चंदन, दक्षिण का एक पर्वत 10. व्यवस्थित करना, सजाना, स्वभाव आदि का परिष्कार, शुद्ध संबंधी कृत्य 12. विशालता, बड़प्पन, महान होने का भाव 13. अड़चन, रुकावट 15. जमीन के अंदर गहरा और लंबा रास्ता, अच्छे रंग का 16. बेवकूफ, मूर्ख, अहमक 17. औसत के हिसाब से 18. कृषक 19. अधिक, ज्यादा।

1		2	■	3	4		5	■
	■	6				■	7	8
9			■		■	10		
	■	11		■	12		■	
■	13	■	■	14			■	■
15		16		■		■	■	17
	■		■	18		19	■	
	■	20			■	21		
■	22		■	23			■	

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 311 का हल

ज	ल	■	आ	वा	जा	ही	■	■
मा	■	खू	ब	■	दू	र	स्थ	■
ना	दा	न	■	सा	ग	■	ल	क्ष्य
■	न	ख	■	त	र	ल	■	■
■	वी	रा	न	■	■	च	ट	क
■	र	ब	■	आ	ज	क	ल	■
■	■	■	आ	ग	■	दा	ना	■
■	अ	ग	र	म	ग	र	■	क्रो
भा	भी	■	ती	न	■	■	व	ध

न्यूज गैलरी

38 वें नेशनल गेम में शामिल 12 तीरंदाज को मिला किट

रायपुर/नवप्रदेश । उत्तराखंड राज्य के देहरादून में 38 वां नेशनल गेम होने जा रहा है जिसमें छत्तीसगढ़ के 12 तीरंदाज खिलाड़ी भी शामिल होंगे। बुधवार को मुख्यमंत्री निवास में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इन खिलाड़ियों को किट का वितरण किया। इस दौरान उन्होंने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि खेलो को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार भरपूर कोशिश कर रही है। पिछले दिनों बस्तर ओलंपिक का आयोजन किया गया जिसमें यहां तीरांदाज खिलाडियों ने शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि बहुत जल्द ही इन खिलाड़ियों को कोच और उपकरण की व्यवस्था की जाएगी ताकि वे देश में छत्तीसगढ़ का नाम रौशन कर सकें। इस अवसर पर ओलंपिक संघ के महासचिव विक्रम सिसोदिया, भारतीय तीरंदाजी संघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कैलाश मुरारका उपस्थित थे।

आईपीएस नीतू कमल फिलहाल केंद्र में ही रहेंगी, प्रतिनियुक्ति बढ़ी

रायपुर/नवप्रदेश। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने छत्तीसगढ़ कैडर 08 बैच की आईपीएस नीतू कमल की केंद्रीय

प्रतिनियुक्ति दो वर्ष के लिए बढ़ा दी है। नीतू कमल अब मार्च 27 तक केंद्र में बनी रहेंगी। इस तरह से उनकी अवधि,7वर्ष हो जाएगी।नीतू, सीबीआई में डीआईजी पद पर पदस्थ है। 2008 बैच की आईपीएस नीतू कमल इससे पहले छग में कमान संभाल रही थीं। नीतू कमल केरल की रहने वाली और इंजीनियरिंग की पढ़ाई के बाद सिविल सर्विसेज जॉइन की थी और 2008 में वो आईपीएस बन गईं।

कारोबारियों को शातिरों ने लगाया चूना

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी में दो कारोबारियों से अलग-अलग पैटर्न में 4.81 लाख की ऑनलाइन ठगी हो गई। बीमा का पैसा दिलाने का झांसा देकर ठग ने कारोबारी से खाते में पैसा जमा कराया। उसके बाद ठग मोबाइल बंद कर गायब हो गया। बीमा का पैसा भी नहीं दिलया। इसी तरह कस्टमर केयर में फोन करने पर एक अन्य कारोबारी से भी ठगी कर ली गई। पुलिस ने बताया कि चंगोराभाठा में कारोबारी सुरेंद्र देवांगन रहते हैं। उनका रिलायंस कंपनी में पॉलिसी है जो 2025 में मैच्योर होने वाली है। सुरेंद्र के पास एक फोन आया, उसने खुद को बीमा कंपनी का अधिकारी बताया। उसने झांसा दिया कि उनकी पालिसी में गड़बड़ी हो गई है। इसको सुधारने के लिए कुछ चार्ज लगेगा। उनसे अलग-अलग किस्त में 3.81 लाख रुपए जमा कराया। उसके बाद ठग ने मोबाइल बंद कर दिया। इसी तरह की ठगी देवेंद्र नगर के कारोबारी संजय खानजो के साथ हुई। उन्होंने कुरियर के माध्यम से अपनी बेटी के पास मेडिकल की किताब बिलासपुर भेजी।

घुसपैठियों को खदेड़ने 2 हजार लोगों से पूछताछ कर रही पुलिस

रायपुर/नवप्रदेश। घुसपैठियों की पहचान कर खदेड़ने एभियान चलाकार लगभग 2 हजार बाहरी संदेहियों को बसों में भरकर पुलिस लाइन लाया गया है, जहां पुलिस सभी से पूछताछ कर रही है। एसएसपी समेत पुलिस के आला अधिकारी भी पुलिस लाइन पहुंचे हैं।छत्तीसगढ़ में घुसपैठियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी है। दुर्ग, कवर्धा के बाद अब राजधानी रायपुर में घुसपैठियों की पहचान की जा रही है। पुलिस ऐसे लोगों को उठाया है, जो शहर के अलग-अलग थाना इलाकों में बिना मुसाफिरी दर्ज कराए रह रहे थे. पश्चिम बंगाल, जम्मू कश्मीर, नार्थ ईस्ट, बिहार, क्समेत अन्य राज्यों के रहने वाले लोगों का वेरिफिकेशन किया जा रहा है. पुलिस आधार कार्ड मशीन से संदेहियों के डेटा को मैच कर रही। एसएसपी लाल उमेद सिंह ने बताया, बाहरी संदिग्ध लोगों का वेरिफिकेशन किया जा रहा है। संदिग्ध पाए जाने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

कानून व्यवस्था के लिए भी खतरा

घुसपैठियों के खिलाफ कार्रवाई जारी है. राजधानी रायपुर में घुसपैठ संदेहियों पर कार्रवाई को लेकर डिप्टी सीएम अरुण साव ने कहा, अवैधानिक रूप से रह रहे लोगों के कारण समस्या पैदा होती है। ये कानून व्यवस्था के लिए भी खतरा है। इनकी कोई आइडेंटिटी नहीं है इसलिए प्रशासन इस मामले को गंभीरता से लेकर कार्रवाई कर रही है. साव ने कहा, जो भी छत्तीसगढ़ में अवैध रूप से रह रहे हैं, उन पर कार्रवाई की जाएगी. वहीं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा है कि छत्तीसगढ़ में अपराध बढ़ रहा है, इस पर लगाम लगाने संदिग्ध व्यक्तियों पर कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए।

पुलिस का वेरिफिकेशन अभियान जारी

घुसपैठियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी है। पुलिस ने शहर के विभिन्न इलाकों से सैकड़ों से अधिक संदेहियों को हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने सभी बाहरी संदेहियों को पुलिस लाइन लाकर उनका वेरिफिकेशन शुरू कर दिया है। सूत्रों के अनुसार, हिरासत में लिए गए संदेहियों में बड़ी संख्या में पश्चिम बंगाल और जम्मू-कश्मीर के लोग शामिल हैं। यह लोग शहर के विभिन्न थाना क्षेत्रों में बिना किसी आधिकारिक मुसाफिरी दर्ज कराए रह रहे थे। पुलिस ने सख्त रुख अपनाते हुए इन सभी संदेहियों को बस में भरकर पुलिस लाइन पहुंचाया, जहां उनकी विस्तृत जांच की जा रही है। इस दौरान एसएसपी समेत अन्य पुलिस के आला अधिकारी भी पुलिस लाइन पहुंचे और पूरी स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। अरुण साव फिलहाल पुलिस इस मामले की गहराई से जांच कर रही है। संदेहियों के दस्तावेज और उनके शहर में रहने की वजहों की पुष्टि की जा रही है। पुलिस ने संकेत दिए हैं कि आगे भी इसी तरह की कार्रवाई जारी रहेगी ताकि शहर में किसी भी अवैध गतिविधि को रोका जा सके।

एक घंटे तक चली बैठक में हर पहलुओं पर हुई विस्तार से चर्चा

विपक्ष को मात देने साव के बंगले में हुई सियासी चक्रव्यूह की रचना

निकाय चुनाव 2025

चार मंत्रियों की बैठक में बनी रणनीति, डिप्टी सीएम अरुण साव व विजय शर्मा सहित मंत्री ओपी चौधरी, केदार कश्यप हुए शामिल

रायपुर/नवप्रदेश। नगरीय निकाय और त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के मद्देनजर उपमुख्यमंत्री अरुण साव के बंगले में गुरुवार को डिप्टी सीएम विजय शर्मा और मंत्री ओपी चौधरी व केदार कश्यप के साथ एक घंटे तक बैठक चली। इस दौरान निकाय व पंचायत चुनाव के संचालन को और गति देने के लिए मारक रणनीति बनाई गई। बताया जा रहा है कि इस बैठक के कई मायने हैं, लेकिन इतना तो साफ है कि निकाय और पंचायत चुनाव को लेकर एक बड़ा टारगेट तय किया गया है। इसमें चर्चा हुई कि किस तरह से जनता के बीच में कार्यकर्ताओं को प्रचार करना है। साथ ही विष्णुदेव साय के सुशासन में चल रही जनकल्याणकारी योजनाओं को जनता के बीच में ले जाना है। ताकि लोगों को सभी सरकारी योजनाओं को लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक को मिल सके। इसके लिए कुछ प्रचार सामग्री के साथ ही सोशल मीडिया के प्लेटफार्मों के ज्यादा से ज्यादा उपयोग करने की रणनीति बनाई गई।

भाजपा के सदस्यता अभियान के तहत मिली बड़ी सफलता ने अब पार्टी को और भी मजबूत करने का काम किया है। आज प्रदेश में करीब 60 लाख से अधिक कार्यकर्ता हैं। ऐसे में स्थानीय निकाय और पंचायत चुनावों में भाजपा को भारी सफलता दिलाने की रणनीति पर भी चर्चा हुई है। वैसे भाजपा की विष्णुदेव साय के सुशासन की प्रदेश में प्रचंड लहर चल रही है। इधर कांग्रेस में अंतर्कलह जिसका पूरा लाभ भाजपा को इस चुनाव में मिलने जा रहा है, इसमें कोई शक नहीं है कि विष्णुदेव साय सरकार की लोकप्रियता अपने चरम पर हैं। इसके पीछे कारण है कि भाजपा की भ्रष्टाचार मुक्त और पारदर्शी सुशासन की व्यवस्था, जो हर गैरकानूनी काम और भ्रष्टाचार के खिलाफ करने के साथ ही जनता के लिए सुलभ सरकार की परिभाषा गढ़ी जा चुकी है। पत्रकारों से बातचीत करते हुए अरुण साव ने कहा कि पूरे प्रदेश में कार्यकर्ता सम्मेलन किया जाएगा।

राहुल की झूठे वादों का जनता ने दिया जवाब

झूठे वादे के सवाल पर पलटवार करते हुए अरुण साव ने कहा कि राहुल गांधी की झूठी बातों और वादों का प्रमाण छत्तीसगढ़ के 3 करोड़ जनता ने बार-बार दिया है. उन्होंने 2018 के छत्तीसगढ़ विधानसभा के चुनाव में झूठा वादा किया था, उसे पूरे देश ने देखा है. वास्तविता यह है कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति भारत ही नहीं, बल्कि विश्व में विश्वनीयता है। वहीं कांग्रेस तो समाप्ति को ओर जा रही है।

हिन्दू-मुस्लिम कांग्रेस का रटा-रटाया आरोप

मुद्दे पर हिंदू-मुस्लिम के सवाल पर उन्होंने कहा कि ये कांग्रेस का रटा-रटाया आरोप है, बांग्लादेशी और रोहिंग्या के खिलाफ लंबे समय से कार्रवाई चल रही है. हर चीज को चुनाव से जोड़कर देखना कांग्रेस की आदत हो गई है, जबकि ये कानून व्यवस्था, राज्य और आम लोगों की सुरक्षा का मामला है. प्रशासन बांग्लादेशी और रोहिंग्या पर कार्रवाई कर रही है. यहां अवैध तरीके से रह रहे होंगे तो निश्चित ही कानून सम्मत कार्रवाई होगी।

धनपशु के रईसजादों मना डाला राजधानी की सड़क पर जश्न

जमकर आतिशबाजी कर जन्मदिन का केक काटने सड़क जाम किया

रायपुर/ नव प्रदेश। दौलत का नशा जब सिर पर चढ़ जाता है तो कुछ लोग हुड़दंग करने और दूसरों के लिए समस्या पैदा करने से भी बाज नहीं आते। ऐसा ही मामला राजधानी रायपुर से सामने आया है, जहां कुछ युवकों ने डीडी नगर थाना क्षेत्र में रायपुरा चौक ओवरब्रिज के नीचे सड़क पर गाड़ियां लगाकर रोड जाम कर दिया और जमकर हुड़दंग मचाया। इस दौरान उन्होंने केक काटने के साथ-साथ जमकर आतिशबाजी भी की, जिसके चलते सड़क के दोनों ओर करीब आधे घंटे तक गाड़ियों की लंबी कतार लग गई। राजधानी की सड़क पर जन्मदिन मनाने के नाम पर हुड़दंग मचाने का वीडियो जमकर वायरल हो रहा है।

मौजूदा समय में नगरीय निकाय चुनाव और त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के चलते पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता लागू है, इसके बावजूद बीच सड़क पर इन युवकों के हुड़दंग से यह तो साफ पता चलता है कि उन्हें पुलिस का किसी भी तरह का खौफ नहीं है।

बहरहाल इस मामले में हुड़दंगियों पर पुलिस द्वारा क्या कार्रवाई की जा रही है इसे लेकर किसी भी तरह की जानकारी सामने नहीं आई है। अब देखना है कि अपने शौक को पुरा करने के लिए सड़क जाम कर हुड़दंग मचाने वालों पर पुलिस क्या कार्रवाई करती है?

अनोखी शादी: बेटे के साथ बहू भी बारात में शामिल

पुरानी परंपरा को तोड़कर दिया सामाजिक संदेश

रायपुर/ नव प्रदेश । छत्तीसगढ़ के राजधानी में एक अनोखी बारात ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया। अग्रसेन धाम में रायपुर निवासी मुकेश गुप्ता के बेटे ऋषभ की बारात में एक नया परिवर्तन देखने को मिला। इस बारात में ऋषभ के साथ-साथ उनकी होने वाली पत्नी रुचि भी बराबर बैठकर बारात में शामिल हुईं। यह दृश्य देखकर लोगों ने परिवर्तन की इस पहल की सराहना की।मुकेश गुप्ता ने बताया कि उन्होंने यह फैसला अपने बेटे और बहू को बराबरी का दर्जा देने के लिए लिया है। उन्होंने कहा कि यह एक छोटा सा कदम है जो समाज में बदलाव ला सकता है। इस अनोखी बारात को देखकर लोगों ने गुप्ता परिवार को बधाई दी और उनकी इस पहल की सराहना की। यह एक अच्छा संदेश है जो समाज में महिलाओं के अधिकारों और समानता के बारे में जागरूकता फैलाता है। गुप्ता परिवार की इस पहल को समाज के लोगों ने भी सराहा। लोगों ने कहा कि यह एक अच्छी शुरुआत है और इससे समाज में महिलाओं के प्रति दृष्टिकोण में बदलाव आएगा। इस अवसर पर ऋषभ और रुचि ने भी अपने परिवार की इस पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह उनके लिए एक यादगार पल है और वे अपने परिवार की इस पहल के लिए आभारी हैं।

3.51 लाख में होगी परंपरागत और किफायती शादी

रायपुर/नवप्रदेश। बढ़ती महंगाई के जमाने में शादी का खर्च आम आदमी के लिए चिंता का विषय है। ऐसे में रायपुर के 'कमलाबाई पुखराज लोढ़ा चैरिटेबल ट्रस्ट' ने जैन समाज के हर वर्ग के लिए महज 3.51 लाख रूपए में गरिमामय और सुलभ विवाद प्रदान करने बीड़ा उठाया है।

'कमलाबाई पुखराज लोढ़ा चैरिटेबल ट्रस्ट' ने विवाह में होने वाले सभी परंपराओं, रीति-रिवाजों का विशेष रूप से ध्यान रखा है. रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत, ऋषभदेव मंदिर ट्रस्ट के कार्यकारी अध्यक्ष अभय भंसाली और ऋषभदेव मंदिर ट्रस्ट दादाबाड़ी के मार्गदर्शन में यह पहल की गई है. ट्रस्ट का उद्देश्य है कि समाज में समानता और एकता को प्रोत्साहित किया जाए. साथ ही विवाह खर्च में कमी लाना है।

पंडित से लेकर बैंड-बाजा का रहेगा इंतजाम

मिलेंगी ये सुविधाएं : योजना के तहत 3.51 लाख रुपये में कई तरह की सुविधाएं मिलेंगी. ट्रस्ट की ओर से 24 घंटे के लिए 20 एसी कमरे उपलब्ध कराए जाएंगे. दोनों पक्षों के लगभग 250 अतिथियों के स्वागत-सत्कार होगा। पंडित, बैंड-बाजा, घोड़ी, स्टेज, सजावट, संगीत, रिसेप्शन, स्वादिष्ट जैन भोजन के साथ 3 लोकल कार की सुविधा दी जाएगी. यह सभी सेवाएं रायपुर की बेहतरीन कैटरिंग और इवेंट मैनेजमेंट टीम द्वारा सूर्यास्त के पूर्व तक उपलब्ध कराई जाएंगी. योजना का लाभ लेने के लिए टोल फ्री नंबर 18002036640 पर संपर्क कर सकते हैं।

टामन सोनवानी का साला और उसकी पत्नी गिरफ्तार

नौकरी लगाने के नाम पर करोड़ों रुपये की ठगी

रायपुर/नवप्रदेश। सीजीपीएससी घोटाले के आरोपी छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के पूर्व चेयरमैन टामन सिंह सोनवानी का साला देवेंद्र जोशी है, जो पति-पत्नी दोनों मिलकर बड़े अधिकारियों से परिचय होना बताकर बेरोजगारों को सरकारी नौकरी लगाने का झांसा देते थे, फिर फर्जी नियुक्ति प्रमाण पत्र देकर बड़ी रकम ऐंठते थे। पूरा मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र का है।नौकरी लगाने के नाम पर आधा दर्जन लोगों से करोड़ों की ठगी का मामला सामने आया है। पुलिस ने राजेंद्र नगर निवासी आरोपी दंपत्ति देवेन्द्र जोशी एवं झगीता जोशी को गिरफ्तार किया है। 29 जनवरी को प्रार्थिया अंजना गहिरवार ने ठगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी. उन्होंने बताया था कि फरवरी 2021 को वह अपने परिवार के साथ मौसा मौसी देवेन्द्र जोशी एवं झगीता जोशी के घर आई थी, जहां बातचीत के दौरान उन्होंने नौकरी करने की इच्छा जाहिर की. इसके बाद देवेन्द्र जोशी ने बताया कि उसका बड़े अधिकारी से जान पहचान है, जो सेटिंग कर सरकारी नौकरी लगाते हैं. शासन में बड़े अधिकारी हैं। उनके माध्यम से सेटिंग होता है. फिर कुछ दिन बाद प्रार्थिया के मौसाजी देवेन्द्र जोशी मोबाइल वाट्सएप काल कर बताया कि अभी फूड इंस्पेक्टर का वैकेंसी निकला है। फार्म भर देना, इसमें 25,00,000 रुपए लगेगा. इस पर प्रार्थिया ने वर्ष 2022 में फूड इंस्पेक्टर का फार्म आनलाइन भरकर फूड इंस्पेक्टर का एक्जाम दिया।

परीक्षा के बाद देवेन्द्र जोशी ने फिर अंजना को मोबाइल से वाट्सएप काल कर फुड इंस्पेक्टर में गारंटी के साथ भर्ती कराने का आश्वासन दिया. कुछ दिन बाद जब रिजल्ट आया तो प्रार्थिया का नंबर कम आया था, जिसके बारे में देवेन्द्र जोशी को बताने पर उसके द्वारा कहा गया कि विशेष अनुशंसा में तुम्हारा करवा रहे हैं, तुम्हारा दूसरा रिजल्ट आएगा, जिसके करीबन 15 दिन के बाद देवेन्द्र जोशी ने विशेष अनुशंसा वाला रिजल्ट प्रार्थिया को दिया, जिसमें प्रार्थिया का नाम था।

किश्तों में दिए थे 25 लाख रुपए

कुछ दिन के बाद देवेन्द्र जोशी ने पूरी रकम की मांग की. इस पर प्रार्थिया द्वारा अलग-अलग किश्तों में देवेन्द्र जोशी एवं उसके पत्नि को डिमांड की पूरी रकम दी. इसके बाद प्रार्थिया ने ज्वाइनिंग के लिए बार-बार पूछा तो हो जाएगा बोलकर घूमाता रहता था, किंतु जब फुड इंस्पेक्टर का आखिरी चयन सूची जारी होने पर प्रार्थिया ने ऑनलाइन चेक की, जिसमें उसका नाम नहीं था. कुछ दिनों बाद प्रार्थिया को जानकारी मिली कि देवेन्द्र जोशी द्वारा गजेन्द्र लहरे, कुणाल देव, भुनेश्वर सोनवानी से भी 25-25 लाख रुपए लेकर नौकरी नहीं लगाकर धोखाधड़ी किया है। इसके बाद प्रार्थिया ने थाना सिविल लाइन में अपराध दर्ज कराया, पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना में लिया।

पुलिस ने आरोपियों को ऐसे धरदबोचा

नौकरी लगाने के नाम पर करोड़ों रुपए की ठगी की घटना को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने गंभीरता से लिया और थाना प्रभारी सिविल लाइन को आरोपियों की पतासाजी कर जल्द गिरफ्तार करने निर्देशित किया. वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन व थाना प्रभारी सिविल लाइन के नेतृत्व में थाना सिविल लाइन पुलिस की टीम ने घटना के संबंध में प्रार्थिया सहित अन्य पीड़ितों से विस्तृत पूछताछ कर आरोपियों की पतासाजी शुरू की। टीम के सदस्यों ने प्रकरण में मुखबीर लगाने के साथ ही आरोपियों के छिपने के हर संभावित स्थानों में लगातार रेड कार्यवाही कर आरोपियों की पतासाजी की। इसी दौरान टीम के सदस्यों को आरोपियों की उपस्थिति के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई, जिस पर आरोपी देवेन्द्र जोशी एवं झगीता जोशी को पकड़कर पूछताछ करने पर दोनों ने लोगों को अपने झांसे में लेकर नौकरी लगाने के नाम पर करोड़ों रुपए की ठगी करना स्वीकार किया।

अपर आयुक्त पंकज शर्मा ने नाला और तालाब सफाई का किया निरीक्षण

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर जिला कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक डॉक्टर गौरव सिंह के आदेशानुसार एवं नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार नगर निगम स्वास्थ्य विभाग द्वारा राजधानी शहर रायपुर निगम क्षेत्र के मुख्य मार्गो की सफाई को व्यवस्थित करने लगातार अभियान जनहित में जनस्वास्थ्य सुरक्षा को दृष्टिगत रखकर स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान के अंतर्गत चलाया जा रहा है। आज नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर अपर आयुक्त स्वास्थ्य पंकज शर्मा ने निगम स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर तृप्ति पाणीग्रही, कार्यपालन अभियंता स्वच्छ भारत मिशन रघुमणि प्रधान, जोन 5 जोन स्वास्थ्य अधिकारी संदीप वर्मा सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य सम्बंधित अधिकारियों की उपस्थिति में जोन 5 के क्षेत्र के अंतर्गत राजधानी शहर के सुन्दर

नगर मुख्य मार्ग के नाले की पोकलेन मशीन से सफाई करवाने के अभियान एवं मुख्य मार्ग सुन्दर नगर में रोहिणी पुरम तालाब की सफाई मित्रों की सहायता से तालाब के घाट एवं किनारों को स्वच्छ बनाने के मेन्युअल अभियान सहित नगर निगम एवं जोन 6 क्षेत्र के अंतर्गत रिंग रोड क्षेत्र में चलाये जा रहे स्वच्छता अभियान का प्रत्यक्ष अवलोकन कर सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

शराब पीकर चाकू मारा टिकरापारा में जघन्य हत्या

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर में अपराध का ग्राफ कम होने का नाम नहीं ले रहा है। यहां आए दिन चाकूबाजी, हत्या जैसे कई अपराधिक घटना सामने आ रही है। लगातार अपराधी पुलिस को चुनौती दे रहे हैं। ऐसा ही एक और मामला सामने आया है, जहां एक युवक ने अपने ही दोस्त को चाकू मारकर हत्या कर दी है। घटना के बाद अब पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर ली है। मिली जानकारी के अनुसार, घटना टिकरापारा थाना क्षेत्र का है। दरअसल, यहां दो दोस्त पहले एक साथ बैठकर शराब पीए, जिसके बाद शराब पीने को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपी ने अपने ही दोस्त को चाकू मारकर मौत के घाट उतार दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। बताया जा रहा है कि घटना देर रात की है। फिलहाल पुलिस युवक शव को पीएम के लिए भे दी है और आरोपी को गिरफ्तार कर पूछताछ कर रही है।

न्यूज गैलरी

डी.ए.वी.मुख्यमंत्री विद्यालय में हर्षोल्लास से मनाया गया गणतंत्र दिवस

दंतेवाडा । डी.ए.वी.मुख्यमंत्री विद्यालय में हर्षोल्लास से मनाया गया गणतंत्र दिवस -डी.ए.वी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल जावंगा में इस वर्ष 76 वां गणतंत्र दिवस समारोह मनाया गया। यह पर्व हमारे लिए गौरव और स्वाभिमान का पर्व है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद पंचायत गीदम के मुख्य कार्यपालन अधिकारी बलराम ध्रुव जी थे।प्राचार्य महोदय जी ने मुख्य अतिथि जो को पुष्प गुच्छ अर्पित कर उनका स्वागत किया। मुख्य अतिथि जी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि जी ने ध्वजारोहण किया, सभी ने मिलकर राष्ट्रगान गाए तथा झंडे को सलामी दी। प्रत्येक हाउस के विद्यार्थियों के द्वारा मार्च पास्ट किया गया। कार्यक्रम को गति प्रदान करते हुए विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम गीत, भाषण, कविता व नृत्य छोटे-छोटे नन्हे मुन्ने व बड़े बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए। मुख्य अतिथि जी में अपने उद्बोधन में कहा कि- आज का यह राष्ट्रीय पर्व ऐसा पर्व है जिसमें विभिन्न जाति, धर्म समुदाय एक साथ मिलकर इस पर्व को गरिमा पूर्वक मनाते हैं। यह दिन हमारे महान स्वतंत्रता सेनानियों को याद करने का दिन है। यह दिन वास्तव में हमारे लिए गर्वभरा गरिमामयी दिन है। बच्चे देश का भविष्य है, युवा पीढ़ी इस देश की भविष्य आगे चलकर अपने हाथों में संभालेंगे। ईश्वर से मैं यही कामना करता हूं कि वे उन्नति के शिखर पर निरंतर आगे बढ़ते रहें और देश के प्रति अपने कर्तव्य का पालन करते हुए देश को प्रगति के मार्ग पर प्रशस्त करें।

स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान का शुभारंभ

जिले में 30 फरवरी तक चलाया जाएगा

कांकेर/नवप्रदेश। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा आज कुष्ठ रोगियों के प्रति उनके योगदान को स्मरण करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. महेश शांडिया के मार्गदर्शन में जिले में गुरुवार 30 जनवरी से 13 फरवरी तक राष्ट्रव्यापी स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अभियान का उद्देश्य लोगों को कुष्ठ रोग के प्रति जागरूक कर 2027 तक कुष्ठ मुक्त भारत के लक्ष्य को हासिल करना है।

डी.एल.ओ. डॉ. सुनील कुमार सोनी ने बताया कि इस अभियान के तहत् कुष्ठ रोग से जुड़े कलंक और भेदभाव की गलत भ्रांतियों को मिटाने, लोगों में कुष्ठ रोग के प्रति जनजागरूकता फैलाने के उद्देश्य से जिले के समस्त मिडिल, हाई, हायर सेकण्डरी स्कूलों एवं कालेजों में कलेक्टर का संदेश व शपथ संस्था प्रमुख प्रधान अध्यापक, प्राचार्य द्वारा संपादित कराया जाएगा। साथ ही प्रश्नोत्तरी, रोलप्ले जैसे कार्यक्रम भी आयोजित होंगे। जिला एवं प्रत्येक विकासखण्ड में विकृति से बचाव तथा ग्रेड-2 विकृति वाले कुष्ठ रोगियों को विकृति मुक्त करने आरसीएस हेतु स्क्रीनिंग के लिये शिविर का आयोजन किया जाएगा। डॉ. ओ. पी. शंखवार डी.आई.ओ., रोहित वर्मा डीपीएम, ए.आर. बघेल प्रभारी जिला कुष्ठ सलाहकार द्वारा कार्यक्रम की संक्षिप्त जानकारी दी गई। अभियान के शुभारंभ कार्यक्रम में स्वास्थ्य अमला सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

शहर की सरकार बनाने विधायक ने डोर टू डोर किया प्रचार-प्रसार

■ शहर सरकार भाजपा की बनेगी : विधायक

कांकेर/नवप्रदेश। शहर की सरकार बनाने भाजपा ने अपना प्रचार प्रसार का शंखनाद करते हुए कांकेर विधानसभा के विधायक आशाराम नेताम ने आमापारा वार्ड में भाजपा प्रत्याशी नरेंद्र साहू के पक्ष में कार्यकर्ताओं के साथ जनसंपर्क कर वार्ड के जनताओ से मुलाकात किया और नगर पालिका एवं वार्ड में कमल खिलाने की अपील किया गया।इस दौरान अध्यक्ष प्रत्याशी अरुण कौशिक व पार्षद प्रत्याशी नरेंद्र साहू के लिए देवतुल्य जनता जनार्दन का अपार आशीर्वाद और समर्थन प्राप्त हुआ। उनके उत्साह से यह स्पष्ट है कि वे कांकेर में सुशासन लाने और सर्वांगीण विकास के लिए कमल खिलाने तैयार है।

जनपद उपाध्यक्ष जैन ने जनपद पंचायत क्षेत्र क्र. 06 से नामांकन भरा

कांकेर/नवप्रदेश। जनपद पंचायत क्षेत्र क्रमांक 06 सिदेसर, बागोडार भीरावाही टूराखार माकड़ी सिंगराय माकड़ीखूना के प्रत्याशी के रूप में पूर्व उपाध्यक्ष जनपद पंचायत कांकेर रोमनाथ जैन ने जनपद क्षेत्र के अपने सैकड़ो समर्थकों के साथ नामांकन रैली निकाल कर नामांकन फॉर्म जनपद पंचायत कार्यालय में जमा कर चुनाव का शंखनाद किया गया है।नामांकन भरने के बाद जनपद उपाध्यक्ष रोमनाथ जैन ने बताया कि पूर्व मे अपने द्वारा किए गए विकास कार्यों के साथ ही लोगों से जुड़ाव व लगातार जनसंपर्क के चलते क्षेत्र में अच्छा जन समर्थन मिल रहा है जिससे जीत सुनिश्चित है।

स्थानीय निर्वाचन हेतु नियुक्त प्रेक्षक ने किया अवलोकन एवं निरीक्षण

कांकेर/नवप्रदेश। नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन-2025 हेतु छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा प्रेक्षक नियुक्त किए गए हैं। इसी क्रम में कांकेर जिले के लिए नियुक्त प्रेक्षक श्री कुमार विश्वरंजन ने स्थानीय निर्वाचन से संबंधित विभिन्न शाखाओं, कार्यालयों और स्थलों का निरीक्षण किया। प्रेक्षक विश्वरंजन ने29 जनवरी को कलेक्टोरेट स्थित नियंत्रण कक्ष का अवलोकन कर जायजा लिया।

नगर पंचायत पटना में महिला मतदाता प्रभावी भूमिका में नजर आ रही

नगरीय निकाय चुनाव: पुरूष की अपेक्षा महिला मतदाताओं की संख्या अधिक

कोरिया/नवप्रदेश। कोरिया जिले में ग्राम पंचायत से नगर पंचायत बने पटना में पहली बार नगर पंचायत चुनाव होना है। निकाय चुनाव में इस बार जहा सहरी मतदाता में खुसी हैं तो वही ग्रामीण मतदाता में ग्राम पंचायत के कई योजनाओं का लाभ न मिलने से थोड़ी मायूसी हैं वही पटना नगर पंचायत में आधी आबादी ग्रामीण इलाकों से है जिससे धान बोनस व महतारी वंदन योजना का असर भी चुनाव में देखने को मिलने की संभावना हैं क्योंकि महिला मतदाताओं की संख्या पुरुषों से अधिक है।वही जिला व जनपद पंचायत को अपवाद स्वरूप छोड़ दें तो एक नगर पंचायत पटना में महिला मतदाता प्रभावी भूमिका में नजर आ रही हैं। जाहिर तौर पर इसका असर चुनाव में दिखाई देगा। विदित हैं कि कोरिया जिले के पटना नगर पंचायत में आगामी 11 फरवरी 2025 को चुनाव संपन्न होंगे। जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा निर्वाचन की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई।जहा भाजपा व कांग्रेश सहित छह महिला प्रत्याशी चुनावी मैदान में है । पटना नगर पंचायत में कुल 4,298 मतदाता ईवीएम के माध्यम से 15 वार्डों के लिए मतदान करेंगे। इनमें पुरुष मतदाता 2,099 और महिला मतदाता 2,199 हैं, यहाँ महिला मतदाताओं की संख्या पुरूष मतदाताओं से अधिक है, जबकि तृतीय लिंग मतदाताओं की संख्या निरंक है । मतदाता सूची पुनरीक्षण के बाद जो आंकड़ें सामने आए हैं इस देखकर तो एक बात साफहो गया है कि मौजूदा नगर पंचायत चुनाव में महिला मतदाताओं की भूमिका बेहद खास रहने वाली है। कोरिया जिले की राजनीति में यह पहली बार हो रहा है किसी निकाय के पहले चुनाव में जब महिला मतदाताओं की संख्या पुरुषों की तुलना में ज्यादा है। मतदाता सूची में मतदाताओं के दर्ज आंकड़े सत्ताधारी दल के लिए कुछ ज्यादा सुकून देने वाला हो सकता है किन्तु ग्रामीण अंचलों में धान की राशि एक मुश्त न मिलने से प्रत्याशी को नाराजगी भी देखने को मिलने की संभावना हैं । इन आंकड़ों को देखने के बाद लोगों की नजरें स्वाभाविकतौर पर राज्य शासन की उन योजनाओं पर जाकर टिक जाती है जो महिलाओं पर फोकस है। लोगों की जुबान पर एक बार फिर महतारी वंदन योजना आने लगी है। राज्य सरकार ने निकायों व पंचायत चुनाव के लिए आदर्श आचार संहिता लागू होने से पहले ही यह घोषणा कर दी है कि चुनाव के बाद महतारी वंदन योजना का फार्म दोबारा भरवाया जाएगा वही धान के अंतर की राशि भी केबिनेट बैठक में एकमुश्त देने की मंजूरी दी गई हैं किंतु कब मिलेगा यह तय नही हैं जिससे इन दोनों योजनाओं में उन महिला हितग्राहियों के लिए राहत भरी खबर है जिन्होंने किसी कारणवश फार्म नहीं भर पाई जिससे महतारी वंदन योजना के लिए दोबारा फार्म भराने और योजना के तहत महिलाओं को हर महीने मिल रही राशि का असर नगरीय निकाय व पंचायत चुनाव में देखने को मिलेगा या फिर नहीं। इस बात की चर्चा भी होने लगी है।वही धान के अंतर की राशि भी मिलने व नही मिलने को लेकर आम जनों में चुनावी चरचा का विषय बना हुआ है।

कितना प्रभावी रहेगी शासन की योजनाएं

प्रदेश में हुए विधानसभा चुनाव में महतारी वंदन योजना व धान का एकमुश्त देने जैसे प्रभावी योजना ने कांग्रेस के रणनीतिकारों की चुनावी रणनीति को एक तरह से फैल कर दिया था। महिलाओं के रुझान व धान की बढ़ी कीमत के चलते प्रदेश में भाजपा ने दमदार तरीके से वापसी की। वापसी के बाद योजना को मूर्तरूप दिया और हर महीने महिलाओं के बैंक खाते में एक हजार रुपये की राशि सरकार द्वारा जमा कराई जा रही है। महतारियों पर सरकार का भरोसा अब भी कायम है। किन्तु धान के अंतर की राशि एक मुश्त न मिलने से सरकार के वादों के प्रति थोड़ी नाराजगी है जिससे लोगों की जुबान पर एक बार फिर यह सवाल उठने लगा है कि क्या महतारी वंदन व धान के राशि के भरोसे भाजपा शहर और गांव में अपनी सरकार बनाने में कामयाब हो पाएगी।

चुनौतियों का सामना करें

कांकेर में परीक्षा पर चर्चा एवं जीवन कौशल प्रशिक्षण का सफल आयोजन

कांकेर/नवप्रदेश। विकासखंड नरहरपुर के अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल देवगांव में ज़िला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम की टीम द्वारा परीक्षा पे चर्चा एवं जीवन कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) डॉ. महेश सांडिया, अस्पताल अधीक्षक शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय कांकेर डॉ. विमल चंद्र भगत, नोडल अधिकारी मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम डॉ. किशोर कुमार ध्रुव और जिला सलाहकार डॉ. योगेश प्रजापति व आशीष जैन सायकेट्रिक नर्स के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को परीक्षा के दौरान होने वाले मानसिक तनाव को समझने और उससे निपटने के उपायों से अवगत कराना था। साथ ही जीवन कौशलों को विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से समझाकर छात्रों में सकारात्मक सोच को विकसित करना था, ताकि वे आने वाली चुनौतियों का सामना आत्मविश्वास के साथ कर सकें। इस कार्यक्रम में खगेन्द्र पटेल, योगेश ध्रुव और दुमेश्वर सिन्हा ने विशेष रूप से भाग लिया और छात्रों से संवाद करते हुए उन्हें तनाव मुक्त परीक्षा की तैयारी के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान छात्रों को यह भी बताया गया कि परीक्षा के मानसिक दबाव को कैसे कम किया जा सकता है और जीवन में सकारात्मक दृष्टिकोण को अपनाया जा सकता है। इस कार्यक्रम ने छात्रों को न केवल परीक्षा के दबाव से उबरने में मदद की, बल्कि उन्हें जीवन की अन्य मुश्किलों से निपटने के लिए भी प्रेरित किया। यह आयोजन एक सफलता के रूप में उभरा, जिसने छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य को प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

सरस्वती शिशु मंदिर में हुआ आनंद मेला और मातृ सम्मेलन

अंतागढ़। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सरस्वती शिशु मंदिर अंतागढ़ में मातृ सम्मेलन एवं आनंद मेला का आयोजन किया गया। जिसमें सरस्वती शिशु मंदिर के पदाधिकारी और सदस्य महेंद्र सिंह ठाकुर , रामविलास गुप्ता ,विकास सिंह सोलंकी , मनोज सिंहा एवं विद्यालय के प्राचार्य श्री महेश भवसार , आड़े सर समस्त आचार्य एवं दीदियाँ अभिभावक गण विद्यालय में प्रांगण में उपस्थित रहे सबसे पहले मां सरस्वती व भारत माता के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया सुबह मातृ सम्मेलन में महिलाओं द्वारा गीत भजन किया गया उसके पश्चात खेलकूद का भी कार्यक्रम हुआ जिसमें बच्चों ने भाग लिया वही आनंद मेला का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों और पलक अपनी अपनी स्टाल लगाए जिसमें बड़ा समोसा गुपचुप भेलपुरी और अन्य सामग्री बच्चों पालक सहित मेला देखने आए नगरवासी ने बच्चों द्वारा बनाए सभी ने खाकर तारीफ किए सभी ने इस आनंद मेला का लुफ्त उठाए और कहा कि ऐसा कार्यक्रम हमेशा होते रहना चाहिए।

अध्यक्ष के लिए 7 नाम तो पार्षद के लिए 46 नामांकन पत्र

अंतागढ़/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में हो रहे नगरीय निकायों चुनाव का बिगुल बज चुका है और प्रत्याशियों की घोषणा दोनों राष्ट्रीय पार्टी भाजपा और कांग्रेस कर चुकी हैं नामांकन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 28 जनवरी तक था वहीं अध्यक्ष पद के लिए 7 लोगो ने दावेदारी की है जिसमें बीजेपी से राधेलाल नाग कांग्रेस से बात करे तो चार लोगों का नामांकन पत्र दाखिल कराया गया था जिसका कारण यह था कि सबसे पहले सुंयाश नेताम का नाम लगभग फाइनल माना जा रहा था और 27 जनवरी को नामांकन पत्र जमा करने एसडीएम कार्यालय पहुंच नामांकन भी जमा किया परन्तु उम्र कम होने की वजह से फार्म निरस्त किया गया बाद में कांग्रेस ने कुंती नेताम का नाम सामने आया किंतु जाति प्रमाण पत्र नहीं होना बताया गया जिसके कारण उस दिन कांग्रेस नामांकन फार्म जमा नहीं कर सके अब कांग्रेस को दोनों का निरस्त होने का डर था जिसके कारण दो नाम जगदीश उईके उत्पल नेताम का नामांकन फार्म जमा किया गया किंतु स्कूटनी के दिन उनका फार्म सही पाया गया तब कांग्रेस बी फार्म देकर कुंती नेताम को अपना प्रत्याशी घोषित किया गया इसके चलते कांग्रेस से चार लोग हुए बाकी आम आदमी पार्टी से तुलसी राणा सहित पीताम्बर नेताम है वही पार्षद के लिए कुल 46 लोगों ने अपना नामांकन फार्म जमा किया है अब नाम वापसी का आज 31 जनवरी आखिरी दिन है।

वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मनाया गया भारतमाता पूजन उत्सव

कांकेर/नवप्रदेश। संस्कार भारती जिला इकाई कांकेर द्वारा भारत माता पूजन उत्सव मनाया गया। इस भव्य व सफल कार्यक्रम का आयोजन ऑटो स्टैंड तिराहा पुराना बस स्टैंड के पास कांकेर में समपन्न हुआ। सर्वप्रथम भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण कर पूजन मंत्रोच्चारण के साथ किया गया। मां भारती की आरती की गई, जयकार उद्-घोष किया गया। ध्येय गीत पश्चात मुख्य वक्ता के रूप में सुरेश चंद्र श्रीवास्तव ने भारत माता की विशाल संस्कृति के गौरव को रेखांकित करते हुए संस्कार भारती के द्वारा संस्कृति व संस्कार के संरक्षण व संवर्धन में योगदान पर प्रकाश डालते हुए अपने विचार व्यक्त किया और कहा कि भारत माता पूजन दिवस हमारे स्वाभिमान को जगाने के दिवस के तौर पर याद रखना चाहिए। प्रसाद वितरण व स्वल्पाहार के पश्चात संस्कार भारती की अध्यक्ष डॉ. गीता शर्मा ने आगत अतिथियों-कलाकार, साहित्यकार, व्यापारीगण के प्रति आभार व्यक्त करते हुए सभी को गणतंत्र दिवस की बधाई व शुभकामनाये दी। मंच संचालन महामंत्री अवधेश लारिया ने किया।

साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड
"मिनी रत्न कम्पनी"
(कोल इंडिया लिमिटेड का एक उपक्रम)

No. SECL/AGM(HSD)/L&R/24-25/162, **सूचना** Date: 16.01.2025

इस प्रकाशन के माध्यम से यह सूचित किया जाता है कि एसईसीएल हसदेव क्षेत्रान्तर्गत शीतलधारा कुरजा यूजी माईन कालरी के डिपलरिंग हेतु ग्राम – कुरजा के निम्नलिखित भू–विस्थापितों एवं उनके द्वारा नामित, आश्रित उम्मीदवार को एसईसीएल में रोजगार प्रदान करने हेतु एसईसीएल मुख्यालय बिलासपुर से स्वीकृति प्राप्त किये जाने बाबत् औपचारिकताएँ यथाशीघ्र प्रारम्भ की जायेगी।

Sl. No.	Name as per Land Owner on date of sanction 9(i)	Name as per P-II & B-I Statement 1-A [Landowner on date of compensation assessment]	Name of PAP proposed for employment		Document	Name
1	उर्मिला पिता सीताराम और प्रेमिया पति चन्दूलाल जाति – ब्रहमण ग्राम–कोरजा खसरा नं. – 272/2, 257 रकबा–1.660 हे. (4.10 एकड़)	उर्मिला पिता सीताराम और प्रेमिया पति चन्दूलाल जाति – ब्रहमण ग्राम–कोरजा खसरा नं. – 272/2, 257 रकबा–1.660 हे. (4.10 एकड़)	जगनारायण मिश्रा पिता स्व. रामलखन मिश्रा	1	वंशवृक्ष	जगनारायण मिश्रा पिता रामलखन
				2	निवास प्रमाण पत्र	जगनारायण मिश्रा पिता स्व. रामलखन मिश्रा
				3	राशन कार्ड	जगनारायण मिश्रा पिता स्व. रामलखन मिश्रा
				4	मतदाता परिचय पत्र	निरंक
				5	आधार कार्ड	जगनारायण मिश्रा पिता रामलखन मिश्रा
				6	शिक्षा प्रमाण पत्र	निरंक
				7	रोजगार पंजीयन	Jagnarayan Mishra
				8	पेनकार्ड	JAGNARAYAN MISHRA S/o RAMLAKHAN MISHRA
				9	जाति प्रमाण पत्र	निरंक
			लीला तिवारी पति राम गोपाल तिवारी	1	वंशवृक्ष	लीला तिवारी
				2	निवास प्रमाण पत्र	लीला तिवारी पति राम गोपाल तिवारी
				3	राशन कार्ड	लीला तिवारी पति राम गोपाल तिवारी
				4	मतदाता परिचय पत्र	निरंक
				5	आधार कार्ड	लीला तिवारी पति राम गोपाल तिवारी
				6	शिक्षा प्रमाण पत्र	निरंक
				7	रोजगार पंजीयन	Lila tiwari
				8	पेनकार्ड	LILA TIWARI D/o RAM LAKHAN MISHRA
				9	जाति प्रमाण पत्र	निरंक
2	विमलेश कुमार पिता लक्ष्मन प्रसाद गुप्ता जाति–गुप्ता ग्राम–कोरजा खसरा नं. – 250/3/ख (P) रकबा–0.595 हे. (1.47 एकड़)	विमलेश कुमार पिता लक्ष्मन प्रसाद गुप्ता जाति–गुप्ता ग्राम–कोरजा खसरा नं. – 250/3/ख (P) रकबा–0.595 हे. (1.47 एकड़)	आदित्य गुप्ता पिता विमलेश गुप्ता	1	वंशवृक्ष	आदित्य गुप्ता
				2	निवास प्रमाण पत्र	आदित्य गुप्ता पिता विमलेश गुप्ता
				3	राशन कार्ड	आदित्य गुप्ता पिता विमलेश गुप्ता
				4	मतदाता परिचय पत्र	आदित्य गुप्ता पिता विमलेश गुप्ता
				5	आधार कार्ड	आदित्य गुप्ता पिता विमलेश गुप्ता
				6	शिक्षा प्रमाण पत्र	आदित्य गुप्ता पिता विमलेश गुप्ता
				7	रोजगार पंजीयन	Aditya gupta
				8	पेनकार्ड	ADITYA GUPTA S/O VIMLESH GUPTA
				9	जाति प्रमाण पत्र	निरंक

उपरोक्त तालिका में दर्शाये गये भू–स्वामी एवं आश्रित रोजगार बाबत् प्रस्तावित सदस्य के संबंध में किसी भी संबंधित व्यक्ति को इस पर आपत्ति हो, तो अपना पूरा नाम हस्ताक्षर, पता एवं मूल दस्तावेजों/प्रमाणों के साथ इसकी लिखित शिकायत अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में इस सूचना के प्रकाशन के 7 दिवस के अंदर व्यक्तिगत रुप से उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि के पश्चात् या दस्तावेजी प्रमाण नहीं होने की स्थिति में दावा–आपत्ति मान्य नहीं होगा।

SECL-24-25-310 क्षेत्रीय महाप्रबंधक, हसदेव क्षेत्र

प्रथम पृष्ठ का शेष

सर्वदलिय बैठक सार्थक रहीं...

हैं। वित्त विधेयक, 2025 और संबंधित अनुदान मांगों और विनियोग विधेयकों को भी सत्र के लिए सरकार द्वारा सूचीबद्ध किया गया है। ऐसे 10 अन्य विधेयक भी हैं, जो पिछले सत्र से दोनों सदनों में लंबित हैं।

देश में कोई भी...

आपस में बातचीत कर विवाद को खत्म करने की कोशिश करनी चाहिए। पीठ ने कहा कि वह एक आईपीएस अधिकारी है और आप एक व्यवसायी हैं। ऐसे में अदालत में अपना समय बर्बाद करने से अच्छा है कि आप दोनों बैठकर इस विवाद को खत्म कर लें। अगर किसी को पीड़ित किया जाता है तो उसकी सुरक्षा के लिए हम हैं। व्यक्ति के वकील ने कहा कि उसके मुवक्किल और उसके पिता के खिलाफ आईपीएस अधिकारी महिला ने केस दर्ज कराया था, जिसके चलते दोनों को जेल हुई। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने जून 2022 में अपने आदेश में व्यक्ति के माता-पिता के खिलाफ दर्ज आपराधिक मामले को खत्म करने का निर्देश दिया था। उच्च न्यायालय के इस निर्देश के खिलाफ आईपीएस अधिकारी ने सुप्रीम कोर्ट में अपील की। सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष के वकील ने आरोप लगाया कि आईपीएस अधिकारी ने पुलिस सेवा जॉइन करते समय गलत घोषणा पत्र दिया था कि उनके खिलाफ कोई मामला दर्ज नहीं है, जबकि उस वक्त महिला अधिकारी के खिलाफ दो मामले दर्ज थे।

पीडब्ल्यूडी के तीन..

ईई बीआर ध्रुव, एसडीओ आरके सिन्हा और सब इंजीनियर जीएस कोडोपी पर एफआईआर दर्ज करवाई है। आरोपियों पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 3 (5) के तहत ईई, एसडीओ व सब इंजीनियर पर आपराधिक कृत्य, धारा 316 (5) के तहत सरकारी अफसर या कर्मचारी द्वारा भ्रष्टाचार, धारा 318 (4) के तहत धोखाधड़ी व बेईमानी करते हुए अपराधों से जुड़कर संपति हासिल करने के चलते एफआईआर दर्ज की गई है। ये धाराएं गैरजमानती, संज्ञेय अपराध है। पत्रकार मुकेश की हत्या के बाद लोक निर्माण विभाग ने सड़क जांच के लिए विशेष जांच टीम बनाई थी, जिसकी रिपोर्ट के बाद लोक निर्माण विभाग ने पूर्व ईई, एसडीओ व सब इंजीनियर पर एफआईआर दर्ज करवाया।

दिल्ली में गरजे...

बनानी है। बटन इतने जोर से दबाना है कि केजरीवाल के शीश महल के शीशे टूट जाएं। हमारी सरकार बनी तो दिल्ली सुंदर बनेगी, कूड़े के पहाड़ खत्म हो जाएंगे, दिल्ली को भ्रष्टाचार से मुक्त करेंगे, सड़कों और गलियों की शानदार सफाई भी करेंगे और साथ में जल प्रबंधन भी हम करेंगे। मैं केजरीवाल से कहना चाहता हूं कि चुनाव जीतने के लिए झूठ बोलना बंद करो। ये कहते हैं कि भाजपा वालों ने दिल्ली वालों को परेशान करने के लिए हरियाणा से यमुना जी के जल में जहर मिलाया है। अरे, केजरीवाल जी कौन सा जहर मिलाया है, कौनसी लेबोरेटरी में आपने टेस्ट कराया है, उसका नाम बताइए। आप कह रहे हैं कि जहर मिलाया हुआ पानी आपने रोक दिया। अरे, यमुना का पानी रुकता है तो गांवों में बाढ़ आती है। लेकिन, आप बताइए दिल्ली के किसी गांव में बाढ़ आई है क्या? दिल्ली में हजारों करोड़ रुपये का घोटाला हुआ।

न्यूज गैलरी

निर्वाचन प्रक्रिया में लापरवाही बरतने वाले पंचायत सचिव निलंबित

कोरिया/ नव प्रदेश। राज्य निर्वाचन आयोग के कार्यक्रम अनुसार कोरिया जिले में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चंदन त्रिपाठी के निर्देश में सारी निर्वाचन प्रक्रिया समय सीमा में संचालित की जा रही है। इस तरह के संवेदनशील कार्यों में लापरवाही करने वाले एक ग्राम पंचायत सचिव को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। बैकुण्ठपुर जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत सागरपुर में पदस्थ रामनरेश राजवाड़े को निर्वाचन कार्यों में पदीय कर्तव्यों के प्रति उदासीन पाए जाने पर निलंबित किया गया है। उनका कार्यभार ग्राम पंचायत खरवत के ग्राम सचिव को सौंपा गया है। इस कार्यवाही के संबंध में जानकारी देते हुए जिला पंचायत कोरिया के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ आशुतोष चतुर्वेदी ने बताया कि ग्राम पंचायत सागरपुर में लंबे समय से अनुपस्थित थे और उनके इस लापरवाही के कारण पंचायत निर्वाचन के अंतर्गत ग्राम पंचायत सरपंच और पंच के निर्वाचन, जनपद पंचायत एवं ग्राम पंचायत में आरक्षण की स्थिति, जनपद पंचायत बैकुण्ठपुर के निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण सूचना का प्रकाशन नहीं कराया गया, गणतंत्र दिवस पर्व पर भी अपने कार्यालय में उपस्थित नहीं पाया गया। उनकी कार्यों के प्रति उदासीनता और निर्वाचन कार्यों में लापरवाही पर प्रथम दृष्टया आरोप सही पाए जाने पर सचिव रामनरेश राजवाड़े को छत्तीसगढ़ पंचायत सेवा (आचरण) नियम 1998 के नियम 3 और छत्तीसगढ़ ग्राम पंचायत नियम 1999 के नियम 4 का उल्लंघन करने के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन के दौरान उनका मुख्यालय कार्यालय जनपद पंचायत बैकुण्ठपुर निर्धारित किया गया है।

महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर जिला प्रशासन ने दी श्रद्धांजलि

कोरिया/ नव प्रदेश। देश के इतिहास में 30 जनवरी का दिन विशेष महत्व रखता है। इस दिन राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि मनाई जाती है। महात्मा गांधी ने अहिंसा और सत्याग्रह के माध्यम से भारत को स्वतंत्रता दिलाने में अहम भूमिका निभाई। 30 जनवरी 1948 को नाथूराम गोडसे द्वारा दिल्ली के बिड़ला हाउस में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। उनकी पुण्यतिथि को शहीद दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। इसी अवसर पर आज जिला कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी, जिला पंचायत सीईओ डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी, निर्वाचन पर्यवेक्षक श्रीमती यामिनी पांडेय गुप्ता, अपर कलेक्टर श्री डी.डी. मंडावी सहित जिला प्रशासन के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर अधिकारियों ने महात्मा गांधी के विचारों और आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लेते हुए कहा कि सत्य, अहिंसा और सेवा के मार्ग पर चलकर हम समाज में सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं।

महापौर पद हेतु 6, अध्यक्ष पद हेतु 25 तथा पार्षद पद हेतु 423 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र जमा किया

एमसीबी/ नव प्रदेश। नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 अंतर्गत नगर पालिका निगम चिरमिरी के महापौर पद हेतु कुल 8 अभ्यर्थियों एवं पार्षद पद हेतु 134 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र जमा किया। नगर पालिका निगम चिरमिरी के महापौर पद हेतु भारतीय जनता पार्टी से रामनरेश राय, इण्डियन नेशनल कांग्रेस से डॉ. विनय जायसवाल, गोंडवाना गणतंत्र पार्टी से रूकमनी मानिकपुरी के अलावा बबिता सिंह, बलदेवदास, ईस्माइल शेख, प्रेम शंकर सोनी, तथा ठेलाराम 5 अभ्यर्थियों ने निर्दलीय नाम निर्देशन पत्र जमा किया है। नगरपालिका परिषद् मनेंद्रगढ़ के अध्यक्ष पद के लिए श्रीमती प्रतिमा पटवा तथा प्रतिमा यादव ने नाम निर्देशन पत्र जमा किया है। वहीं इण्डियन नेशनल कांग्रेस से श्रीमती प्रभा पटेल तथा आप से श्रीमती हेमलता सोनी नाम निर्देशन पत्र जमा किया है। नगर पालिका परिषद् मनेंद्रगढ़ में 83 पार्षदों ने नाम निर्देशन पत्र जमा किया है। नगर पंचायत खोंगापानी अध्यक्ष पद के लिए 5 अभ्यर्थियों इण्डियन नेशनल कांग्रेस से ललिता यादव, भारतीय जनता पार्टी से वंदना लोहार एवं आशा, नोहर बाई यादव, पार्वती सेन ने निर्दलीय से नाम निर्देशन पत्र जमा किया है। वहीं नगर पंचायत खोंगापानी के पार्षद पद के लिए 58 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र जमा किया है। नगर पंचायत नई लेदरी अध्यक्ष पद के 5 अभ्यर्थी भारतीय जनता पार्टी से विरेंद्र सिंह राणा, इण्डियन नेशनल कांग्रेस से विष्णुदास पनिका तथा देव बहादुर सिंह, संजीवन लाल गोंड, सोनू कुमार केवट ने निर्दलीय से नाम निर्देशन पत्र जमा किया है।

अध्यक्ष टिकट के लिए साबित हुई एक अनार सौ बीमार वाली कहावत

मुंगेली/ नव प्रदेश। नगर पालिका में मुख्य मुकाबला भाजपा और कांग्रेस प्रत्यासियों के बीच होना है। ऐसे मे कुछ राजनैतिक दल के कुछ दिग्गज नेता एवं लगातार पांच वर्षो से पार्षद रह कर वार्ड की सेवा कर रहे नेता सहित पालिका में प्रमुख पदों पर रहे कार्यकर्ताओं ने चुनाव लडने की आस में विगत कई वर्षो से तैयारियां और लोगो के बीच मेल-मुलाकात व पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से सतत प्रयास करते रहें। एक अनार सौ बीमार वाली कहावत अध्यक्ष टिकट के लिये साबित हुई। अंततः भाजपा से अध्यक्ष प्रत्याशी के रूप में पूर्व अध्यक्ष शैलेष पाठक व कांग्रेस से युवा नेता रोहित शुक्ला के नाम पर पार्टी द्वारा मुहर लगाए जाने के बाद अन्य नेता जो अध्यक्ष प्रत्याशी के लिये जद्दोजहद कर रहे थे, वे उनमें कूछ नेताओ को पार्षद टिकट मिलने पर संतुष्ट होना पड गया।

स्क्रूटनी के पश्चात से निर्दलियों से लेकर प्रमुख पार्टी के प्रत्याशियों से संपर्क कर मान मनौवल का दौर जारी है। प्रमुख पार्टियों की टिकट पर नामांकन करने वाले प्रत्याशियों के चेहरों पर खुशी कम चिंता की लकीरे ज्यादा नजर आती रही। दोनो पार्टियो के भारी जद्दोजहद के बाद जारी की लिस्ट के बाद नाराज बागियों ने जहां अपना बगावती रूख अख्तियार कर लिया। पार्टियों से टिकट न मिलने से नाराज उम्मीदवारों से पार्टी के प्रमुख नेता घर पहुंचकर मान-मनौवल में जुटे हुए है। टिकट मिलने से वंचित कुछ उम्मीदवार अन्य पार्टियों से प्रमुख पार्टी से नामांकन दाखिल किये है। असंतुष्ट कार्यकर्ताओं ने निर्दलीय प्रत्याशियों के रूप में अपना नामांकन दाखिल किया। नाम वापसी की अंतिम तिथि शुक्रवार 31 जनवरी को है। नाम वापसी के पश्चात साफ हो जायेगा कि दोनो प्रमुख पार्टियों के पार्षद पद हेतु उम्मीदवार एवं निर्दलीय प्रत्याशी कौन रहेंगे। आने वाले निकाय चुनावों को लेकर कांग्रेस और भाजपा कितनी संजीदा नजर आ रही है। दोनो पार्टियों के लिए मुंगेली नगर पालिका की बिसात इतनी महत्वपूर्ण है। टिकिट ईच्छा रखने वाले उन प्रत्याशियों के मन भी टूटने लगे जो वर्षो से संगठन के प्रति समर्पित रहे थे। आरक्षण के चलते दूसरे वार्ड के दमदार प्रत्याशी द्वारा पूर्व में पार्षद रहे उनकी टिकट हथियाई गई। उन्हें इस दौड़ से बाहर कर दिया गया। जिसका खामियाजा भी पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी को न भुगतना पड़ जाएं। कुछ ऐसे प्रत्याशी जिनका वार्डो में पकड़ अच्छा रहा है पर आरक्षण के चलते दूसरे वार्ड से आये प्रत्याशियों को उनकी जगह तवज्जो दी गई। ऐसे वार्ड में पार्टी समर्थित उम्मीदवार को विरोधी दलों के साथ-साथ अपने दल के लोगो से भी सतर्क रहना पड़ सकता है। इस बार का चुनाव कई मायनो में दिलचस्प होता जा रहा है।

एक तरफ जहां पार्षद के लिये कई व्यवसायियों के साथ-साथ अधिकांश ऐसे नये चेहरे है जो इस चुनाव में अपनी दावेदारी प्रमुखता से पेश कर रहे हैं। इस बार निर्दलियों की भी अहम भूमिका नजर आ सकती हैं। स्क्रूटनी के पश्चात पार्टी के उम्मीदवार अपने प्रतिद्वंद्वियों से संपर्क कर मान-मनौवल में जुटे हुए है। नाम वापसी कराने के लिए शाम, दाम, दण्ड, भेद की नीति अपना रहे है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार निर्दलीय प्रत्याशी के अलावा पार्टियों के घोषित प्रत्याशी भी मैदान छोड़ सकते है। जनता भी पूर्व प्रतिनिधियों के कार्यकाल की भी समीक्षा कर रही है। पिछले 5 साल के कार्यकाल में पार्षदो द्वारा वार्डो के विकास के लिये जो कार्य किया जाना था वो या महज कागजी कार्यवाही बनकर रह गई या फिर जमीनी हकीकत में मूर्त रूप से साकार नहीं हुई है। किन पार्षदो ने अपने मद का कहा, कितना उपयोग किया है या फिर जनता को महज हसीन सपने दिखाकर वादों की झड़ी लगाई है। इन सबका अब वार्डो की जनता विश्लेषण करेगी। आरटीआई के माध्यम से निकाली गई जानकारी के अनुसार पार्षद मद का प्रयोग जरूरी जगहों में न हो कर उन जगहों में किया गया जो महज दिखावा नजर आ रहा है। पार्षदो द्वारा किये गए कार्यो का अवलोकन करने का अब समय वार्डो की मतदाताओं के हाथों में है। नाम वापसी के पश्चात ही वार्डो में प्रत्याशियों की स्थिति क्लियर हो पायेगी।

जिला स्तरीय बाल संरक्षण समिति की बैठक

बच्चों के हित के लिए अधिकारी गंभीरता से कार्य करें : कलेक्टर

मुंगेली/ नव प्रदेश। जिला स्तरीय बाल संरक्षण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर राहुल देव ने कहा कि विशेष देखरेख एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों के सर्वोत्तम हित के लिए संबंधित अधिकारी संवेदनशीलता और गंभीरता से कार्य करें। उन्होंने ऐसे बच्चों के चिन्हांकन एवं हित हेतु जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया।

कलेक्टर ने मिशन वात्सल्य, बाल कल्याण समिति, किशोर न्याय बोर्ड, दत्तक ग्रहण, फास्टर केयर कार्यक्रम, चाईल्ड हेल्पलाईन आदि के संबंध में विस्तारपूर्वक समीक्षा की। उन्होंने नशामुक्ति हेतु जनजागरूकता अभियान चलाने व बाल श्रमिक एवं शाला त्यागी बच्चों की जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए। पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने बैठक में कहा कि जरूरतमंद बच्चों को त्वरित न्याय दिलाना समिति का मुख्य उद्देश्य है।इसमें संबंधित विभाग के अधिकारियों की भूमिका महत्वपूर्ण है।सभी अधिकारी अपनी भूमिका के अनुरूप गंभीरतापूर्वक कार्य करें। उन्होंने नशामुक्त मुंगेली बनाने के प्रयासों पर जोर दिया। जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय ने ग्रामीण क्षेत्र में देखरेख एवं संरक्षण की आवश्यता वाले बच्चों की पहचान करने कार्ययोजना बनाने की बात कही। महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती संजुला शर्मा ने समिति के कार्य और उद्देश्य और जिला बाल संरक्षण अधिकारी अंजुबाला शुक्ला ने बच्चों को रेस्क्यू कर परिवार में पुनर्वासित करने के संबंध में जानकारी दी। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष आशीष मिश्रा और सदस्य,मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.प्रभात चन्द्र प्रभाकर, जिला शिक्षा अधिकारी सीके घृतलहरे, उप संचालक समाज कल्याण विभाग सहित संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को दी गई श्रद्धांजलि शहीदों की स्मृति में रखा दो मिनट का मौन

शहीदों के सम्मान में मौन धारण

बलरामपुर/ नव प्रदेश। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर कलेक्टर राजेंद्र कटारा ने संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों ने राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों को याद करते हुए महात्मा गांधी के सिद्धांतों पर चलने का संकल्प लिया।

स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर शहीदों की स्मृति में प्रातः 11 बजे संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में दो मिनट का मौन रखा गया। इसी के साथ विकासखंड स्तर पर और विभिन्न विभागीय कार्यालयों में भी शहीदों के सम्मान में मौन धारण किया गया।

नशामुक्त भारत अभियान के लिए शपथ

कलेक्टर कटारा ने उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों को नशा मुक्त भारत अभियान को सफल बनाने की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि नशा मुक्त समाज के लिए हमें पहले खुद नशे से दूर रहना होगा और अन्य लोगों को भी इसके दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना होगा। इस अवसर पर अपर कलेक्टर आर.एस. लाल, संयुक्त कलेक्टर आर.एन. पाण्डेय, संयुक्त कलेक्टर प्रमोद गुप्ता सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

नगर निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत वाहन अनुमति के लिए कर्मचारियों की लगाई गई ड्यूटी

रायगढ़/ नव प्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारीकार्तिकेया गोयल के निर्देशन में नगर पालिक निगम निर्वाचन 2024-25 को दृष्टिगत रखते हुए आदर्श आचरण संहिता के पालन सुनिश्चित करने हेतु छ.ग.कोलाहल अधिनियम 1985 के अंतर्गत ध्वनिविस्तारक यंत्र (लाउडस्पीकर)के उपयोग के संबंध में जारी किए गए प्रतिबंधात्मक आदेश के संबंध में रिटर्निंग ऑफिसर नगर पालिक निगम, रायगढ़ द्वारा प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए नगर निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत वाहन की नियमानुसार अनुमति देने हेतु कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। जिसमें जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग रायगढ़ सहायक ग्रेड-2 देवेन्द्र वर्मा मोबा.नं.79871-50678 तथा जिला कार्यालय रायगढ़ के सहायक ग्रेड-3 उत्तम निषाद मोबा.नं.93996-31972 को शामिल किया गया है।

जिपं सदस्य के 6,पंच सरपंच एवं जनपद सदस्य के 3198 ने दाखिल किया नामांकन पत्र

त्रिस्तरीय पंचायत अंतर्गत नामांकन की प्रक्रिया जारी

बलरामपुर/ नव प्रदेश। बलरामपुर-रामानुजगंज जिले त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के अंतर्गत जिला पंचायत सदस्य, पंच, सरपंच एवं जनपद सदस्य के पद के लिए 27 जनवरी से नामांकन की प्रक्रिया जारी है। जिसके तहत 29 जनवरी तक जिला पंचायत सदस्य के लिए 06, पंच के लिए 2763, सरपंच के लिए 339 तथा सदस्य जनपद पंचायत के लिए 96 उम्मीदवारों ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।

जिसके तहत जिला पंचायत सदस्य के लिए नामांकन 06 है। इसी प्रकार बलरामपुर जनपद के अंतर्गत पंच के लिए 362, सरपंच 56 तथा जनपद सदस्य के लिए 15 उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया है। इसी प्रकार जनपद पंचायत राजपुर के अंतर्गत पंच के लिए 364, सरपंच के 67, जनपद पंचायत सदस्य के लिए 19 उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया है।

जनपद पंचायत शंकरगढ़ के अंतर्गत पंच के 380, सरपंच के 66, जनपद पंचायत सदस्य के लिए 08, जनपद पंचायत कुसमी के अंतर्गत पंच के 454, सरपंच के 64, जनपद पंचायत सदस्य के लिए 11, जनपद पंचायत रामचन्द्रपुर के अंतर्गत पंच के 515, सरपंच के 27 तथा जनपद पंचायत सदस्य के लिए 11 उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया है। जनपद पंचायत वाड्रफनगर के अंतर्गत के अंतर्गत पंच के 688, सरपंच के 59 तथा जनपद सदस्य के 32 उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किये है।

ई.वी.एम. मशीनों का किया गया प्रथम रेंडमाइजेशन

राजनैतिक दल के प्रतिनिधियों को दी गई तकनीकी जानकारी

बलरामपुर / नव प्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राजेंद्र कटारा की अध्यक्षता में नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2024-25 के लिए ईवीएम का प्रथम रेंडमाइजेशन संयुक्त जिला कार्यालय के एनआईसी कक्ष में किया गया। आगामी नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2024-25 हेतु मतदान केन्द्रों में उपयोग किये जाने वाले ईव्हीएम मशीनों का प्रथम रेंडमाइजेशन अपर कलेक्टर श्री आर.एस. लाल, संयुक्त कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय) श्री प्रमोद गुप्ता, ईव्हीएम नोडल अधिकारी सुश्री पूनम रश्मि तिग्गा तथा विभिन्न राजनैतिक दल के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया गया। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कटारा ने उपस्थित राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को ईवीएम रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया के बारे में बारीकी से अवगत कराया।

एससी/एसटी, ओबीसी वर्ग के छात्र करा सकते हैं पंजीयन

कोरबा/ नव प्रदेश। एजिले में संचालित शासकीय, अशासकीय महाविद्यालयों, विश्वविद्यालय, इंजीनियरिंग कॉलेज, मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, पॉलिटेक्निक, आईटीआई एवं डाईट आदि में अध्ययनरत् शैक्षणिक सत्र 2024-25 अंतर्गत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों हेतु ऑनलाइन पोस्ट मैट्रिक (कक्षा 12वीं से उच्चतर) छात्रवृत्ति हेतु विद्यार्थियों के नवीन एवं नवीनीकरण पंजीयन, संस्थाओं के प्रस्ताव/स्वीकृति लाक करने के लिए तिथि में वृद्धि की गई है। पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखने वाले विद्यार्थी 01 फरवरी 2025 से अपना पंजीयन, स्वीकृति एवं वितरण कार्यवाही वेबसाइट कर सकते हैं।

भरतपुर विकासखण्ड में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया

एमसीबी/ नव प्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार जिले में लगातार मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। ग्राम पंचायत में मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप कार्यक्रम सम्पन्न कराया गया। विकासखंड भरतपुर के ग्राम हरचौका, घोरधारा, लड़कोड़ा, डोंगरीटोला में मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

यह कार्यक्रम जनपद पंचायत भरतपुर से स्वीप नोडल अधिकारी पवन सिंह चंदेल एवं सहायक नोडल अधिकारी हीरा सिंह के द्वारा करवाया गया है। इस दौरान उपस्थित ग्रामीणों को जाबो (जागव-वोटर) कार्यक्रम के तहत 23 फरवरी 2025 को होने वाले आम चुनाव में मतदान करने एवं अपने आस पास के सभी लोगों को मतदान करने हेतु जागरूक करने कहा गया। इस दौरान वहां के लोगों ने कहा कि हम लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए वह पूरी निष्ठा के साथ अपनी भूमिका का निर्वहन के लिए कृतसंकल्पित हैं।

इस दौरान ग्रामीण हीरालाल, हरिशंकर, कृष्णपाल सिंह, भूपेंद्र सिंह, सरिता, राम सिंह, शेषमन, जोगिंदर, रमेश सिंह, रोशनी, आयुष, विजय बहादुर, रेशमा, सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहें।

शहीदों को नमन... राष्ट्र के प्रति उनकी अप्रतिम सेवा और बलिदान को याद किया

शहीदों की स्मृति में जिले भर में रखा दो मिनट का मौन

एमसीबी/ नव प्रदेश। भारत की आज़ादी के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले अमर शहीदों की स्मृति में मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में शहीद दिवस मनाया गया। सामान्य प्रशासन विभाग और भारत सरकार के गृह मंत्रालय के स्थायी निर्देशों के तहत, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डी. राहुल वेंकट के निर्देशानुसार विभिन्न सरकारी और गैर-सरकारी संस्थानों में श्रद्धांजलि दी गई। 30 जनवरी 1948 को महात्मा गांधी की पुण्यतिथि होती है। वही शहीद दिवस साल में दो बार मनाया जाता है, पहला 23 मार्च 1931 को स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को फांसी दी गई थी। 23 मार्च को अमर शहीद दिवस मनाते हैं। इस दिन इन तीनों शहीदों की शहादत को याद किया जाता है। और दूसरा 30 जनवरी को यह दोनों दिन उन वीरों को श्रद्धांजलि देने के लिए मनाया जाता है, जिन्होंने देश की आजादी और समृद्धि में अपना सर्वोच्च बलिदान दिया था।

इस अवसर पर कलेक्टर न्यायालय सहित जनसम्पर्क विभाग, खनिज विभाग, निर्वाचन शाखा, महिला एवं बाल विकास विभाग, विपणन विभाग, राज्य खाद्य आपूर्ति निगम, खाद्य विभाग, उद्योग विभाग, आबकारी विभाग, आदिम जाति विभाग, सांख्यिकी विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग और उच्च शिक्षा विभाग समेत अन्य शासकीय कार्यालयों में दो मिनट का मौन रखा गया। सुबह 11:00 बजे पूरे जिले में दो मिनट के लिए सभी शासकीय एवं अशासकीय कार्यालयों की गतिविधियाँ रोक दी गईं । इस दौरान मौन की शुरुआत और समाप्ति की सूचना सायरन के माध्यम से दी गई।

इस कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों और आम नागरिकों ने शहीदों को नमन किया और राष्ट्र के प्रति उनकी अप्रतिम सेवा और बलिदान को याद किया। शहीद दिवस के इस अवसर पर सभी ने देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता की भावना को मजबूत करने का संकल्प लिया।

जिला आबकारी टीम को कार्रवाई की भनक नहीं

इंटरसिटी और आनंद होटल के बार में राज्य उड़नदस्ता टीम ने मारा छापा, दूसरे राज्य की शराब बरामद

बिलासपुर/नवप्रदेश। राज्य उडनदस्ता की टीम ने शहर में संचालित दो बड़े होटल आनन्द के विनित और इंटरसिटी के सेलर बार में छापामार कार्रवाई की। इस दौरान राज्य उड़नदस्ता टीम ने दोनों बार से भारी मात्रा में बिना होलोग्राम की शराब बरामद किया है। साथ ही दूसरे राज्य की मदिरा को भी जब्त किया है।

दोनों बार में बिना होलोग्राम की बोतलों में शराब मिलावट कर बेचा जा रहा था। होलोग्राम विवाद को ही लेकर अनिल टूटेजा, एपी त्रिपाठी, अनवर ढेबर इस समय जेल की सजा काट रहे है। संभावना जाहिर की जा रही है कि बड़ी कार्रवाई के बाद सेलर और विनित बार का लायसेंस निरस्त कर दिया जाएगा। बुधवार को जब पूरा शहर चुनावी गणित में उलझा था। ठीक दोपहर से लेकर शाम तक राज्य उड़नदस्ता टीम ने शहर के दो मशहूर बार में रेड कार्रवाई कर होलोग्राम खेल का बहुत बड़ा स्कैम का पर्दाफाश किया है। राज्यस्तरीय उड़नदस्ता टीम ने आचार संहिता के बीच आबकारी आयुक्त श्याम लाल धावड़े के आदेश पर रायपुर के बाद बिलासपुर में रेड कार्रवाई का आदेश दिया। राजकीय उड़दस्ता टीम ने 29 जनवरी की दोपहर करीब 2.30 बजे शिव टाकीज चौक स्थित आनन्द हॉटल के विनीत बार में धावा बोला। विनीत बार के बाद राज्य उड़नदस्ता टीम ने जगमल चौक में हॉटल इंटरसिटी स्थित सेलर बार में शाम 6 बजे धावा बोला। हॉटल इंटरसिटी में टीम ने गंभीर प्रकार की अनिमितताओं का सामना करना पड़ा है। टीम ने इस दौरान 32 अधिक बोतल शराब बिना होलोग्राम की जब्त किया है।

ब्राण्डेड के खाली बोतल में परोसे हल्के ब्राण्ड के शराब

उडनदस्ता टीम के सहायक आबकारी अधिकारी नीलम किरण सिंह की अगुवाई में आनन्द हॉटल स्थित विनित बार में कार्रवाई के दौरान भारी अनियमितता का प्रकरण दर्ज किया। टीम ने दुकान के सुरक्षा होलोग्राम और बार के लिए जारी होलोग्राम मदिरा बोतलों में चस्पा होना नहीं पाया। मतलब बार संचालक दूसरे ब्रांड की बोतल में ग्राहक को अन्य ब्रांड की शराब परोस रहे थे। टीम ने इस दौरान ऐसी मदिरा भी बरामद किया है कि जिसमे बार होलोग्राम चस्पा नहीं था। यानी बार में मिलावटी शराब की बिक्री की जा रही थी। दोनों ही प्रकरण में टीम ने अपराध दर्ज किया है। अन्दरखाने से मिली जानकारी के अनुसार आनन्द हॉटल स्थित विनीत बार में राज्य उड़नदस्ता टीम ने 15 बोतल मदिरा बिना होलोग्राम का जब्त किया है।

बरामद 32 बोतलों में 3 बोतल अमेरिकन प्राइड, 3 बोतल जैकब्स क्रीक,2 सुला रेड वाइन,5 बोतल बकार्डी प्लेन,5 बोतल सिमरन ऑफ वोदका,1 बोतल पासपोर्ट, 1बोतल सिमरन ऑफ ऑरेंज वोदका, 4 बोतल मैजिक मूवमेंट ऑरेंज,3 बोतल मैजिक मूवमेंट प्लेन,2 बोतल सिम्बा बीयर,1 बोतल बडवाइजर प्रीमियम बीयर,1 बोतल मैजिक मूवमेंट ऑरेंज और एक बोतल हेवर्ड 5000 का शामिल है। अन्दर खाने से मिली जानकारी के अनुसार सेलर बार संचालक के खिलाफ गंभीर धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।

पूरा खेल होलोग्राम का

उड़नदस्ता टीम ने दोनों बार से बिना होलोग्राम की खाली और शराब से भरी बोतल बरामद किया है। दोनो ही जगह भारी मात्रा में भरी और खाली शराब बोतल जब्त किया है। जानकारी देते चलें कि आबकारी विभाग में शराब की गिनती, ब्राण्ड और गुणवत्ता का सारा मामला होलोग्राम से जुड़ा है। बिना होलोग्राम की शराब बेचने का सीधा मतलब है कि शराब में मिलावट का खेल किया जा रहा है। मांगी गयी ब्राण्ड की जगह बोतल दिखाकर ग्राहक को दूसरे ब्राण्ड या मिलावटी शराब दिया जा रहा है। मालूम हो कि होलोग्राम के खेल में इस समय आईएएस अनिल टूटेजा, एपी त्रिपाठी, एजाज ढेबर इस समय जेल में है। बताते चलें कि तीन दिन पहले ही रायपुर स्थित आबकारी आयुक्त श्याम लाल धावड़े के निर्देश पर छापामार कार्रवाई को अंजाम दिया गया।

न्यूज गैलरी

ओबेन इलेक्ट्रिक का बिलासपुर में खुला शो रूम

बिलासपुर/नवप्रदेश। इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल बनाने वाली भारत की फेमस कंपनी ओबेन इलेक्ट्रिक ने 76वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर देशभर के प्रमुख स्थानों पर 10 नए शोरूम और सर्विस सेंटर शुरू किए हैं। इन नए सेंटर के शुरू होने के बाद ओबेन अब 7 राज्यों और 14 शहरों में 22 शोरूम और सर्विस सेंटर के साथ 5.3 करोड़ भारतीयों तक पहुंच चुका है। नए शोरूम पुणे के शिवाजीनगर और धनकवड़ी, कर्नाटक के हुबली, केरल के मलप्पुरम और त्रिशूर, छत्तीसगढ़ के बिलासपुर, उत्तर प्रदेश के लखनऊ, मैनपुरी, बदायूं, और नई दिल्ली के आदिचिनी में खुले हैं। यह विस्तार ओबेन के लिए उत्तर प्रदेश और छत्तीसगढ़ जैसे उभरते ईवी बाजारों में प्रवेश को दर्शाता है और साथ ही कर्नाटक, केरल और महाराष्ट्र में इसकी उपस्थिति को मजबूत करता है।

आरक्षण व अनारक्षित टिकट बुकिंग व्यवस्था में आज से अस्थायी परिवर्तन

गेट नं 3 के जनरल टिकट काउंटर गेट नंबर एक के पास किया गया स्थानांतरित

बिलासपुर/नवप्रदेश। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत बिलासपुर स्टेशन को 392 करोड़ रुपए की लागत से विकसित किया जा रहा है। स्टेशन के पुनर्विकास कार्य को तेज़ी से आगे बढ़ाया जा रहा है। इस पुनर्विकास कार्य के दौरान यात्रियों की सुविधा को विशेष प्राथमिकता दी जा रही है। रेलवे प्रशासन यात्रियों को असुविधा से बचाने हेतु सभी आवश्यक कदम उठा रहा है।

रेल प्रशासन रेलवे यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। हालांकि स्टेशन के पुनर्विकास कार्य के चलते कुछ मौजूदा यात्री सुविधाएं अस्थायी रूप से प्रभावित हो रही है, रेलवे यात्रियों को असुविधा से बचाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है। स्टेशन भवन के निर्माण कार्य हेतु गेट नं 03 को अस्थायी रूप से बंद किया गया है। यात्रियों को बेहतर सुविधाएँ प्रदान करने के उद्देश्य से कल 31 जनवरी से आरक्षण केंद्र (पीआरएस) को अस्थायी रूप से स्काउट गाइड विंग (टीटीई विश्राम गृह के पीछे) में स्थानांतरित किया गया है। लिंक (https://maps.app.goo.gl/KWEzMZsLAJhmvwaZ9) कल 31 जनवरी से गेट संख्या 3 पर स्थित अनारक्षित टिकट बुकिंग घर को गेट संख्या 1 में स्थित आरक्षण केंद्र में समायोजित किया गया है। यात्रियों के आवागमन हेतु गेट नं 1 व 2 पूरी तरह से खुला है, साथ ही यहाँ पर ड्रॉप एंड गो की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। उपरोक्त बदलाव के अनुसार कल 31 जनवरी से अनारक्षित टिकट, गेट नं 3 के बजाय गेट नं 1 के पास स्थित आरक्षण केंद्र से प्राप्त होगी। इसी प्रकार आरक्षण केंद्र की सुविधा स्काउट गाइड विंग (टीटीई विश्राम गृह के बगल) के पास बनाए गए नये आरक्षण केंद्र से मिलेगी। नये आरक्षण केंद्र का लोकेशन व लिंक साईं मंदिर स्टेशन रोड में टीटीई विश्राम गृह के बगल में स्थित है।

यात्री समय से पहले आएं स्टेशन

उपरोक्त बदलाव यात्रियों की बेहतर टिकटिंग सुविधा के लिए किया गया है। रेलवे प्रशासन यात्रियों से अपील करता है कि वे यात्रा समय को ध्यान में रखते हुए स्टेशन पर पर्याप्त समय पहले पहुंचें, साथ ही यातायात निर्देशों का पालन करें तथा निर्माण कार्य की पूर्णता तक रेलवे प्रशासन का सहयोग करें।

पावरलिफ्टिंग प्रतियोगिता में श्रीवर्धन व प्रियांशु ने दिखाया जलवा

बिलासपुर/नवप्रदेश। सुब्रतो क्लासिक नेशनल पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप 2025 जिसका आयोजन इंडियन पावरलिफ्टिंग फेडरेशन (आईपीएफ) के द्वारा पिछले दिनों दल्लीराजहरा में आयोजित किया गया था। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में सब-जूनियर, जूनियर, सीनियर, मास्टर (महिला एवं पुरुष) के रूप में आयोजित की गई थी जिसमें पूरे देश से लगभग 500 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया था, जिसमें बिलासपुर जिले के सब-जूनियर खिलाड़ी श्रीवर्धन श्रीवास्तव को बेंच प्रेस में 105 किलो वर्ग मे तृतीय स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक एवं सब-जूनियर खिलाड़ी प्रियांशु मानिकपुरी को बेंच प्रेस में 83 वेट किलो वर्ग में चतुर्थ स्थान प्राप्त किए हैं। यह अपने-अपने वेट कैटेगरी में ऑल ओवर इंडिया में स्थान प्राप्त किए हैं। दोनों ही खिलाड़ी कक्षा दसवीं के छात्र हैं. दोनों ही खिलाड़ी अपने जीत का श्रेय अपने माता-पिता एवं परिवार जनों के साथ-साथ अपने अंतरराष्टीय खिलाड़ी एवं गंगाश्री जिम के डायरेक्टर उत्तम कुमार साहू ,सहयोगी कोच आशीष मंगेशकर एवं राष्टीय खिलाड़ी कुमारी मेघा भगत को दिए हैं। इस प्रतियोगिता में आई.पी.एफ के अध्यक्ष सत्य प्रकाश मसीह (शहीद विनोद चौबे अवार्डी), छत्तीसगढ़ राज्य के महासचिव तेजा सिंह साहू (शहीद राजीव पांडे अवार्डी), संरक्षक हरीनाथ (वीर हनुमान सिंह अवार्डी छ.ग.शासन) ने खिलाड़ियों एवं उनके कोच को बधाई एवं आने वाले भविष्य के लिए शुभकामनाएं

शिक्षक का व्यक्तिगत जीवन भी प्रभावकारी होना चाहिए: कलेक्टर

■ **उन्नत शिक्षा अध्ययन संस्थान में महोत्सव के द्वितीय सोपान का आयोजन**

बिलासपुर/नवप्रदेश। कल उन्नत शिक्षा अध्ययन संस्थान में वार्षिकोत्सव सत्र 2024-25 का भव्य उद्घाटन समारोह संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बिलासपुर के जिला कलेक्टर माननीय अवनीश कुमार शरण एवं विशिष्ट अतिथि संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग, बिलासपुर रामायण आदित्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मशाल प्रज्वलन, धावक परिक्रमा एवं मशाल स्थापना के साथ हुई, जिसे बीएड प्रशिक्षार्थी रुक्मणी पैकरा एवं चंद्रशेखर सिंह ने संपन्न किया। इसके पश्चात महाविद्यालय की प्राचार्य मीता मुखर्जी सहित प्रशिक्षार्थियों एवं आचार्यों द्वारा मुख्य एवं विशिष्ट अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं प्रतीक पुष्प से अभिनंदन किया गया। संस्थान के प्रशिक्षार्थियों ने मास्टर आफ सेरेमनी करीम खान के नेतृत्व में भव्य मार्च पास्ट प्रस्तुत किया, जिसके उपरांत स्वागत गीत और विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने समां बांधा। आकर्षण का केंद्र बस्तरिहा नृत्य दादर के कहवा तथा बिहु नृत्य रहा, जिसमें प्रशिक्षार्थियों ने अपनी अद्भुत प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। महाविद्यालय की गतिविधियों एवं उपलब्धियों का प्रतिवेदन प्राचार्य प्रो. मीता मुखर्जी द्वारा प्रस्तुत किया गया, जबकि प्रशिक्षार्थी प्रतिनिधि ऋषभ निषाद एवं छात्रावास प्रतिनिधि युवनाश यादव ने समस्या एवं आवश्यकता से संबंधित मांगपत्र का वाचन किया

अतिथियों को प्रतीक चिन्ह वितरित

प्रथम सत्र के कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य द्वारा मुख्य एवं विशिष्ट अतिथियों को प्रतीक चिन्ह प्रदान किए गए, जिसके बाद सहायक प्राध्यापक डॉ. बी. व्ही. रमणा राव द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन सहायक प्राध्यापक डॉ. संजय मनोहर आयदे ने किया संपूर्ण आयोजन उत्साह, ऊर्जा एवं शैक्षणिक उत्कृष्टता का प्रतीक रहा, जिसमें महाविद्यालय के आचार्य वृंद, कार्यालयीन स्टाफ एवं प्रशिक्षार्थियों ने सक्रिय सहभागिता निभाई।

प्रकाश राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित

बिलासपुर/नवप्रदेश। प्रकाश कुमार मनहर वर्ल्ड ग्रेटेस्ट रिकॉर्डर जिन्हें विज्ञान और समाज सेवा क्षेत्र में अनेक पुरस्कार मिल चुके है। जिन्हें राष्ट्र रत्न पुरस्कार 2025 डब्लू. ऐ.सी. बुक ऑफ रिकॉर्ड्स इंटरनेशनल द्वारा दिया गया है। राष्ट्र भूषण सम्मान 2025 वर्दी वैलनेस फाउंडेशन ट्रस्ट के माध्यम से मिनिस्ट्री ऑफ़ एम.जी.एम.इ. गवर्नमेंट ऑफ़ इंडिया द्वारा दिया गया है।

उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को प्रमाण पत्र वितरित

■ **आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी विद्यालय तिफरा में शालेय स्तरीय वार्षिक खेलकूद उत्सव आयोजित**

बिलासपुर/नवप्रदेश। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय- तिफरा में वार्षिक खेलकूद समारोह 2024-25 का आयोजन 29 से 31 जनवरी तक किया जा रहा है। वार्षिक खेलकूद समारोह के उद्घाटन समारोह विद्यालय के प्राचार्य डॉ. विश्वनाथ कश्यप की अध्यक्षता में मुख्य अतिथि बीईओ सुनीता ध्रुव, विशिष्ट अतिथि यूआरसी वासुदेव पाण्डे की उपस्थिति में की गई। प्राचार्य ने प्रेरणादायक शब्दों से छात्रों का उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर अन्य अतिथि सीएसी सुनील पाण्डे, हिंदी मीडियम के एचएम रईसा बेगम, रंजीत बनर्जी व्यायाम शिक्षक हिमांशु पुनवा, विज्ञान व्याख्याता रामकुमार सोनी , लेखापाल संगीत विशारद विनोद अहिरवार उपस्थित थे। अतिथियों को सम्मान और आभार स्वरूप छोटे पौधे भेंट किए गए, जो पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास का प्रतीक हैं। इस अवसर पर छात्राओं ने जुम्बा नृत्य का प्रदर्शन किया जो शारीरिक फिटनेस और स्वस्थ रहने के लिए उपयोगी है। इस अवसर पर नवोदय मॉक टेस्ट में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को अतिथियों द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। यह सम्मान छात्रों को शिक्षा और खेल दोनों में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित करता है। छात्रों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी प्रतिभा, टीम भावना और खेल कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। इस आयोजन का उद्देश्य छात्रों में शारीरिक और मानसिक विकास, अनुशासन और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ावा देना है।

सीपत से बलौदा मार्ग गड्ढों में तब्दील, सड़क से छिटक रहे पत्थर, रोज हो रहे हादसे

सीपत/नवप्रदेश। सीपत से बलौदा मुख्य मार्ग का सड़क बहुत ही जर्जर और खराब हो चुका है। यह मार्ग 60 से 70 वनांचल ग्रामों को बिलासपुर जिला मुख्यालय से जोड़ने वाली मुख्य सड़क है। पूरे क्षेत्र के हजारों लोग प्रतिदिन कामकाज करने वाले, स्कूल कॉलेज जाने वाले बच्चे तथा अन्य सरकारी काम करने वालों का इस सड़क का उपयोग करतें है और प्रतिदिन किसी न किसी दुर्घटना का शिकार होते हैं।इस मार्ग में भारी वाहनों का आवागमन इस मार्ग पर इतना बढ़ गया है कि सड़क पर आम आदमी का चलना मुश्किल हो गया है दिन भर भारी वाहनों के तेज रफ्तार के कारण धूल भरी आंधी चलती है और सड़क के पत्थर छिटक कर लोगों को चोट पहुंचाते हैं।

धूल के गुब्बार से राहगीरों का चलना मुश्किल

यह धूल पेड़ पौधों को नुकसान पहुंचाने के साथ-साथ सड़क किनारे बसे गांव वालों के स्वास्थ्य पर भी बुरा असर डाल रहा है जिसके कारण लोग दमा, खांसी, फेफड़ों के रोग, सांस की बीमारी और आंखों को भारी नुकसान पहुंचा रहा है। इस मार्ग पर हर हफ्ते किसी न किसी गांव के लोगों की मौत हो रही है। जिस पर युवा शक्ति संगठन के प्रमुख अर्जुन वस्त्रकार ने जिला कलेक्टर को इस समस्या से अवगत कराते हुए पर्यावरण विभाग में संज्ञान देने और पीडब्ल्यूडी विभाग से जल्दी सड़क को बनाने की मांग रखी है जिस पर कलेक्टर साहब ने कार्यवाही करते हुए तुरंत ही पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों को निर्देशित कर तत्काल सड़क की मरम्मत और जल्द ही सड़क निर्माण करने के लिए निर्देशित किया है। संगठन से मुख्य रूप से अजय यादव, श्रवण वस्त्रकार,सूरज, मनीष ठाकुर और दीपक के साथ क्षेत्र वासियों की

चाकू दिखाकर डराने वाला आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। सार्वजनिक स्थान पर लोगों को चाकू दिखाकर डराने धमकाने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से बटनदार चाकू जप्त किया गया। आरोपी को पुराना बस स्टैण्ड शराब भठ्ठी के पास से गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार मुखबीर से सूचना मिली कि पुराना बस स्टैण्ड शराब भठ्ठी के पास सार्वजनिक जगह पर एक व्यक्ति हाथ में एक बटनदार धारदार चाकू लेकर चाकू को लहरा कर लोगों को डरा धमका रहा है कि सूचना पर थाना प्रभारी कृष्णचंद सिदार द्वारा हमराह स्टाफ के तत्काल मौके पर पहुचा तो

आरोपी पुलिस को देखकर भाग रहा था जिसे घेराबंदी कर दौड़ाकर पकड़ा गया। आरोपी सुनील कुमार भारद्वाज पिता इंदिरा प्रसाद भारद्वाज सा. सलखन थाना शिवरीनारायण जांजगीर चांपा वर्तमान पता पुराना बस स्टैण्ड बिलासपुर के कब्जे से एक नग धारदार बटनदार चाकू को जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर

कोलाहल नियंत्रण

ध्वनि प्रदूषण को लेकर हाईकोर्ट में चल रहा मामला

कानफोड़ू डीजे के लिए तय नियमों का पालन नहीं, हाईकार्ट ने जताई नाराजगी

बिलासपुर/नवप्रदेश। ध्वनि प्रदूषण को लेकर चल रही सभी जनहित याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने कहा कि कोलाहल नियंत्रण अधिनियम के तहत शासन की बनाई गई समिति जांच कर निर्णय लेगी। अगली सुनवाई फरवरी के दूसरे सप्ताह में निर्धारित की गई है। नागरिक संघर्ष समिति रायपुर और कई अन्य नागरिकों ने त्यौहार और शादी समारोहों में तेज आवाज के साथ बजाए जाने वाले डीजे को लेकर हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की थी। कानफोड़ू शोर के कारण

एक छोटे बच्चे की मौत होने की खबर को भी हाईकोर्ट ने संज्ञान में लिया था। सभी जनहित याचिकाओं को मर्ज कर एक साथ सुनवाई की जा रही है। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा की डीविजन बेंच में पहले हुई सुनवाई के दौरान कोर्ट ने आदेश का पालन ना होने को लेकर नाराजगी जताई थी। नाराज कोर्ट ने राज्य शासन के अफसरों को नियमों व आदेशों का शब्दशः पालन करने का निर्देश दिया था। देर रात तक डीजे बजाए जाने को लेकर व ध्वनि प्रदूषण पर कोर्ट ने कहा था कि आम आदमी करेगा क्या? ऐसा लगता है लॉ एंड ऑर्डर रह ही नहीं गया है। कोर्ट ने कहा कि डीजे बजाने पर जो प्रतिबंध लगाया गया है उसके नियमों का पालन नहीं हो रहा है और अभी भी डीजे बजाने की शिकायतें मिल रही हैं। प्रशासन ध्वनि प्रदूषण के नियमों का पालन नहीं करा रहा है।

कलेक्टर नियमों का पालन करें : डिवीजन बेंच

कोर्ट ने सभी जिला कलेक्टरो को आदेशित किया था कि ध्वनि प्रदूषण पर कोर्ट के आदेशों और नियमों का शब्द और भावना अनुरुप पालन करें। अगर नहीं करेंगे तो हम मानेगें कि, जिला कलेक्टर ही इसका पालन नहीं करना चाहते। आदेश की प्रति सभी जिला कलेक्टर को भेजने के आदेश भी दिए गए थे। रायपुर की सिंगापुर सिटी के बाजू में रहने वाले अमित मल ने हस्तक्षेप याचिका दायर कर कोर्ट को बताया था कि सिंगापुर सिटी के मरीना क्लब में डांडिया खेलने के दौरान ध्वनि प्रदूषण की पुलिस को शिकायत करने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की गई। इसी तरह कई अन्य लोगों ने भी हस्तक्षेप याचिका लगाई है।

न्यूज गैलरी

बसंत पंचमी, नामदेव ज्ञानोदिवस के रूप में मनाने चर्चा की

मुंगेली/नवप्रदेश। नामदेव समाज की बैठक अध्यक्ष राजेंद्र नामदेव की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें सभी पदाधिकारी सहित सभी सामाजिकजन सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में 2 फरवरी बसंत पंचमी श्री नामदेव ज्ञानोदिवस के रूप में मनाने की बात रखी गयी। समाज के कोषाध्यक्ष मनोज नामदेव के द्वारा फंड की जानकारी प्राप्त हुई। बैठक में लोरमी के समाजिकजनों को मुंगेली समाज मे जोड़ने की बात रखी गई। जिस पर समाज के वरिष्ठजनों के दिशा निर्देश के अनुसार आगे की कार्यवाही करने का निर्णय लिया गया।

मदनपुर में राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया

मुंगेली/नवप्रदेश। रवीन्द्र भारती स्कूल मदनपुर में राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ शारदे व माँ भारती की पूजा अर्चना व द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त नायब सूबेदार कमल मंगेश्कर व विशिष्ट अतिथि के रूप में विद्यालय समिति के पूर्व अध्यक्ष संजय सिंह परिहार द्वारा ध्वजारोहण किया गया। साथ ही विद्यालय के प्रबंध निर्देशक भूपेंद्र चंद्राकर व संस्था प्राचार्य मनोहर यादव उपस्थित रहे।

सुरदा में नवधा रामायण समारोह एवं मानस ज्ञान प्रतियोगिता

मुंगेली/नवप्रदेश। ग्राम सुरदा में अखण्ड नवधा रामायण समारोह एवं मानस ज्ञान प्रतियोगिता 20वॉ वर्ष का आयोजन 27 जनवरी से 05 फरवरी तक किया जा रहा है। अखण्ड नवधा रामायण समारोह के आचार्य पं. दीपक कुमार तिवारी एवं यजमान शिवप्रसाद साहू, राजेश्वरी है। प्रथम दिवस 27 जनवरी को स्थापना एवं देव पूजन का कार्यक्रम रखा गया। 04 फरवरी को कलश यात्रा, मानस प्रतियोगिता एवं 05 फरवरी को सहस्त्रधारा विसर्जन होगा। अखण्ड नवधा रामायण समारोह एवं मानस ज्ञान प्रतियोगिता के संरक्षक मालगुजार ग्राम सुरदा दिनेश पाण्डेय, सरपंच ओमती दानेश्वर पटेल, अध्यक्ष रघुनंदन पटेल, उपाध्यक्ष दुर्जन पटेल एवं संचालक द्वारिका पटेल, मनीष पटेल, दुखीराम पटेल एवं दुर्गेश पटेल है। उक्ताशय की

निर्दलियों से लेकर प्रमुख पार्टी के प्रत्याशियों से संपर्क कर मान मनौव्वल का दौर जारी

नगर पालिका में मुख्य मुकाबला भाजपा और कांग्रेस प्रत्याशियों के बीच होगा

मुंगेली/नवप्रदेश। नगर पालिका में मुख्य मुकाबला भाजपा और कांग्रेस प्रत्यासियों के बीच होना है। ऐसे में कुछ राजनैतिक दल के कुछ दिग्गज नेता एवं लगातार पांच वर्षो से पार्षद रह कर वार्ड की सेवा कर रहे नेता सहित पालिका में प्रमुख पदों पर रहे कार्यकर्ताओं ने चुनाव लडने की आस में विगत कई वर्षो से तैयारियां और लोगो के बीच मेल-मुलाकात व पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से सतत प्रयास करते रहें। एक अनार सौ बीमार वाली कहावत अध्यक्ष टिकट के लिये साबित हुई। अंततः भाजपा से अध्यक्ष प्रत्याशी के रूप में पूर्व अध्यक्ष शैलेष पाठक व कांग्रेस से युवा नेता रोहित शुक्ला के नाम पर पार्टी द्वारा मुहर लगाए जाने के बाद अन्य नेता जो अध्यक्ष प्रत्याशी के लिये जद्दोजहद कर रहे थे, वे उनमें कूछ नेताओ को पार्षद टिकट मिलने पर संतुष्ट होना पड गया।

स्क्रूटनी के पश्चात से निर्दलियों से लेकर प्रमुख पार्टी के प्रत्याशियों से संपर्क कर मान मनौवल का दौर जारी है। प्रमुख पार्टियों की टिकट पर नामांकन करने वाले प्रत्याशियों के चेहरों पर खुशी कम चिंता की लकीरे ज्यादा नजर आती रही। दोनो पार्टियो के भारी जद्दोजहद के बाद जारी की लिस्ट के बाद नाराज बागियों ने जहां अपना बगावती रूख अख्तियार कर लिया। पार्टियों से टिकट न मिलने से नाराज उम्मीदवारों से पार्टी के प्रमुख नेता घर पहुंचकर मान-मनौवल में जुटे हुए है। टिकट मिलने से वंचित कुछ उम्मीदवार अन्य पार्टियों से प्रमुख पार्टी से नामांकन दाखिल किये है। असंतुष्ट

कार्यकर्ताओं ने निर्दलीय प्रत्याशियों के रूप में अपना नामांकन दाखिल किया। नाम वापसी की अंतिम तिथि शुक्रवार 31 जनवरी को है। नाम वापसी के पश्चात साफ हो जायेगा कि दोनो प्रमुख पार्टियों के पार्षद पद हेतु उम्मीदवार एवं निर्दलीय प्रत्याशी कौन रहेंगे। आने वाले निकाय चुनावों को लेकर कांग्रेस और भाजपा कितनी संजीदा नजर आ रही है। दोनो पार्टियों के लिए मुंगेली नगर पालिका की बिसात इतनी महत्वपूर्ण है। टिकिट ईच्छा रखने वाले उन प्रत्याशियों के मन भी टूटने लगे जो वर्षो से संगठन के प्रति समर्पित रहे थे। आरक्षण के चलते दूसरे वार्ड के दमदार प्रत्याशी द्वारा पूर्व में पार्षद रहे उनकी टिकट हथियाई गई। उन्हें इस दौड़ से बाहर कर दिया गया। जिसका खामियाजा भी पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी को न भुगतना पड़ जाएं। कुछ ऐसे प्रत्याशी जिनका वार्डो में पकड़ अच्छा रहा है पर आरक्षण के चलते दूसरे वार्ड से आये प्रत्याशियों को उनकी जगह तवज्जो दी गई। ऐसे वार्ड में पार्टी समर्थित उम्मीदवार को विरोधी दलों के साथ-साथ अपने दल के लोगो से भी सतर्क रहना पड़ सकता है। इस बार का चुनाव कई मायनो में दिलचस्प होता जा रहा है। एक तरफ जहां पार्षद के लिये कई व्यवसायियों के साथ-साथ अधिकांश ऐसे नये चेहरे है जो इस चुनाव में अपनी दावेदारी प्रमुखता से पेश कर रहे हैं। इस बार निर्दलियों की भी अहम भूमिका नजर आ सकती हैं। स्क्रूटनी के पश्चात पार्टी के उम्मीदवार अपने प्रतिद्वंद्वियों से संपर्क कर मान-मनौवल में जुटे हुए है। नाम वापसी कराने के लिए शाम, दाम, दण्ड, भेद की नीति अपना रहे है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार निर्दलीय प्रत्याशी के अलावा पार्टियों के घोषित प्रत्याशी भी मैदान छोड़ सकते है। जनता भी पूर्व प्रतिनिधियों के कार्यकाल की भी समीक्षा कर रही है। पिछ्ले 5 साल के कार्यकाल में पार्षदो द्वारा वार्डो के विकास के लिये जो कार्य किया जाना था वो या महज कागजी कार्यवाही बनकर रह गई या फिर जमीनी हकीकत में मूर्त रूप से साकार नहीं हुई है। किन पार्षदो ने अपने मद का कहा, कितना उपयोग किया है या फिर जनता को महज हसीन सपने दिखाकर वादों की झड़ी लगाई है। इन सबका अब वार्डो की जनता विश्लेषण करेगी। आरटीआई के माध्यम से निकाली गई जानकारी के अनुसार पार्षद मद का प्रयोग जरूरी जगहों में न हो कर उन जगहों में किया

नियुक्त दल नोडल अधिकारी के रिटर्निंग अधिकारी के निर्देशन में कार्य करेंगे

नगरपालिका निर्वाचन व्यय लेखा के लिए नोडल व सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त

बलरामपुर/नवप्रदेश। नपा/नगर पंचायतों के आम निर्वाचन के लिए अध्यक्ष पद हेतु निर्वाचन व्यय सीमा का प्रावधान किये जाने के फलस्वरूप कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राजेन्द्र कटारा के द्वारा निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण के लिए जिला कोषालय अधिकारी दशरथ प्रसाद सोनी को नोडल व सहायक कोषालय अधिकारी नेहा ठाकुर को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

साथ ही निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण कार्य हेतु पृथक व्यवस्था के तहत निर्वाचन व्यय संपरीक्षक भी नियुक्त किया गया है। नियुक्त दल नोडल अधिकारी एवं नगरपालिका निर्वाचन के रिटर्निंग अधिकारी के निर्देशन में कार्य करेंगे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी राजेन्द्र कटारा के द्वारा नगरपालिका बलरामपुर के लिए कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विभाग के लेखापाल इकबाल अहमद

को संपरीक्षक/नोडल अधिकारी एवं पशुपालन विभाग के सहायक ग्रेड-03 अमरदीप कुजूर, नगरपालिका बलरामपुर के लेखापाल आशिष विश्वास, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी बलरामपुर के सहायक ग्रेड-02 नीरज गुप्ता को व्यय सहायक नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार नगरपालिका रामानुजगंज के लिए विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी रामचन्द्रपुर के लेखापाल सूर्यप्रताप कुशवाहा को संपरीक्षक/नोडल अधिकारी एवं उप कोषालय रामानुजगंज के सहायक ग्रेड-02 संदीप पाल, तहसील कार्यालय रामानुजगंज के सहायक ग्रेड-03 रामधनी यादव, जल संसाधन विभाग रामानुजगंज के डाटा एण्ट्री ऑपरेटर रबीश कुमार दीप को व्यय सहायक, नगर पंचायत कुसमी के लिए उप कोषालय अधिकारी कुसमी को संपरीक्षक/नोडल अधिकारी एवं शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय मदगुरी सहायक ग्रेड-02 संदीप कुमार सिन्हा, शासकीय स्नातक महाविद्यालय कुसमी के सहायक ग्रेड-01 श्री विनय कुमार टोप्पो, शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय कोरंधा के सहायक ग्रेड-03 प्रवीण कुमार भगत को व्यय सहायक, नगर पंचायत राजपुर के लिए जिला परिवहन कार्यालय के सहायक लेखा अधिकारी जयसिंह सांडिल्य को संपरीक्षक/नोडल अधिकारी एवं विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी राजपुर के सहायक ग्रेड-02 आशीष कुमार पटेल एवं प्रदीप चौधरी, तहसील कार्यालय राजपुर के सहायक ग्रेड-02 धनसिंह पैकरा को व्यय सहायक तथा नगर पंचायत वाड्रफनगर के लिए उप कोषालय अधिकारी वाड्रफनगर को संपरीक्षक/नोडल अधिकारी एवं विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी वाड्रफनगर के लेखापाल राजेश मिश्रा, तहसील कार्यालय वाड्रफनगर के सहायक ग्रेड-02 जगदीश सिंह व शासकीय रानी दुर्गावती महाविद्यालय वाड्रफनगर के सहायक ग्रेड-02 श्री सुरेन्द्र कोशले को व्यय सहायक नियुक्त किया गया है। साथ ही व्यय लेखा के नोडल अधिकारी दशरथ प्रसाद सोनी के सहायक के लिए जिला कोषालय कार्यालय के सहायक ग्रेड-02 उमाशंकर भगत व श्याम सुमित कुमार को नियुक्त किया गया है।

जन समर्थन से नगर पालिका के चुनाव मैदान में उतरा: जालान

पेण्ड्रा/नवप्रदेश। कांग्रेस पार्टी से कोई बगावत नहीं है। नगर विकास और जन आशीर्वाद से मैदान में है। जीत उनकी होगी। उक्त बातें पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश जालान एवं निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में पर्चा दाखिल करते हुए कही। उनके साथ 15 वार्डों के निर्दलीय प्रत्याशियों ने पर्चा दाखिल किया। इससे पूर्व वे नगर में रैली निकालते हुए 15 वार्ड के पार्षद प्रत्याशियों के साथ शक्ति प्रदर्शन किया। इसके बाद नामांकन फार्म भरा। उन्होंने कहा आम जनता के लिए पर्चा दाखिल किया। नगर के सभी वार्ड से बड़ी संख्या में उनके समर्थकों ने रैली में शामिल होकर पर्चा दाखिल करने उनके साथ रहे। उन्होंने कहा यह चुनाव केवल विकास की बात करने वालों और विकास करने वालों के बीच की है। उन्होंने जनता से अपील की कि वे आशीर्वाद देकर विकास के कार्यों को आगे बढ़ाएं। प्रत्याशियों ने गाजे-बाजे के साथ उत्साह के नामांकन जमा किया। बनगर के प्रमुख चौक चौराहे से गाजे-बाजे और ढोल-नगाड़ों के साथ कार्यकर्ता नारे लगाते हुए मुख्य मार्ग से निकले। रैली में शामिल जालान के समर्थकों को उत्साह देखने लायक था।

ग्राम खुझी तक पहुंच मार्ग की स्थिति का जायजा लेने पहुंचे कलेक्टर

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। कलेक्टर विलास भोसकर ने गत जुलाई माह में विकासखण्ड उदयपुर के सुदूर ग्रामों का दौरा किया था। इस दौरान दुर्गम रास्तों से सुदूर ग्राम खुझी तक कलेक्टर स्वयं बाइक चलाकर पहुंचे थे। उन्होंने इस दौरान सम्बन्धित अधिकारियों को पहुंच मार्ग चौड़ीकरण के साथ मरम्मत कराए जाने निर्देशित किया था, ताकि ग्रामीणों को आवगमन में समस्या ना हो। कलेक्टर इसी मार्ग से ग्राम खुझी तक चारपहिया वाहन से पहुँचे। कलेक्टर के निर्देशानुसार खुझी तक के इस मार्ग की स्थिति अब लोगों के आवागमन के लिए बेहतर हो गई है। पहले यहां बाइक से जाने में भी लोगों को डर रहता था, क्योंकि चट्टान पहाड़ की वजह से दुर्घटना का ख़तरा बना रहता था। जिला प्रशासन द्वारा मार्ग की मरम्मत कर चौड़ीकरण का कार्य कराया गया है, जिससे अब आसानी से गांव तक पहुंचा जा सकता है। कलेक्टर ने इस दौरान ग्राम के प्राथमिक शाला खुझी का निरीक्षण किया। उन्होंने शिक्षिका से बच्चों की उपस्थिति, मिड डे मील, शिक्षा सहित अन्य व्यवस्थाओं के सम्बंध में जानकारी ली। शिक्षिका द्वारा शाला हेतु अतिरिक्त कमरे की आवश्यकता के सम्बन्ध में कलेक्टर को अवगत कराया गया, कलेक्टर द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी को अतिरिक्त कमरे बनाए जाने हेतु कार्ययोजना तैयार किए जाने निर्देशित किया गया। इस दौरान कलेक्टर ने ग्रामीणों से भी मुलाकात कर उनकी आवश्यकताओं एवं समस्याओं

निरस्ती व नया टोकन जारी करने कहा

मुंगेली/नवप्रदेश। कलेक्टर राहुल देव ने बताया कि शासन द्वारा पंजीकृत कृषकों से प्राप्त टोकन एवं रकबा समर्पण संबंधी समस्याओं के निराकरण कर धान क्रय हेतु खाद्य नियंत्रक खाद्य अधिकारी मॉड्यूल के जरिए एक अतिरिक्त टोकन जारी किया जा सकता है। त्रुटिवश रकबा समर्पण होने पर रकबा को पुनः रिस्टोर कर पात्रतानुसार धान का विक्रय किया जा सकता है। कलेक्टर ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि त्रुटिपूर्ण टोकन जारी के होने पर पात्रतानुसार धान विक्रय करने के लिए टोकन में निरस्ती व नया टोकन जारी करने की कार्यवाही किया जाए।

पंच, सरपंच तथा जंप सदस्य के 346 ने किया नामांकन पत्र दाखिल

लखनपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य चुनाव आयोग के निर्देश पर सरगुजा जिले के लखनपुर में पंच, सरपंच व जनपद सदस्य पद के लिए 27 जनवरी से नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। जिसके तहत 29 जनवरी दिन बुधवार तक उम्मीदवारो ने नियमानुसार अपने नामांकन पत्र दाखिल किये है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक पंच ,सरपंच एवं जनपद पंचायत सदस्यों तीनों मिलाकर 346 प्रत्याशियों ने नामांकन फार्म जमा किये है। लखनपुर जंप क्षेत्र के 74 ग्राम पंचायतों में कुल 970 वार्ड बनाये गये हैं। जिसमें पंच के लिए 261 सरपंच 58 जनपद सदस्य

के लिए 27 दावेदारों ने नामांकन दाखिल कर दिया है। इस तरह से पंच सरपंच तथा जंप सदस्य तीनों मिलाकर कुल 346 उम्मीदवारो ने नामांकन पत्र दाखिल किये है। आगे नामांकन पत्र दाखिल करने का सिलसिला जारी है। नामांकन फार्म खरीदने तथा जमा करने का आंकड़ा दिन प्रतिदिन बढ़ने लगा है। सर्व विदित है कि छत्तीसगढ़ चुनाव आयोग ने 3 चरणों में 17-20 एवं 23 फरवरी को मतदान प्रक्रिया सम्पन्न कराने निर्णय लिया है। 3 फरवरी तक नामांकन पत्र भरे जायेंगे 4 फरवरी को स्कूटनी के बाद 6 फरवरी को नामांकन-पत्र वापस लिए जाने तिथि सुनिश्चित की गई। लखनपुर जनपद पंचायत में नामांकन की प्रक्रिया जारी है।

44 पाव देशी शराब कार में परिवहन करते आरोपी गिरफ्तार

सक्ती/नवप्रदेश। अवैध शराब, जुआ एवं गांजा बिक्री एवं परिवहन पर अंकुश लगाने हेतु नशा मुक्ति अभियान के तहत लगातार वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दिशा निर्देश दिया जा रहा था।

जिसके परिपालन में 29 जनवरी को अवैध शराब रेड कार्यवाही पर अवैध शराब रखकर परिवहन करने की सूचना मिलने पर पुलिस अधीक्षक सक्ती अंकिता शर्मा (भापुसे), अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश यादव (रापुसे) एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) चंद्रपुर (डभरा) सुमित गुप्ता को सूचना के बारे में अवगत कराकर कुशल

दिशा निर्देशन प्राप्त होने पर ग्राम अमलीडीह में आरोपी रामलाल मनहर पिता राम कुमार मनहर उम्र 35 वर्ष साकिन अमलीडीह थाना हसौद जिला सक्ती (छ.ग.) द्वारा एक सफेद बलेनो कार क्रमांक सीजी 13 एएस 1015 में अवैध रूप से देशी प्लेन शराब रखकर परिवहन करते पाये जाने पर आरोपी रामलाल मनहर के कब्जे से एक सफेद रंग की प्लास्टिक बोरी में रखे 44 पाव यूनिक देशी प्लेन शराब प्रत्येक में 180 म्लशराब भरी हुई प्रत्येक शील बंद कीमती करीब 3960/रू कुल शराब 7920 रूएवं परिवहन में एक सफेद रंग की बलेनो कार जब्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। आरोपी रामलाल मनहर को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। उक्त कार्यवाही निरीक्षक विन्टन साहू थाना प्रभारी हसौद के नेतृत्व में सउनि बिसोहन चंद्रा, प्र.आर. परमानंद घृतलहरे, अश्वनी सिदार, आर. शिव कुमार यादव, गंगाराम यादव, कमलेश धारिया, राजेश कुमार यादव द्वारा किया गया है।

निकाय चुनाव...

नगर पालिका निगम महापौर के लिए सभी 6 अभ्यर्थियों के नामांकन विधिमान्य

अभ्यर्थी 31 जनवरी तक कर सकेंगे नाम वापसी, स्क्रूटनी की कार्रवाई हुई

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 हेतु जारी कार्यक्रम के अनुसार नाम निर्देशन की प्रक्रिया 28 जनवरी को पूर्ण हुई। राजनीतिक दलों की उपस्थिति में रिटर्निंग एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारियों के द्वारा प्राप्त आवेदनों के स्क्रूटनी की कार्यवाही की गई। नामांकन जमा करने के अंतिम तिथि तक नगर पालिका निगम अम्बिकापुर महापौर के लिए कुल 06 प्रत्याशियों ने नाम निर्देशन पत्र जमा किए थे, जिनमें से सभी 06 अभ्यर्थियों के नामांकन विधिमान्य पाए गए। जिनमें भारतीय जनता पार्टी से श्रीमती मंजूषा भगत, इंडियन नेशनल कांग्रेस से डॉ अजय कुमार तिर्की, आम आदमी पार्टी से श्री राजीव लकड़ा, हमर राज पार्टी/निर्दलीय श्री तरूण कुमार भगत, बहुजन समाज पार्टी से श्री प्रकाश कुमार किस्पोट्टा, गोंडवाना गणतंत्र पार्टी से श्रीमती माधुरी सिंह सांडिल्य के नामांकन विधिमान्य पाए गए हैं।

वहीं नगर पालिका निगम अम्बिकापुर के कुल 48 वार्डों हेतु 154 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया था, जिसमें से 153 प्रत्याशियों के नामांकन विधिमान्य पाए गए। वार्ड क्रमांक 42 के निर्दलीय प्रत्याशी श्री अजहर खान का नाम निर्देशन

पत्र अस्वीकृत किया गया है।नगर पंचायत लखनपुर में अध्यक्ष एवं वार्ड पार्षदों के भरे गए सभी नामांकन विधिमान्य-नगर पंचायत लखनपुर हेतु नाम निर्देशन के अंतिम दिन तक अध्यक्ष हेतु 03 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाख़िल किए थे, जिसमें सभी नामांकन पत्र विधिमान्य पाए गए। वहीं 15 वार्डों हेतु पार्षद के लिए 36 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाख़िल किए थे, जिसमें सभी नामांकन पत्र विधिमान्य पाए गए। नगर पंचायत सीतापुर हेतु नाम निर्देशन के अंतिम दिन तक अध्यक्ष हेतु 04 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाख़िल किए थे, जिसमें सभी नामांकन पत्र विधिमान्य पाए गए। वहीं 15 वार्डों हेतु पार्षद के लिए 49 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाख़िल किए थे, जिसमें सभी नामांकन

कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने रजिस्ट्री कार्यालय का किया निरीक्षण

मुंगेली/नवप्रदेश। कलेक्टर राहुल देव और पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल ने रजिस्ट्री कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने अर्जी नवीस के दस्तावेजों की जांच कर पोर्टल में एंट्री का अवलोकन किया। इसके बाद कलेक्टर और एसपी ने रजिस्ट्री कार्यालय में नक्शा बटांकन और विभिन्न कारणों से रजिस्ट्री कार्य में आ रही समस्याओं की जानकारी ली। साथ ही उन्होंने रजिस्ट्री की पूरी प्रक्रिया को कंप्यूटर में बैठकर चरणबद्ध तरीके से अवलोकन किया। कलेक्टर ने कहा कि रजिस्ट्री कार्य में आ रही समस्याओं का त्वरित समाधान करते हुए संबंधित अधिकारी निर्धारित समय सीमा में रजिस्ट्री कार्य को पूर्ण करें। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही एवं कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्टर ने रजिस्ट्री कार्य को तय समय सीमा में पूर्ण करते हुए शासन के खाते में निर्धारित शुल्क की राशि अनिवार्य रूप से जमा करने की सख्त हिदायत दी। उन्होंने कहा कि रजिस्ट्री में चोरी की शिकायत पर सख्त कार्रवाई

■ न्यूज गैलरी

सीईओ जिला पंचायत ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के प्रशिक्षण का किया निरीक्षण

कोरबा/ नव प्रदेश। दिनेश कुमार नाग मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत कोरबा के द्वारा बुधवार को उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विद्युत गृह क्रमांक 01 में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए मतदान दल को दिए जा रहे प्रशिक्षण का निरीक्षण किया गया। इस दौरान सीईओ ने प्रशिक्षण में अनुपस्थित कर्मियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। प्रशिक्षण दो पाली में आयोजित किया गया जिसमें कुल 850 अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल हुए। सीईओ ने सभी प्रशिक्षुओं को चुनाव प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु मार्गदर्शन दिया,विशेष रूप से मतगणना प्रक्रिया पर ध्यान देने की बात कही। साथ ही,मतदान प्रक्रिया की संपूर्ण जानकारी प्राप्त करने हेतु निर्देश दिए। इस अवसर पर सहायक रिटर्निंग अधिकारी जनपद पंचायत कोरबा, विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं उनकी टीम उपस्थित रही।

बैकुंठपुर में त्रिस्तरीय पंचायत एवं नगर पंचायत निर्वाचन के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम जारी

कोरिया/ नव प्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चंदन संजय त्रिपाठी के आदेशानुसार त्रिस्तरीय पंचायत एवं नगर पंचायत निर्वाचन 2024-25 के लिए मतदान दलों का प्रशिक्षण कार्यक्रम जारी किया गया है।

नगर पंचायत बैकुंठपुर हेतु प्रथम चरण का प्रशिक्षण 1 फरवरी 2025 को जनपद पंचायत बैकुंठपुर के सभा कक्ष में आयोजित किया जाएगा। इसी प्रकार द्वितीय चरण का प्रशिक्षण 6 फरवरी 2025 को आयोजित होगा। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी क्रमांक 01, 02, 03 तथा सेक्टर ऑफिसर्स को प्रशिक्षण दिया जाएगा। त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन हेतु प्रथम चरण का प्रशिक्षण 2 फरवरी 2025 को आयोजित किया जाएगा। इसके अलावा 5 फरवरी 2025 को त्रिस्तरीय पंचायत मतदान दलों के प्रशिक्षण का दूसरा चरण संपन्न होगा। प्रशिक्षण स्थलों में बैकुंठपुर हेतु सेंट जोसेफहायर सेकेंडरी स्कूल बैकुंठपुर तथा सोनहत हेतु सेजेस सोनहत निर्धारित किया गया हैं। प्रशिक्षण प्रदान करने वाले मास्टर ट्रेनर्स में विनय मोहन भट्ट, एमआईएस प्रशासक, अशोक गुप्ता, शैक्षिक समन्वयक सहित अन्य अधिकारी सम्मिलित होंगे। जारी मास्टर ट्रेनर्स की सूची पत्र क्रमांक-240, दिनांक 20 जनवरी 2025 के अनुसार तय की गई है।

निर्वाचन संबंधी शिकायतों के लिए कंट्रोल रूम स्थापित

जांजगीर-चांपा/ नव प्रदेश। नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के तहत जिला निर्वाचन कार्यालय जांजगीर-चांपा में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। यह कंट्रोल रूम 24 घंटे संचालित होगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री आकाश छिकारा द्वारा नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के मद्देनजर जिला निर्वाचन कार्यालय में स्थापित कंट्रोल रूम के 24 घंटे संचालन के लिए अधिकारी, कर्मचारियों की तैनाती की गई है। उक्त कंट्रोल रूम में स्थापित दूरभाष का क्रमांक 7817359720 है।

नाम वापस लेने की अंतिम तारीख

रायगढ़ /नव प्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग, रायपुर द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार नगरीय निकाय निर्वाचन 2024-25 हेतु नाम निर्देशन पत्र 22 से 28 जनवरी 2025 तक दाखिल किए गए। रायगढ़ नगर निगम हेतु अभ्यर्थियों द्वारा जमा किए गए नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में रिटर्निंग ऑफिसर रवि राही के द्वारा आज अभ्यर्थियों एवं उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति में की गई। इस दौरान प्रेक्षक के.डी.कुंजाम, आयुक्त नगर निगम बृजेश सिंह क्षत्रिय, ज्वाईट कलेक्टर राकेश कुमार गोलछा, डिप्टी कलेक्टर रेखा चन्द्रा, एसडीएम रायगढ़ श्री प्रवीण तिवारी उपस्थित रहे है। नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा के पश्चात रायगढ़ नगर निगम अंतर्गत वार्ड क्रमांक 08 से संध्या भगत एवं वार्ड क्रमांक 16 से डॉ.श्रीधर स्वाई का नाम निर्देशन पत्र अमान्य पाए गए। इसके साथ ही रायगढ़ नगर निगम के अन्य सभी वार्डो के अभ्यर्थियों के नाम निर्देशन विधिमान्य पाए गए। नाम निर्देशन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 28 जनवरी तक नगर निगम रायगढ़ अंतर्गत 48 वार्डों के लिए कुल 177 अभर्थियों के द्वारा पार्षद पद हेतु नाम निर्देशन पत्र प्राप्त हुए थे। संवीक्षा पश्चात दो अभ्यर्थियों के नाम निर्देशन पत्र अमान्य होने के पश्चात अब 175 अभ्यर्थियों के नाम निर्देशन पत्र विधिमान्य है।

प्रेक्षक ने स्ट्रांग रूम, मतदान केंद्रों और अंतर्राज्यीय जांच नाका का किया निरीक्षण

बलरामपुर/ नव प्रदेश। जिले में नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 निष्पक्ष और शांतिपूर्ण कराने के लिए प्रेक्षक लोकेश कुमार ने स्ट्रांग रूम, विभिन्न मतदान केंद्रों और रामानुजगंज स्थित अंतर्राज्यीय जांच नाका का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था, और प्रशासनिक प्रबंधों की विस्तार से जानकारी ली।

प्रेक्षक लोकेश कुमार ने स्ट्रांग रूम का अवलोकन करते हुए ईवीएम (इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन) की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने निर्देश दिए कि स्ट्रांग रूम में 24 घंटे कड़ी सुरक्षा बनी रहे और सीसीटीवी कैमरों की निगरानी सक्रिय रूप से जारी रहे। साथ ही उन्होंने विभिन्न मतदान केंद्रों का दौरा कर वहां की तैयारियों का अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी मतदान केंद्रों पर बुनियादी सुविधाएं जैसे पेयजल, शौचालय, रैंप (दिव्यांग मतदाताओं के लिए),

बिजली और पर्याप्त रोशनी सुनिश्चित की जाए। रामानुजगंज स्थित बैरियर का निरीक्षण करते हुए प्रेक्षक लोकेश कुमार ने चुनावी सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वाहनों की सख्ती से जांच की जाए और किसी भी अवैध गतिविधि पर त्वरित कार्यवाही करें।

प्रेक्षक लोकेश कुमार ने बलरामपुर में त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों के लिए मतदान दलों के प्रथम प्रशिक्षण का निरीक्षण भी किया। इस दौरान उन्होंने मतदान कर्मियों को मतदान प्रक्रिया, मतपत्र लेखा और मतगणना के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

इस दौरान अनुविभागीय अधिकारी बलरामपुर अमित श्रीवास्तव, अनुविभागीय अधिकारी रामानुजगंज देवेन्द्र प्रधान, तहसीलदार मनोज पैकरा सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

बन्देपारा मुठभेड़ को ग्रामीणों ने बताया फर्जी, दो ग्रामीणों को घर से ले जाकर किया एनकाउंटर

एंकाउंटर में मारे गए 3 नक्सली और दो थे ग्रामीण

भोपालपटनम/ नव प्रदेश। 12 जनवरी को बंदेपारा कोरजेड इलाके में पुलिस और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में 3 नक्सली और 2 ग्रामीण मारे जाने का आदिवासी समाज नें खुलासा किया है।

घटना के बाद शनिवार को आदिवासी समाज के प्रमुखो नें बंदेपारा गांव का दौरा किया ग्रामीणों से मुठभेड़ में मारे गए युवाओं कि जानकारी ली ग्रामीणों नें बताया कि हमारे गांव से दो ग्रामीणों को पुलिस नें ख़त्म किया है। ग्रामीणों नें बताया कि मिच्चा रमेश और एचम रमेश दोनों बन्देपारा के निवासी है। उस दिन 12 जनवरी को हुई मुठभेड़ में पुलिस नें दोनों को घर से लेकर गए और उनका इंकाउंटर कर दिया है। ग्रामीणों नें बताया कि मिच्चा रमेश कि एक साल पहले शादी हुआ है ,उसकी पत्नी मिच्चा मुन्नी आरेपल्ली सेड्रा की निवासी है, परिवार में माता पिता दोनों जीवित है, पिता नीला माता काटी है। मिच्चा रमेश का चाचा रविन्द्र पुलिस में नौकरी कर

रहा है। एसम रमेश भी बन्देपारा का रहने वाला है उसकी 4 साल पहले ऐसाम इरे से शादी हुई है उसका पूरा परिवार बन्देपारा में रहता है। परिजनों का आरोप है कि रमेश को घर से उठाकर जवान अपने साथ लेकर गए और उनका एनकाउंटर कर नक्सली बता दिया जबकि वहां गाँव मे रहता था और टेक्टर ड्राइवर था। आदिवासी समाज नें ग्रामीणों से आपबीती जानी और कहा कि इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और दोषियों पर कार्यवाही होनी चाहिए। इस मुलाक़ात में आदिवासी समाज के अध्यक्ष वल्वा मदनैया, मिच्चा मुतैया, अशोक मड़े, तलाड़ी इस्तारी, श्रवण सेंड्रा, प्रमोद ओयाम, सतीश मंडावी, बिद्दू मंडावी, पांडु तेलाम, जमुना कोरसा, बबिता मिच्चा, मिच्चा सम्मैया, निर्मला मरपल्ली, मंडरा नागेश, अनिल पामभोई, टिंगे चिन्नाबाई, अरुण वासम, बसंत ताटी, व अन्य लोगों मौजूद थे।

एंकाउंटर में मारे गए 3 नक्सली और दो थे ग्रामीण

पुलिस नक्सली मुठभेड़ में मारे गए 3 नक्सली और 2 ग्रामीण थे ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस नें दो निर्दोष कि हत्या कि है उनका आरोप है कि पुलिस नें घर से उठाकर ग्रामीणों को मारा है वे नक्सली नहीं थे गांव में रहकर साधारण जिंदगी जी रहे थे ऐसे ग्रामीणों को पुलिस नें नक्सली बता कर मारा है।

छात्र-छात्राओं को को दिलाई गई नशा मुक्ति की शपथ

बलरामपुर/ नव प्रदेश। कलेक्टर राजेंद्र कटारा के मार्गदर्शन में जिले के अंग्रेजी माध्यम स्कूल में उप संचालक समाज कल्याण एवं जिला शिक्षा अधिकारी के नेतृत्व में नशा से दूर रहने शपथ दिलाया गया। जिसमें लगभग 300 छात्र-छात्राओं ने शपथ लेकर किसी भी प्रकार का मादक पदार्थों का सेवन नहीं करने एवं दूसरों को भी नशा नहीं करने के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया। उप संचालक समाज कल्याण विभाग चंद्रमा यादव ने बताया कि नशा करने से आर्थिक एवं शारीरिक हानि, रिश्तों का टूटना जैसे विभिन्न परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है, इसलिए कोई भी नशे के रास्ते को न अपनाएं और नही ऐसी संगत में रहे जो आपको नशे के रास्ते पर ले जाने का प्रयास करें।

अब तक कुल 6 अभ्यर्थियों ने किए नाम निर्देशन पत्र जमा

जिला पंचायत सदस्य के निर्वाचन के लिए अब तक कुल 71 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किए

जांजगीर-चांपा/ नव प्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आकाश छिकारा के निर्देशन में त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2025 के तहत जिला पंचायत जांजगीर-चांपा में जिला पंचायत सदस्यों के चुनाव के लिए नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने की प्रक्रिया 27 जनवरी 2025 से शुरू हो गई है। आज 29 जनवरी को 25 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किए एवं 4 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र जमा किए। अब तक कुल 71 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किए एवं कुल 6 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र जमा किए।

रिटर्निंग ऑफिसर एवं अपर कलेक्टर उज्जवल पोरवाल ने बताया कि नाम निर्देशन पत्र जमा करने की प्रक्रिया 03 फरवरी 2025 तक (अवकाश तिथि को छोड़कर) जारी रहेगी। जिला पंचायत सदस्य पद हेतु नाम निर्देशन पत्र प्राप्ति की तिथि 3 फरवरी 2025 तक, प्रतिदिन प्रातः 10:30 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक, नाम निर्देशन पत्र की जांच, संवीक्षा की तिथि 4 फरवरी 2025, नाम वापसी की अंतिम तिथि 6 फरवरी 2025 और प्रतीक आबंटन की तिथि 6 फरवरी 2025 निर्धारित है।

जिले की तीन स्वास्थ्य संस्थाओं को मिला राष्ट्रीय गुणवत्ता प्रमाण पत्र

कोरिया/ नव प्रदेश। जिले की आयुष्मान आरोग्य मंदिर सागरपुर, बिशुनपुर और सल्का ने राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एनक्यूएएस) मूल्यांकन में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राष्ट्रीय गुणवत्ता प्रमाण पत्र प्राप्त किया। यह उपलब्धि राष्ट्रीय गुणवत्ता टीम द्वारा किए गए मूल्यांकन के बाद मिली, जिसमें स्वास्थ्य सेवाओं की व्यापक जांच की गई।

स्वास्थ्य केंद्रों का मूल्यांकन और प्राप्त अंक

स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता की जांच के लिए राष्ट्रीय स्तर पर 12 विभागों एवं विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों का मूल्यांकन किया गया। कोरिया जिले की इन तीन स्वास्थ्य संस्थाओं ने उच्च अंक

प्राप्त कर अपनी गुणवत्ता सिद्ध की बिशुनपुर - 89.76: (मूल्यांकन तिथिः 4 जनवरी 2025), सागरपुर - 89.32: (मूल्यांकन तिथिः 6 जनवरी 2025) और सल्का - 89.00: (मूल्यांकन तिथिः 18 जनवरी 2025)।

राष्ट्रीय स्तर पर हुआ मानकों के आधार पर मूल्यांकन

कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देशन में और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के मार्गदर्शन में जिला कार्यक्रम प्रबंधक द्वारा यह मूल्यांकन सुनिश्चित किया गया। इस प्रक्रिया में स्वास्थ्य संस्थानों की क्वालिटी टीम, ब्लॉक स्तर की टीम, अस्पताल स्टाफएवं मितानिनों का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

कोरिया जिला बना प्रदेश में शीर्ष पांच में शामिल

इस उपलब्धि के साथ कोरिया जिला वर्तमान में छत्तीसगढ़ में पांचवें स्थान पर पहुंच गया है। स्वास्थ्य सेवाओं को राष्ट्रीय स्तर के स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) के अनुरूप तैयार किया गया, जिससे यह प्रतिष्ठित एनक्यूएएस प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ।

जिला शिक्षा अधिकारी ने किया विद्यालयों का निरीक्षण

बलरामपुर/नव प्रदेश। जिला शिक्षा अधिकारी डी.एन. मिश्रा ने शंकरगढ़ विकासखंड के विभिन्न विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्राथमिक शाला बगीचापारा, प्राथमिक शाला आसनपानी और प्राथमिक शाला तावरपानी में मध्याह्न भोजन (एमडीएम) पंजी और और कार्यालयीन पंजियां सही तरीके से संधारित नहीं की गई थी। जिस पर प्रधान पाठक बैजनाथ यादव, श्री काली यादव चंद्रप्रकाश यादव को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। नोटिस का संतोषप्रद जवाब नहीं मिलने जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा उक्त प्रधान पाठकों का एक वेतन वृद्धि असंचयी रूप से रोकी गई।

अनुपस्थित शिक्षकों पर भी हुई कार्रवाई

निरीक्षण के दौरान विभिन्न आश्रमों और विद्यालयों में अनुपस्थित पाए गए कर्मचारियों पर भी आवश्यक कार्रवाई की गई। जिसमें अजहरुद्दीन अंसारी (शिक्षक, माध्यमिक शाला जामपानी), बिजेंद्र राम (सहायक शिक्षक, प्राथमिक शाला आसनपानी) का दो दिवस, शंकर प्रसाद (सहायक शिक्षक, प्राथमिक शाला बगीचापारा) का 13 दिवस, बिरसज मिंज (सहायक शिक्षक, सलंगन शाला प्राथमिक शाला धसका), जयप्रकाश (भृत्य) और धुपन राम (भृत्य, बालक आश्रम जामपानी) का एक-एक दिवस वेतन रोका गया। जिला शिक्षा अधिकारी ने स्पष्ट किया कि शिक्षा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और आगे भी ऐसे औचक निरीक्षण कर अनियमितता पाये जाने पर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

महापौर पद 6, अध्यक्ष पद 25 तथा पार्षद पद के लिए 423 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र जमा किया

एमसीबी/ नव प्रदेश। नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 अंतर्गत नगर पालिका निगम चिरमिरी के महापौर पद हेतु कुल 6 अभ्यर्थियों एवं पार्षद पद हेतु 134 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र जमा किया। नगर पालिका निगम चिरमिरी के महापौर पद हेतु भारतीय जनता पार्टी से रामनरेश राय, इण्डियन नेशनल कांग्रेस से डॉ. विनय जायसवाल, गोंडवाना गणतंत्र पार्टी से रूकमनी मानिकपुरी के अलावा बबिता सिंह, बलदेवदास, ईस्माइल शेख, प्रेम शंकर सोनी, तथा ठेलाराम 5 अभ्यर्थियों ने निर्दलीय नाम निर्देशन पत्र जमा किया है। नगरपालिका परिषद् मनेंद्रगढ़ के अध्यक्ष पद के लिए श्रीमती प्रतिमा पटवा तथा प्रतिमा यादव ने नाम निर्देशन पत्र जमा किया है। वहीं इण्डियन नेशनल कांग्रेस से श्रीमती प्रभा पटेल तथा आप से श्रीमती हेमलता सोनी नाम निर्देशन पत्र जमा किया है। नगर पालिका परिषद् मनेंद्रगढ़ में 83 पार्षदों ने नाम निर्देशन पत्र जमा किया है। नगर पंचायत खोंगापानी अध्यक्ष पद के लिए 5 अभ्यर्थियों इण्डियन नेशनल कांग्रेस से ललिता यादव, भारतीय जनता पार्टी से वंदना लोहार एवं आशा, नोहर बाई यादव, पार्वती सेन ने निर्दलीय से नाम निर्देशन पत्र जमा किया है। वहीं नगर पंचायत खोंगापानी के पार्षद पद के लिए 58 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र जमा किया है। नगर पंचायत नई लेदरी अध्यक्ष पद के 5 अभ्यर्थी भारतीय जनता पार्टी से विरेंद्र सिंह राणा, इण्डियन नेशनल कांग्रेस से विष्णुदास पनिका तथा देव बहादुर सिंह, संजीवन लाल गोंड, सोनू कुमार केवट ने निर्दलीय से नाम निर्देशन पत्र जमा किया है। वहीं नगर पंचायत नई लेदरी के पार्षद पद के लिए 43 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र जमा किया है। नगर पंचायत झगराखांड अध्यक्ष पद के लिए 3 अभ्यर्थी भारतीय जनता पार्टी से चम्पा उमेश जायसवाल, रैनी तिवारी तथा इण्डियन नेशनल कांग्रेस से रीमा रमेश यादव ने अपना नाम निर्देशन पत्र जमा किया है।

नगरीय निकाय चुनाव में होगा ईवीएम का उपयोग

बलरामपुर/ नव प्रदेश। कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी राजेंद्र कटारा के मार्गदर्शन में नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2025 के तहत जाबो कार्यक्रम के अंतर्गत लोगों को मतदान की प्रक्रिया की जानकारी दी जा रही है। नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 अंतर्गत नगरीय निकायों के विभिन्न वार्डों में ईवीएम मशीन के प्रदर्शन के लिए गठित दलों द्वारा निर्धारित समय व स्थान पर ईवीएम का प्रदर्शन किया जा रहा है। कार्यक्रम के तहत विभिन्न वार्डों में जाकर मतदाताओं को ईवीएम के संचालन एवं मतदान प्रक्रिया के संबंध में विस्तृत जानकारी एवं मतदाताओं को मतदान करने जागरूक किया जा रहा है।

जागव वोटर...

ईवीएम प्रदर्शन और प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर्स द्वारा कराया जा रहा

समस्त नगर पंचायतों में किया मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

एमसीबी/ नव प्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डी. राहुल वेंकट के निर्देशानुसार नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2025 के तहत जाबो (जागव-वोटर) कार्यक्रम के तहत लोगों को मतदान की प्रक्रिया की जानकारी दी जा रही है। कार्यक्रम में ईवीएम प्रदर्शन और प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर्स द्वारा कराया जा रहा है। जिसमें आज जिला मुख्यालय मनेन्द्रगढ़, नगर पालिका परिषद एवं अन्य नगर पंचायतों में भी ईवीएम प्रदर्शन और प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जिला मुख्यालय में उपस्थित मास्टर ट्रेनर रंजीता बड़ा एवं रितेश महतो के बतायें अनुसार 183 मतदाताओं द्वारा प्रशिक्षण लिया गया। जिसमें विनीत जायसवाल, विवेक अग्रवाल और अन्य मतदाताओं ने प्रशिक्षण लिया

गया। इसी क्रम में आज नगरपालिका निगम चिरमिरी, नगर पालिका परिषद् मनेंद्रगढ़ के वार्ड क्रमांक 03 में मास्टर ट्रेनर श्रीमती नम्रता सिंह एवं सूची पाण्डेय के द्वारा 60 वोटरों को प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें वार्ड के सुभद्राबाई, घनश्याम दास, लीलाधर केवट, यमुना बर्मन और अन्य मतदाताओं द्वारा प्रशिक्षण लिया गया। वहीं दूसरी तरफ मनेन्द्रगढ़ के ही वार्ड क्रमांक 4 में भी जाबो (जागव-वोटर) कार्यक्रम के तहत 50 वोटरों को प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें वार्ड के वीरेंद्र कुमार, सूरज प्रसाद और अन्य मतदाताओं द्वारा प्रशिक्षण लिया गया। इसी प्रकार जिले में स्थित नगर पंचायत नई लेदरी एवं नगर पंचायत झगराखांड के कार्यालय में भी ईवीएम का प्रदर्शन कर लोगों को जागरूक किया गया। जिसमें नगर पंचायत नई लेदरी के मास्टर ट्रेनर डॉ. अमूल्य चंद्र झा के बताए अनुसार 66 वोटरों को प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें प्रेमलाल, संतोष, रेखा बोराल सहित अन्य मतदाताओं द्वारा प्रशिक्षण लिया गया। वहीं दूसरी तरफ नगर पंचायत झगराखंड के मास्टर ट्रेनर सुरेंद्र जायसवाल एवं पारसमणि ने बताया कि उनके यहां 70 वोटरों को प्रशिक्षण दिया गया।

कलेक्टर ने ली नगरीय निकाय के संबंध में नोडल अधिकारियों की

जांजगीर-चांपा/ नव प्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आकाश छिकारा ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में नगरीय निकाय और त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन की तैयारियों के संबंध में नोडल अधिकारियों की बैठक लेकर तैयारियों की समीक्षा की। बैठक में सहायक कलेक्टर दुर्गा प्रसाद अधिकारी, जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारीगोकुल रावटे, अपर कलेक्टर उज्जवल पोरवाल, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री ज्ञानेन्द्र सिंह ठाकुर सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर छिकारा ने मतदान केंद्रों में तैयारी, मतदान दलों के गठन और प्रशिक्षण, मतदान सामग्री का वितरण और वापसी, मतगणना, स्ट्रांग रूम में सुरक्षा व अन्य व्यवस्थाएं, निर्वाचन व्यय लेखा जांच सहित अन्य सभी व्यवस्थाओं के संबंध में समीक्षा की। उन्होंने मतदान दलों के प्रशिक्षण के दौरान उन्हें सभी आवश्यक प्रपत्रों को पूर्ण रूप से भरने के विषय में प्रशिक्षित करने के निर्देश दिए।

क्षेत्रवासियों को 76 वीं गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...

श्री मनोहर पैकरा
(वरिष्ठ करारोपण अधिकारी)
जनपद पंचायत लखनपुर, सरगुजा छत्तीसगढ़

न्यूज गैलरी

भारतीय शेयर बाजार सपाट खुला, मिडकैप और स्मॉलकैप में तेजी

मुंबई। भारतीय शेयर बाजार गुरुवार के कारोबारी सत्र में सपाट खुला। बाजार के मुख्य सूचकांकों में मिलाजुला कारोबार हो रहा है। सुबह 9:26 पर सेंसेक्स 5 अंक की मामूली गिरावट के साथ 76,537 और निफ्टी 20 अंक की तेजी के साथ 23,183 पर था। लार्जकैप की अपेक्षा मिडकैप और स्मॉलकैप में तेजी देखी जा रही है। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 120 अंक या 0.23 प्रतिशत की तेजी के साथ 52,838 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 36.20 अंक या 0.22 प्रतिशत की बढ़त के साथ 16,576 पर था। ऑटो, आईटी और प्राइवेट बैंक इंडेक्स पर दबाव देखा जा रहा है। पीएसयू बैंक, फाइनेंशियल सर्विसेज, फार्मा, एफएमसीजी, मेटल, रियल्टी, मीडिया और एनर्जी इंडेक्स में तेजी बनी हुई है।

सेंसेक्स पैक में बजाज फाइनेंस, बजाज फिनसर्व, इंडसइंड बैंक, पावर ग्रिड, भारती एयरटेल, एनटीपीसी, कोटक महिंद्रा बैंक, मारुति सुजुकी, नेस्ले, एमएंडएम, टेक महिंद्रा, एलएंडटी, टाटा स्टील, एचसीएल टेक, एचडीएफसी बैंक और सनफार्मा टॉप गेनर्स थे। वहीं, टाटा मोटर्स, जोमैटो, एक्सिस बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, टाइटन, एसबीआई, इन्फोसिस, अल्ट्राटेक सीमेंट और रिलायंस इंडस्ट्रीज टॉप लूजर्स थे। चॉइस ब्रोकिंग का कहना है कि सपाट शुरुआत के बाद निफ्टी के लिए 23,050, फिर 22,950 और 22,800 एक अहम सपोर्ट होगा। वहीं, 23,250 एक अहम रुकावट का स्तर है। अगर यह ब्रेक होता है तो 23,400 और फिर 23,500 के भी स्तर देखने को मिल सकते हैं। एशियाई बाजारों में मिलाजुला कारोबार हो रहा है। टोक्यो का बाजार हरे निशान में है। वहीं, बैंकॉक और जकार्ता के बाजारों में लाल निशान में कारोबार हो रहा है। बुधवार को अमेरिकी फेड रिजर्व के ब्याज दरों को स्थिर रखने के फैसले के बाद वहां के बाजारों में आधा प्रतिशत तक की गिरावट देखने को मिली। कच्चे तेल भी सपाट बना हुआ है। डब्ल्यूटीआई क्रूड 72.62 डॉलर प्रति बैरल और ब्रेंट क्रूड 75.52 डॉलर प्रति बैरल पर है। विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बुधवार को 2,586 करोड़ रुपये की इक्विटी बेची थी। घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 1,792 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे थे।

ट्रंप से समझौते के लिए मेटा तैयार? 25 मिलियन डॉलर का करेगा भुगतान

वॉशिंगटन। राष्ट्रपति चुनाव अभियान के दौरान ट्रंप ने जुकरबर्ग और एक्स के मालिक एलन मस्क सहित टेक दिग्गजों को अपनी ओर किया। दोनों ही पिछले हफ्ते वाशिंगटन में ट्रंप के राष्ट्रपति पद के शपथग्रहण समारोह में शामिल हुए थे। अमेरिका का राष्ट्रपति बनते ही डोनाल्ड ट्रंप एक के बाद एक बड़े फैसले ले रहे हैं। इसके साथ उनकी खुद की मुश्किलें भी एक-एक कर के खत्म होती जा रही हैं। नए मामले में दावा किया जा रहा है कि सोशल मीडिया से जुड़ी दिग्गज कंपनी मेटा ने ट्रंप के साथ एक समझौते को आखिरी रूप दे दिया है। समाचार एजेंसी ने एक मीडिया रिपोर्ट के हवाले से बताया कि ट्रंप की ओर से कंपनी के खिलाफ दायर किए गए मुकदमे के निपटारे के लिए एक समझौते पर आपसी सहमति बन गई है। मामले से जुड़े तीन लोगों ने बताया कि फेसबुक, इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप के स्वामित्व वाली कंपनी मेटा ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से कंपनी के खिलाफ दायर किए गए मुकदमे के निपटारे के लिए 25 मिलियन अमरीकी डॉलर का भुगतान करने पर सहमति जताई है। मुकदमा 6 जनवरी, 2021 को कैपिटल हिल दंगे के बाद उन्हें सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रतिबंधित किए जाने से जुड़ा है। मामले से लोगों ने बुधवार को नाम न छापने की शर्त पर समझौते पर चर्चा की। उन्होंने बतया कि समझौते की शर्तों में 22 मिलियन अमरीकी डॉलर गैर-लाभकारी संस्था को दिया जाना शामिल है। शेष राशि कानूनी फीस और अन्य वादियों को दी जाएगी। हालांकि, समझौते में मेटा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स से ट्रंप के खातों के निलंबन को गलत स्वीकार नहीं करेगा। इसे मेटा और मार्क जुकरबर्ग के खिलाफ ट्रंप की जीत के रूप में देखा जा रहा है। समझौते के बारे में सबसे पहले वॉल स्ट्रीट जर्नल ने रिपोर्ट किया। इससे पहले ट्रंप ने 6 जनवरी की घटना के बाद निलंबन को लेकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म की व्यापक रूप से आलोचना की थी। हालांकि, राष्ट्रपति चुनाव अभियान के दौरान ट्रंप ने जुकरबर्ग और एक्स

वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में प्रॉफिट आफ्टर टैक्स साल दर साल 130.2प्रतिशत की वृद्धि के साथ 104 करोड़ रहा

शक्ति पंप्स (इंडिया) लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही में अपने बेहतरीन परफॉरमेंस को जारी रखा

इंदौर, मध्य प्रदेश। शक्ति पंप्स (इंडिया) लिमिटेड (एसपीआईएल) ने 31 दिसंबर 2024 को खत्म होने वाली तिमाही और नौ महीने समाप्त होने पर वित्तीय परिणामों की घोषणा की। शक्ति पंप्स (इंडिया) लिमिटेड के चेयरमैन, दिनेश पाटीदार ने कंपनी के परफॉरमेंस पर हर्ष जताते हुए कहा, मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि हमारी कंपनी ने प्रतिष्ठित ग्रेट प्लेस टू वर्क÷ सर्टिफिकेट प्राप्त किया है. जो हमारी मजबूत और मोटीवेटेड टीम की बदौलत हासिल हुआ है, जिसने कंपनी के विकास में अपना योगदान दिया है। कंपनी को मिले ऑर्डर्स के परफॉरमेंस और इफिशिएंसी के कारण स्ट्रॉंग फाइनेंशियल परफॉरमेंस के कारण बेहतरीन वित्तीय प्रदर्शन किया है, जिसके परिणामस्वरूप मार्जिन में भी बढ़ोतरी हुई है। 31 दिसंबर 2024 तक, कंपनी के पास कुल 2070 करोड़ रुपये (जीएसटी सहित) के ऑर्डर थे, जिन्हें अगले एक साल में पूरा करना है। इस तिमाही में, कंपनी को महाराष्ट्र की मैगेल त्याला सौर कृषि पंप स्कीम के तहत 25,000 पंपों के लिए 754.3 करोड़ रुपये का बड़ा ऑर्डर मिला। इसके अलावा, हरियाणा रिन्यूएबल एनर्जी डिपार्टमेंट (एचएआरईडीए) से 3,174 पंपों के लिए 116.36 करोड़ रुपये का ऑर्डर भी प्राप्त हुआ। कंपनी ने केवल पीएम-कुसुम योजना पर निर्भर न रहकर अन्य योजनाओं से भी ऑर्डर लेना शुरू किया है। इस विविधता की वजह से, कंपनी को अपने भविष्य के विकास पर पूरा भरोसा है। सोलर रूफटॉप एक शानदार अवसर है, जिसे सरकार की पीएम सूर्य घर: मुफ्त बिजली योजना जैसी पहल से बढ़ावा मिल रहा है। इस योजना के लिए सरकार ने 75000 करोड़ रुपये का इन्वेस्टमेंट तय किया है।

सरकार किसानों की भलाई और पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए रिन्यूएबल एनर्जी को खेती से जोड़ने पर जोर दे रही है। इस पहल से न केवल किसानों को फायदा होगा, बल्कि उनके ऊर्जा जरूरतों को पूरा करके उनके खर्च भी कम होंगे। साथ ही, यह कदम देश के सस्टेनेबल डेवलपमेंट (स्थिरता के लक्ष्यों) को हासिल करने में मदद करेगा। हमने इलेक्ट्रिक व्हीकल्स के लिए इलेक्ट्रिक मोटर्स और कंट्रोलर का मैन्युफैक्चर करके अपने बिजनेस मॉडल को स्ट्रेटेजिक रूप से अलग बनाया है। ईवी स्पेस में, हम ओईएम से पायलट ऑर्डर के साथ आगे बढ़ रहे हैं, और यह भविष्य में हमारे लिए एक महत्वपूर्ण अवसर हो सकता है। हमारे एक्सपोर्ट बिजनेस ने भी एक मजबूत प्रदर्शन दिया है, क्योंकि यह वित्त वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही और नवे महीने में साल दर साल 58त्न की वृद्धि के साथ 311.9 करोड़ रुपये हो गया। निष्कर्ष के तौर पर, हम एक उज्ज्वल भविष्य की उम्मीद करते हैं, हमारी सभी रणनीतिक पहल हमारी बाजार स्थिति को मजबूत करने और भविष्य के विकास को बढ़ावा देने के लिए तैयार हैं।

वित्त वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही

ऑपरेशन से रेवेन्यू में 30.9त्न की वृद्धि हुई और यह वित्त वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही में 648.8 करोड़ रुपये पर पहुंच गया, जबकि वित्त वर्ष 2024 की तीसरी तिमाही में यह 495.6 करोड़ रुपये था। एबिटा 154.4 करोड़ रुपये पर रहा, जो वित्त वर्ष 2024 की तीसरी तिमाही में 71 करोड़ रुपये था, जो कि पिछले वर्ष की तुलना में 117.6प्रतिशत की वृद्धि है। एबिटा मार्जिन वित्त वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही में 23.8त्न पर रहा, जो कि वित्त वर्ष 2024 की तीसरी तिमाही में 14.3 प्रतिशत से 938 बीपीएस तक बढ़ गया, जिसका श्रेय ऑर्डरों के हाई परफॉरमेंस और इकॉनमी ऑफ स्केल को दिया जाता है। पीएटी में 130.2प्रतिशत की वृद्धि देखी गई और यह पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में 45.2 करोड़ रुपये की तुलना में इस तिमाही में 104 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। पीएटी मार्जिन वित्त वर्ष 24 की तीसरी तिमाही के 9.1 प्रतिशत की तुलना में बढ़कर 16.0त्न हो

महत्वपूर्ण चुनौतियों का समाधान खोजने को लेकर पर एकजुट होकर काम करेंगे

प्रत्यक्ष बिक्री उद्योग के दिग्गज, कारोबार की छवि और प्रतिष्ठा सुधारने पर करेंगे काम

नई दिल्ली। प्रत्यक्ष बिक्री दद्योग के दिग्गज इस कारोबार की छवि और साख सुधारने समेत इसके समक्ष आने वाली अन्य महत्वपूर्ण चुनौतियों का समाधान खोजने को लेकर पर एकजुट होकर काम करेंगे। देश में प्रत्यक्ष बिक्री उद्योग की अग्रणी संस्था इंडियन डायरेक्ट सेलिंग एसोसिएशन (आईडीएसए) की सदस्य कम्पनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों (सीईओ) परिषद की यहां आहूत एक बैठक में यह फैसला लिया गया। बैठक में मौजूद ओरिफ्लेम, मोदीकेयर, हर्बालाइफ, एमवे, यूनिसिटी, फोरलाइफ, पीएम इंटरनेशनल, एटॉमी, मॉडेर और यूसाना जैसी प्रमुख कम्पनियों के सीईओ ने सर्वसम्मति से उद्योग की प्रतिष्ठा सुधारने, नैतिक आचरण और महिला सशक्तिकरण पर ध्यान देने के साथ इस क्षेत्र को प्रभावित करने वाले प्रमुख मुद्दों पर सामूहिक रूप से काम करने का संकल्प लिया। आईडीएसए की आज यहां जारी विज्ञप्ति के अनुसार उद्योग के प्रतिनिधियों ने पोंजी और पिरामिड योजनाओं के माध्यम से प्रत्यक्ष बिक्री उद्योग की छवि धूमिल करने और लोगों के साथ धोखाधड़ी कर उनकी गाढ़ी कमाई लूट कर रफूचक्कर होने वाली संदिग्ध कम्पिनयों के कारण होने वाले प्रतिकूल प्रभावों से निपटने पर तत्काल आवश्यकता जताई गई। बैठक में सभी एकमत थे कि इस तरह की गतिविधियां न केवल उपभोक्ताओं के हितों को नुकसान पहुंचाती हैं बल्कि उनका विश्वास भी कम करती हैं तथा इसके अलावा वैध एवं कारोबारी परिदर्शिता भी प्रभावित होती है। दिग्गजो ने ऐसी चुनौतियों से निपटने, उपभोक्ता हितों का संरक्षण, प्रत्सक्ष बिक्री के लिए विश्वसनीय माहौल बनाने तथा पारदर्शिता को बढ़ावा देने के लिए भी काम करने पर प्रतिबद्धता जाहिर की।

सीईओ परिषद ने जन जागरण और सरकार के सहयोग से प्रत्यक्ष बिक्री क्षेत्र की ब्रांड छवि मजबूत करने हेतु प्रभावी रणनीति बनाने, सुदृढ़ एआई और डिजिटल दिशानिर्देश विकसित करने, उद्योग के विकास में प्रौद्योगिकीय समावेश और प्रत्यक्ष विक्रेताओं की आजीविका संरक्षण हेतु नीति सृजन पर काम करने का भी निर्णय लिया गया। छवि सुधार को लेकर बैठक में प्रत्यक्ष बिक्री उद्योग को संदिग्ध कम्पनियों से दूर रखने हेतु ठोस उपाय करने तथा जनता को वैध प्रत्यक्ष बिक्री प्रथाओं और उद्योग की विशिष्टता के बारे में जागरूक करने को लेकर अभियान चलाने पर सहमति बनी। विज्ञप्ति के अनुसार बैठक में उच्च उत्पाद गुणवत्ता तथा इनकी सामग्री और लाभों को लेकर पारदर्शिता सुनिश्चित करना, जिम्मेदार और नैतिक कारोबार करने हेतु प्रत्यक्ष विक्रेताओं को व्यापक प्रशिक्षण प्रदान करने, कानूनी ढांचे और नियामक मानकों का पालन सुनिश्चित करने तथा विश्वास और विश्वसनीयता कायम करने हेतु उपभोक्ता संरक्षण तंत्र को बढ़ावा देने पर भी जोर दिया गया। इस अवसर पर आईडीएसए अध्यक्ष विवेक कटोच ने इस अवसर पर कहा, बैठक का आयोजन भारत में प्रत्यक्ष बिक्री उद्योग की प्रतिष्ठा सुधार और चुनौतियों से निपटने की दिशा में एक महत्वपूर्ण

मुनाफा 3500 करोड़ रुपए के पार

मारुति सुजुकी की बिक्री तीसरी तिमाही में 16 प्रतिशत बढ़ी

नई दिल्ली। देश की बड़ी कार मैन्युफैक्चरिंग कंपनी मारुति सुजुकी ने बुधवार को वित्त वर्ष 25 की तीसरी तिमाही के नतीजे पेश किए। अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में कंपनी का मुनाफा सालाना आधार पर 16 प्रतिशत बढ़कर 3,727 करोड़ रुपये हो गया है, जो कि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 3,206.8 करोड़ रुपये था। अधिक बिक्री के कारण कंपनी की ऑपरेशंस से आय सालाना आधार पर 15.7 प्रतिशत बढ़कर 38,764.3 करोड़ रुपये हो गई है। यह आंकड़ा पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 33,512.8 करोड़ रुपये था।

दिसंबर तिमाही में कंपनी का खर्च सालाना आधार पर 16 प्रतिशत बढ़कर 35,163 करोड़ रुपये हो गया है। स्टैंडअलोन आधार पर कंपनी का शुद्ध लाभ पिछले वर्ष की समान तिमाही के आंकड़े 3,130 करोड़ रुपये से 13 प्रतिशत बढ़कर 3,525 करोड़ रुपये हो गया।

वित्त वर्ष 25 की तीसरी तिमाही में कंपनी का एबिटा सालाना आधार पर 14.4 प्रतिशत बढ़कर 4,470.3 करोड़ रुपये हो गया है, जो कि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में 3,907.9 करोड़ रुपये था। कंपनी का एबिटा मार्जिन 11.6 प्रतिशत पर करीब सपाट रहा है। कंपनी ने कहा कि तिमाही के दौरान उसने 36,802 करोड़ रुपये की अब तक की सर्वाधिक शुद्ध बिक्री दर्ज की, जो पिछले वर्ष की समान तिमाही के आंकड़े 31,860 करोड़ रुपये से अधिक है। मारुति सुजुकी ने नियामकीय फाइलिंग में कहा कि दिसंबर तिमाही में कंपनी ने 5,66,213 वाहन बेचे, जबकि पिछले साल इसी तिमाही में 5,01,207 वाहन बेचे थे। मारुति सुजुकी ने तीसरी तिमाही में घरेलू बाजार में 4,66,993 वाहन बेचे, जबकि पिछले साल इसी तिमाही में 4,29,422 वाहन बेचे थे। इस दौरान कंपनी ने 99,220 वाहनों का निर्यात भी किया, जो किसी भी तिमाही में अब तक का सबसे अधिक निर्यात है। पिछले साल इसी अवधि में कंपनी ने 71,785 वाहनों का निर्यात किया था।

अदाणी पावर का मुनाफा तीसरी तिमाही में 7.4 प्रतिशत बढ़ा, आय में 11 प्रतिशत का इजाफा

अहमदाबाद। अदाणी पावर ने बुधवार को वित्त वर्ष 25 की तीसरी तिमाही के नतीजे जारी किए। कंपनी का मुनाफा अक्टूबर-दिसंबर अवधि में सालाना आधार पर 7.4 प्रतिशत बढ़कर 2,940 करोड़ रुपये हो गया है, जो कि एक साल पहले की समान अवधि में 2,738 करोड़ रुपये था।

अदाणी पावर ने स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में कहा कि कंपनी का कंसोलिडेटेड मुनाफा चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में सालाना आधार पर 23 प्रतिशत बढ़कर 6,185 करोड़ रुपये हो गया है, जो कि पिछले साल की समान अवधि में 5,009 करोड़ रुपये था।कंपनी की आय सालाना आधार पर 11 प्रतिशत बढ़कर 14,833 करोड़ रुपये हो गई है, जो कि वित्त वर्ष 24 की तीसरी तिमाही में 13,355 करोड़ रुपये थी। आय बढ़ने की वजह अधिक वॉल्यूम होना है। अदाणी पावर के सीईओ एस.बी. ख्यालिया ने कहा, कंपनी 2030 तक 30 गीगावाट से अधिक की उत्पादन क्षमता के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है। उन्होंने आगे कहा, ऊर्जा की बढ़ती मांग के कारण भारतीय थर्मल पावर सेक्टर में पैदा हो रहे अवसरों का फायदा उठाने के लिए कंपनी तैयार है।दिसंबर तिमाही में कंपनी की कंसोलिडेटेड बिजली बिक्री 23.3 बिलियन यूनिट (बीयू) तक पहुंच गई है, जो कि वित्त वर्ष 24 की तीसरी तिमाही के 21.5 बीयू से 8 प्रतिशत अधिक है।इस वित्त वर्ष के नौ महीनों (अप्रैल-दिसंबर) में कंपनी की बिजली बिक्री 69.5 बीयू रही, जो वित्त वर्ष 24 की इसी अवधि में 57.1 बीयू से 22 प्रतिशत अधिक है।कंपनी ने कहा, वित्त वर्ष 2025 के नौ महीनों के लिए कंसोलिडेटेड कंटिन्यूनिंग प्रॉफिट बिफोर टैक्स (पीबीटी) वित्त वर्ष 2024 की समान अवधि के आंकड़े 8,006 करोड़ रुपये की तुलना में 33 प्रतिशत बढ़कर 10,679 करोड़ रुपये हो गया है।

कोटक म्यूचुअल फंड निवेश के एक प्रभावी विकल्प के रूप में एसआईपी को दे रहा है बढ़ावा

रायपुर। कोटक म्यूचुअल फंड के लिए बीते कुछ महीने बेहद ही मजबूत रहे हैं और मौजूदा फाइनेंशियल ईयर भी उत्साह बढ़ाने वाला साबित हो रहा है। कोटक म्यूचुअल फंड की स्कीम के बेहतर प्रदर्शन और फोकस्ड प्रोडक्टम स्ट्रैटेजी (केंद्रित उत्पाद रणनीति) ने डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क में इस के फुटप्रिंट का विस्तार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है । कंपनी के सभी एसेट क्लानस में एसेट अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) में बढ़ोतरी देखने को मिल रही है।

31 दिसंबर, 2024 तक, कोटक म्युचुअल फंड के पास 45 लाख से अधिक एस आई पी फो लियो (KMAMC इंटरनल रिसर्च) हैं, जिनके माध्यम से निवेशक नियमित रूप से इसकी म्यूचुअल फंड योजनाओं में निवेशकर रहे हैं । कोटक फ्लेक्सी कैपफंड, कोटक ब्लूचिप फंड, कोटक इमर्जिंग इक्विटी फंड और कोटक इक्विटी अपॉर्चुनिटी फंड जैसे प्रोडक्ट्स कोटक म्यूचुअल फंड निवेशकों के बीच बेहद पॉपुलर हो चुके हैं।31 दिसंबर, 2024 तक, छत्तीसगढ़ राज्य में म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री का एसेट अंडर मैनेजमेंट 39,000 करोड़ रुपये से अधिक था, जबकि लाइव एसआईपी काउंट 10,00,000 से अधिक हो गया है। यह संख्या छत्तीसगढ़ में निवेशकों के बीच म्यूचुअल फंड और सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) की बढ़ती लोकप्रियता का संकेत है। कोटक म्यूचुअल फंड एक निवेश के प्रभावी विकल्प के रूप में एसआईपी को सक्रिय रूप से बढ़ावा दे रहा है, जिसके जरिए निवेशक अपने वित्तीय लक्ष्य को देखते हुए नियमित रूप से और अनुशासित रूप से निवेश कर सकते हैं।

कंपनी अलग-अलग कैटेगरी में अलग-अलग निवेशकों की जरूरतों को देखते हुए म्यूचुअल फंड योजनाओं की एक बड़ी रेंज पेश करती है। कोटक महिंद्रा एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड के नेशनल हेड - सेल्स, मार्केटिंग और डिजिटल बिजनेस, मनीष मेहता ने कहा कि एसआईपी को पिछले कुछ वर्षों में अच्छी खासी लोकप्रियता मिली है और हम इसे और ज्यादा बढ़ावा देने के लिए सक्रिय रूप से प्रचार कर रहे हैं। अस्थिरता के समय में भी, एसआईपी नियमित और अनुशासित निवेशकों के लिए बाजार के उतार-चढ़ाव को मैनेज करने के लिए बैलेंसिंग एजेंट के रूप में काम करता है। निवेशक हमारी किसी भी मौजूद योजना का चयन कर उसमें एसआईपी के जरिए निवेश शुरू कर सकते हैं। हमारा उद्देश्य निवेशकों को हमारे म्यूचुअल फंड प्रोडक्ट्स और सर्विसेज तक आसान पहुंच प्रदान करना है।

हॉकी इंडिया ने प्रो लीग भुवनेश्वर चरण के लिए 24 सदस्यीय महिला टीम की घोषणा

नई दिल्ली। हॉकी इंडिया ने बुधवार को एफआईएच प्रो लीग 2024-25 के भुवनेश्वर चरण के लिए 24 सदस्यीय महिला टीम की घोषणा की, जो 15 से 25 फरवरी तक कलिंगा हॉकी स्टेडियम में आयोजित की जाएगी। भारत का सामना मेहमान टीमों इंग्लैंड, नीदरलैंड, स्पेन और जर्मनी से होगा, जिसमें प्रत्येक टीम दो बार खेलेगी। उनका अभियान 15 फरवरी को इंग्लैंड के खिलाफ मैच से शुरू होगा। जबरदस्त मिडफील्डर सलीमा टेटे कप्तान के रूप में भारतीय टीम का नेतृत्व करेंगी, जबकि फॉरवर्ड नवनीत कौर उप कप्तान होंगी। टीम में गोलकीपर सविता और बिचू देवी खारीबाम शामिल हैं, जबकि सुशीला चानू पुखरामबम, निक्की प्रधान, उदिता, ज्योति, इशिका चौधरी और

ज्योति छत्री को डिफेंडर के रूप में चुना गया है।मिडफील्ड में, टीम में वैष्णवी विट्ठल फाल्के, नेहा, मनीषा चौहान, सलीमा टेटे, सुनीता टोप्पो, लालरेमसियामी, बलजीत कौर और शर्मिला देवी शामिल हैं। टीम में फॉरवर्ड खिलाड़ियों में नवनीत कौर, मुमताज खान, प्रीति दुबे, रुतजा दादासो पिसल, ब्यूटी डुंगडुंग, संगीता कुमारी, दीपिका और वंदना कटारिया शामिल हैं।इसके अलावा, स्टैंडबाय सूची में गोलकीपर बनवारी सोलंकी, डिफेंडर अक्षता अबासो ढेकाले और ज्योति सिंह के साथ-साथ फॉरवर्ड साक्षी राणा, अन्नू और सोनम शामिल हैं। विशेष रूप से, एफआईएच नियमों के अनुसार, यदि किसी टीम के पास एफआईएच प्रो लीग चरण के दौरान खेलने के लिए 4 से अधिक मैच निर्धारित हैं, तो वे पहले 4 मैचों के बाद अपने 24-सदस्यीय दल में संशोधन कर सकते हैं। हालांकि, कोई भी बदलाव उनकी पूर्व-स्वीकृत प्रतिस्थापन सूची के खिलाड़ियों का उपयोग करके किया जाना चाहिए।हाल ही में संपन्न महिला हॉकी इंडिया लीग में प्रभावशाली प्रदर्शन के बाद सोनम के पास सीनियर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदार्पण का मौका है, जहां वह दूसरी सबसे बड़ी स्कोरर थीं।टीम के चयन पर बोलते हुए, मुख्य कोच हरेंद्र सिंह ने कहा, हम एफआईएच प्रो लीग 2024-25 के भुवनेश्वर चरण के लिए चुनी गई टीम से खुश हैं। यह टीम अनुभवी खिलाड़ियों और रोमांचक युवा प्रतिभाओं का अच्छा मिश्रण लेकर आई है, जो टूर्नामेंट में शीर्ष स्तर की प्रतिस्पर्धा का सामना करने के लिए महत्वपूर्ण होगा। हमारा ध्यान हर स्थिति में मजबूत विकल्पों के साथ एक संतुलित टीम बनाने पर रहा है।उन्होंने कहा, मैं यह देखने के लिए विशेष रूप से उत्साहित हूं कि कुछ युवा खिलाड़ी कैसा प्रदर्शन करते हैं, खासकर वे जिन्होंने महिला हॉकी इंडिया लीग में शानदार प्रदर्शन किया है। हमें टीम की तैयारी पर भरोसा है और मेरा मानना है कि हमारे पास दुनिया की कुछ सर्वश्रेष्ठ टीमों के खिलाफ मजबूत प्रदर्शन करने की क्षमता है।

टीम :

गोलकीपरः सविता पुनिया, बिचू देवी खारीबाम

डिफेंडरः निक्की प्रधान, सुशीला चानू पुखरंबम, उदिता, इशिका चौधरी, ज्योति छत्री, ज्योति

मिडफील्डरः वैष्णवी विट्ठल फाल्के, नेहा, सलीमा टेटे, मनीषा चौहान, सुनेलिता टोप्पो, लालरेमसियामी , शर्मिला देवी, बलजीत कौर

फॉरवर्डः नवनीत कौर, संगीता कुमारी, वंदना कटारिया, दीपिका, प्रीति दुबे, रुताजा दादासो पिसल, ब्यूटी डुंगडुंग, मुमताज खान

दिल्ली और रेलवे के बीच रणजी मुकाबले में विराट पर रहेंगी निगाहें

नई दिल्ली। नई दिल्ली में हाल ही में सर्दी के दिनों में, सुबह की ठंड के चले जाने के बाद सूरज की रोशनी तेज हो गई है। लोग विटामिन डी के सेवन के लिए सर्दियों की धूप में बैठे हैं, वहीं राष्ट्रीय राजधानी के क्रिकेट प्रशंसक गुरुवार से अरुण जेटली स्टेडियम में धूप का आनंद लेंगे।

रणजी ट्रॉफी के नॉकआउट में प्रवेश करने की बहुत कम गणितीय संभावना के साथ, दिल्ली गुरुवार से शुरू होने वाले सीजन के अपने अंतिम ग्रुप डी मुकाबले में रेलवे का सामना करेगी। उनकी नॉकआउट की उम्मीदें कई अनुकूल परिणामों पर टिकी हैं, लेकिन स्टेडियम में उमड़ने वाले प्रशंसकों का ध्यान आने वाले चार दिनों में करिश्माई विराट कोहली के बल्लेबाजी प्रदर्शन पर रहेगा।

आपको याद होगा कि कोहली ने दिल्ली के लिए आखिरी रणजी ट्रॉफी मैच नवंबर 2012 में गाजियाबाद में उत्तर प्रदेश के खिलाफ खेला था। उन दिनों, क्रिकेट इतना व्यस्त नहीं था जितना कि अब है, जबकि सोशल मीडिया का उछाल अभी भी कुछ साल दूर था। अब, बीसीसीआई द्वारा भारतीय खिलाड़ियों को जब भी संभव हो घरेलू क्रिकेट खेलने की सिफारिश के बाद, कोहली 12 वर्षों में पहली बार रणजी ट्रॉफी खेल खेलने के लिए तैयार हैं। गर्दन की ऐंठन के कारण राजकोट में उनकी रणजी ट्रॉफी वापसी में देरी हुई, लेकिन कोहली का अब रणजी ट्रॉफी में घर वापसी करना लगभग तय है, क्योंकि यहीं से उन्होंने सभी प्रारूपों में भारतीय टीम का अभिन्न अंग बनने की अपनी यात्रा शुरू की थी। रेलवे के खिलाफ मैच में कोहली की हर चाल के केंद्र में उनकी बल्लेबाजी होगी, दिल्ली के कप्तान आयुष बदौनी के दावे के अनुसार, हरी पिच पर उनकी बल्लेबाजी पर सबसे अधिक ध्यान दिया जाएगा, ताकि वे एकमुश्त जीत हासिल कर सकें। यह मैच कोहली को मैदान पर बहुमूल्य समय बिताने और भारत के लिए लगातार दो 50 ओवर के असाइनमेंट पर जाने से पहले कुछ बहुत जरूरी प्रवाह हासिल करने का अवसर देता है। ऑस्ट्रेलिया में 3-1 की टेस्ट सीरीज़ की हार में ऑफ-स्टंप के बाहर आउट होने से कोहली का संघर्ष मुख्य कारण था, उनका नाबाद पर्थ शतक एक उल्लेखनीय अपवाद था। अलीबाग में पूर्व भारतीय और आरसीबी बल्लेबाजी कोच संजय बांगर के साथ अपने खेल पर काम करने और अब दिल्ली टीम में शामिल होने के बाद, यह देखना दिलचस्प होगा कि कोहली इस मैच में बल्ले से कैसा प्रदर्शन करते हैं, जहां वे सभी की निगाहों और कैमरों के आकर्षण का केंद्र हैं। ऋषभ पंत के उपलब्ध न होने और प्रणव राजवंशी के आने की संभावना के कारण, कोहली का छठे स्थान पर रहने वाली दिल्ली टीम में शामिल होना उनकी बल्लेबाजी लाइन-अप के लिए बहुत बड़ी मदद है, जो राजकोट की पिच पर पूरी तरह से आउट हो गई थी, जो शुरू से ही टर्न लेती थी, जिसके परिणामस्वरूप उन्हें दस विकेट से करारी हार का सामना करना पड़ा। दिल्ली के लिए सबसे बड़ी चिंता यह है कि उन्होंने दूसरे दिन लंच और चाय के बीच अपनी दूसरी पारी के सभी दस

संक्षिप्त खबरें

सरस्वती पूजन एवं संगीत संध्या 2 को

रायपुर/नवप्रदेश। आगामी 2 फरवरी को बसंत पंचमी के अवसर पर पण्डित गुणवंत माधवलाल व्यास स्मृति संस्थान द्वारा पारंपरिक आयोजन किया जा रहा है। रविवार, 2 फरवरी शाम 4 बजे से संस्था ने व्यास भवन, बूढ़ापारा में भव्य सरस्वती पूजन एवं संगीत संध्या का आयोजिन किया है। समस्त उदीयमान एवं वरिष्ठ संगीत साधक, गुरूओं द्वारा वाग्देवी के सम्मुख स्वरांजलि अर्पित की जावेगी । संस्था के संयोजक दीपक व्यास ने कहा कि श्रोताओं के लिए निःशुल्क प्रवेश की व्यवस्था रखी गई है।

राजभवन में शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

रायपुर/नवप्रदेश। महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहूति देने वाले वीर शहीदों को आज राजभवन में दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गई। राजभवन परिसर में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्पाजंलि अर्पित कर उन्हें सादर नमन किया। इस अवसर पर राज्यपाल के विधिक सलाहकार भीष्म प्रसाद पाण्डेय, संयुक्त सचिव हिना अनिमेष नेताम सहित सभी अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

ओवरहेड टैंक की सील्ट सफाई के बाद शुरू हुई जलापूर्ति

रायपुर/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम रायपुर के जल कार्य विभाग द्वारा खमतराई के 3500 किलोलीटर क्षमता के ओवर हेड टैंक की सील्ट सफाई का कार्य करवाया गया है. खमतराई ओवर हेडटैंक में सुबह की नियमित जलापूर्ति के पश्चात सील्ट सफाई के साथ - साथ कैमिकल ट्रीटमेंट , सभी चैंबरों की सफाई एवं पेंटिंग का आवश्यक कार्य किया गया . इस कार्य के लिए एजेंसी सतगुरु को ओवर हेड टैंक की सील्ट सफाई हेतु नगर निगम जल कार्य विभाग द्वारा अनुबंधित किया गया है. खमतराई ओवर हेड टैंक में सील्ट की सफाई का कार्य अनुबंधित एजेंसी के माध्यम से आज सुबह 9 बजे प्रारम्भ कर दोपहर 2 बजे तक पूर्ण कर लिया गया।

मतदान केन्द्रों में सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाएं तत्काल उपलब्ध करवाने दिए निर्देश

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर जिला कलेक्टर एवं नगर पालिक निगम प्रशासक डॉक्टर गौरव कुमार सिंह के निर्देश पर नगर पालिक निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने नगर पालिक निगम मुख्यालय भवन महात्मा गाँधी सदन के तृतीय तल सभाकक्ष में आवश्यक बैठक लेकर सभी जोन कमिश्नरों एवं कार्यपालन अभियंताओं को निर्देशित किया कि नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 के अंतर्गत नगर पालिक निगम रायपुर के सभी 70 वार्डों के मतदान केन्द्रों में छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग एवं रायपुर जिला निर्वाचन कार्यालय के निर्देशानुसार सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाएं सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था आदि तत्काल उपलब्ध करवाना सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ जोन स्तर पर सुनिश्चित करवाएं. बैठक में निगम अपर आयुक्त कृष्णा खटीक, पंकज शर्मा, उपायुक्त डॉक्टर अंजलि शर्मा, डॉक्टर दिव्या चन्द्रवंशी, जसदेव सिंह बाबरा, प्रीति सिंह, अधीक्षण अभियंता राजेश राठौर, संजय बागड़े, स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर तृप्ति पाणीग्रही, सभी जोन कमिश्नरगण, कार्यपालन अभियंतागण की उपस्थिति रही।

स्कूली बच्चों ने किया रैंप वॉक, वो देश मेरा के रीमिक्स पर थिरके

रायपुर/नवप्रदेश। स्टेज पर जब छोटे स्कूली बच्चों ने रैंप वॉक किया और वो देश मेरा के रीमिक्स पर थिरके तो उनकी मासूमियत व शानदार प्रस्तुति पर उपस्थित लोगों ने तालियों की गडग़ड़ाहट से उनका हौसला बढ़ाया। अवसर था करियर पब्लिक स्कूल के वार्षिक उत्सव कार्यक्रम का,जो विगत दिनों मायाराम सुरजन लोकायन हॉल में संपन्न हुआ। बच्चों ने और भी एक से बढ़कर एक कार्यक्रम से दर्शकों का दिल जीत लिया। कुछ संदेशात्मक कार्यक्रम भी पेश किया गया। वार्षिकोत्सव की शुरुआत सरस्वती व गणेश वंदना से हुई। डॉ. गजेन्द्र सर और प्रधान अध्यापिका श्वेता सिन्हा ने स्कूल के सालाना गतिविधियों की जानकारी दी। मुख्य अतिथि पार्षद विश्वादिनी पांडे ने स्कूली बच्चों को कड़ी मेहनत व लगन से पढ़ाई करते हुए अपने सपनों का साकार करने के लिए आगे बढने् की सीख दी। शीलू शर्मा मैम ने मंच संचालन किया। विभिन्न केटेगरी में बच्चों को पढ़ाई के साथ अन्य प्रतिभा के लिए स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया गया। एक अनूठा कार्यक्रम अंताक्षरी का जोड़ा गया जिसमें स्कूल परिवार व अभिवावकगण शामिल रहे। इसके बाद सिलसिला शुरु हुआ बच्चों के शानदार कार्यक्रम का। स्वागत नृत्य के बाद नर्सरी के बच्चों ने रैंप वॉक से दिल जीत लिया। धार्मिक प्रस्तुति में मैय्या यशोदा,बम-बम भोले,रामायण(जन्मोत्सव से राज्याभिषेक तक),राम आएंगे का मंचन किया गया। गुलाबी सरारा पर पहली कक्षा के बच्चों ने डांस किया। भारत माता की झांकी निकाली गई,वो देश मेरा के रीमिक्स पर भी थिरके। पश्चात बरसो रे मेघा,इतनी सी हंसी-इतनी से खुशी,बावन गज का,गरबा रीमिक्स,मशी,झूम बराबर झूम,स्कूल चले हम,गाड़ी वाला,अप्सरा जैसे शानदार प्रस्तुति दी गई।

अनुसंधान गतिविधियों को प्रोत्साहित करने से ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था को मिलेगा बढ़ावा : डेका

■ राष्ट्रीय शिक्षा नीति के संबंध में उच्च शिक्षा विभाग की दोदिवसीय कार्यशाला

रायपुर/नवप्रदेश। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का लक्ष्य विभिन्न क्षेत्रों और सामाजिक-आर्थिक समूहों के बीच शैक्षिक अंतर को पाटना है। लचीली डिग्री संरचनाओं और बहुविषयक शिक्षण मार्गों से विद्यार्थियों को अधिक अनुकूलित शिक्षा प्रदान की जा सकती है। विश्वविद्यालयों में अनुसंस्थान गतिविधियों को प्रोत्साहित करने से ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा। राज्यपाल रमेन डेका ने आज उच्च शिक्षा विभाग द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के संबंध में आयोजित कार्यशाला में उक्ताशय के विचार व्यक्त किए। उच्च शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा के लिए एक रोडमैप विषय पर दो दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है।

कार्यशाला के प्रथम दिन राज्यपाल डेका मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि शिक्षा जनसंख्या को आवश्यक कौशल, ज्ञान और महत्वपूर्ण सोच क्षमता प्रदान करके इस लक्ष्य को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, जिससे उन्हें अर्थव्यवस्था और समाज में सार्थक योगदान करने में सक्षम बनाया जा सके। डेका ने कहा कि नई शिक्षा नीति (एनईपी) समग्र विकास को बढ़ावा देने, प्रौद्योगिकी को एकीकृत करने और क्षेत्रीय असमानताओं को संबोधित करके भारत की शिक्षा प्रणाली को पुनर्जीवित करने के महत्वपूर्ण अवसर प्रस्तुत करती है। लेकिन योग्य शिक्षकों की कमी, अपर्याप्त बुनियादी ढांचे, राज्यों में असंगत कार्यान्वयन जैसी कुछ चुनौतियां भी है। अपने महत्वाकांक्षी लक्ष्यों को प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करने के लिए पर्याप्त प्रशिक्षण भी आवश्यकता है।

ज्ञान और कौशल विकासित बनने में निभाते हैं भूमिका

छत्तीसगढ़ में मार्च 2024 से एनईपी 2020 को लागू करना शुरू कर दिया गया है। भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय ने उच्च शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए एनईपी 2020 के कार्यान्वयन के लिए दिशानिर्देश जारी किए हैं। शिक्षा व्यक्तियों को आधुनिक कार्य बल के लिए आवश्यक कौशल प्रदान करती है, आर्थिक विकास और नवाचार को बढ़ावा देती है। उच्च शिक्षा संस्थान अनुसंधान और विकास, नवाचार को बढ़ावा देने, विकसित राज्य और विकसित भारत प्राप्त करने के लिए युवाओं के लिए आवश्यक ज्ञान और कौशल का पोषण और प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

छत्तीसगढ़ में अवैध घुसपैठ को लेकर पक्ष-विपक्ष में घमासान

घुसपैठियों से छत्तीसगढ़ को खतराः अरूण साव संदिग्धों के खिलाफ हो कड़ी कार्रवाई : बैज

■ भाजपा-कांग्रेस में छिड़ी जुबानी जंग

रायपुर/नवप्रदेश। उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने कहा, जो भी छत्तीसगढ़ में अवैध रूप से रह रहे हैं, उन पर कार्रवाई की जाएगी। वहीं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा है कि छत्तीसगढ़ में अपराध बढ़ रहा है, इस पर लगाम लगाने संदिग्ध व्यक्तियों पर कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए।

छत्तीसगढ़ में घुसपैठियों के खिलाफ कार्रवाई जारी है। राजधानी रायपुर में घुसपैठ संदेहियों पर कार्रवाई को लेकर डिप्टी सीएम अरुण साव ने कहा, अवैधानिक रूप से रह रहे लोगों के कारण समस्या पैदा होती है ये कानून व्यवस्था के लिए भी खतरा है। इनकी कोई आइडेंटिटी नहीं है इसलिए प्रशासन इस मामले को गंभीरता से लेकर कार्रवाई कर रही है।

प्रदेशभर में होगा भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन भरेंगे जोश-उप मुख्यमंत्री

प्रदेशभर में भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन करेगी। इसे लेकर डिप्टी सीएम अरुण साव ने कहा, सभी नगरीय निकायों में कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। चुनाव कार्यालय का भी शुभारंभ करेंगे। एक फरवरी को झंडा लगाने का अभियान भी चलाया जाएगा। सम्मेलन के माध्यम से कार्यकर्ताओं को निकाय चुनाव के लिए जिम्मेदारी देकर ऊर्जा भरेंगे।

नाकामियां छुपाने आरोप लगा रही भाजपा : दीपक बैज

रायपुर में 2 हजार संदिग्धों से पुलिस की पूछताछ पर पीसीसी चीफ दीपक बैज ने कहा है कि संदिग्ध व्यक्तियों पर कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। सालभर से सरकार चला रहे हैं। सालभर में अपराध कंट्रोल नहीं हो पाया, क्राइम लगातार बढ़ रहा है। अपनी नाकामियों को छुपाने के लिए भाजपा सरकार पूर्ववर्ती सरकार पर आरोप लगा रहे। अन्य राज्य से अपराध यहां पैर पसार चुका है। अपराध पर लगाम लगाने संदिग्ध व्यक्तियों पर कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए।

बीजेपी ने अहाता खुलवाने का किया काम : कांग्रेस

केंद्रीय बजट पर पीसीसी चीफ दीपक बैज ने कहा है कि एक फरवरी के बजट में आम आदमी को कुछ नहीं मिलने वाला है। सरकार के पास विकास के लिए कोई एजेंडा नहीं है। 10 साल में देश की जनता को लूटने का काम हुआ है। अमीरी और गरीबी का खाई मोदी सरकार ने बढ़ाया है। सरकार छत्तीसगढ़ की जनता के लिए हित नहीं चाहती है। शराब बिकवाने, अहाता खोलवाने का काम बीजेपी ने किया है। बैज ने कहा, किसान और युवाओं के लिए कोई बजट नहीं मिला। शहरी क्षेत्रों में जनता के लिए आवास नहीं बना। इस बार भी बजट में कुछ नहीं मिलेगा।

कांग्रेस के पूर्व मेयर ने शहर में विकास के नाम पर लूट मचाई थीः केदार गुप्ता

■ सौंदर्यीकरण में 36 करोड़ सहित स्मार्ट सिटी के कार्यों भारी भ्रष्टाचार हुआ

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता केदारानाथ गुप्ता ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि लुटेरे और भ्रष्टाचारी कांग्रेसी ठगेश के और वो उनके हैं। कांग्रेसियों को लेकर एक आम धारणा बन गई कि कांग्रेसी सम्मान जाय पर लूट-खसोट और भ्रष्टाचार की रीति व नीति न जाए, वाली राह पर चलते हैं। ये कांग्रेसी चाहे कोई भी चुनाव हो, ये वेश बदलकर जनता के बीच उनके हितैषी बनकर जाते हैं। लेकिन जनता का वोट लेकर सत्ता पाते ही ये अपने लूट तंत्र में लग जाते हैं। इतना ही नहीं वे जनता को लूटने के काम में अपने भाई-भतीजा और बेटों तक को लगा देते ।इसी नक्शे-कदम पर कांग्रेस के पूर्ववर्ती रायपुर मेयर एजाज ढेबर भी पूरे पांच साल में शहर के विकास के नाम पर भ्रष्टाचार के अनेक आरोप लगते रहे हैं। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता गुप्ता कहा कि पूर्व महापौर को रायपुर नगर निगम में भ्रष्टाचार करने के लिए ठगेश ने मेयर पद के सीधे जनता द्वारा चुनाव को पार्षदों के माध्यम से कराने का कानून बना दिया था। जिसे साय सरकार ने फिर जनता द्वारा प्रत्यक्ष प्रणाली से चुनाव कराने का निर्णय लिया तो कांग्रेस ने एजाज को मेयर का टिकट नहीं दिया, क्योकि ठगेश और कांग्रेस को पता है कि मेयर रहते पूर्व महापौर ढेबर के ऊपर भ्रष्टाचार के आरोपों से जनता में आक्रोश है।

जगन्नाथपुर की बेटी पूजा वैभव को मिला कांग्रेस का साथ

■ जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 9 से लड़ेंगी चुनाव

बालोद/नवप्रदेश। बालोद ब्लाक के ग्राम पंचायत जगन्नाथपुर की बेटी पूजा वैभव साहू को कांग्रेस ने आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तहत जिला पंचायत बालोद के क्षेत्र क्रमांक 9 (परसदा) के लिए अपना प्रत्याशी घोषित किया है। गया हो कि उक्त क्षेत्र आरक्षण में अनारक्षित महिला घोषित हुआ था। जिसके बाद से कांग्रेस द्वारा योग्य महिला प्रत्याशी की तलाश की जा रही थी। विभिन्न गांव में सर्वे और बैठकों के बाद मुख्य रूप से सशक्त दावेदार के रूप में पूजा वैभव साहू का नाम सामने आया।

पार्टी के लोगों ने उनसे संपर्क किया और समाज सेवा के क्षेत्र में पहले से ही संलग्न रहने वाली पूजा ने भी राजनीति में कदम रखने की हामी भर दी। इसके साथ ही कांग्रेस ने उन्हें अपनी ओर से क्षेत्र क्रमांक 9 के लिए अधिकृत प्रत्याशी बना दिया है। जल्द ही सभी प्रत्याशियों द्वारा सामूहिक रूप से नामांकन भरा जाएगा । तो वहीं अधिकृत प्रत्याशी घोषित होने के बाद से ही पूजा वैभव साहू जनसंपर्क में भी जुट गई हैं। संबंधित जिला पंचायत क्षेत्र के गांव में लगातार वह पहुंचकर लोगों की समस्याएं और मुद्दों से भी अवगत हो रही हैं। जगन्नाथपुर की बेटी पूजा वैभव साहू माटी युवा कल्याण संगठन नाम की एक समाज सेवा संस्था की सह संयोजिका भी हैं तो वही उनके पति वैभव साहू उक्त संगठन के प्रमुख है। जो कई वर्षों से समाज सेवा और स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं। पूजा वैभव साहू बीएससी एग्रीकल्चर और एमएससी हॉर्टिकल्चर शिक्षित है। उन्हें कृषि और उद्यानिकी दोनों के क्षेत्र में अच्छी जानकारी और पकड़ है।

साथ ही किसानों की समस्या को भी भली-भांति समझते हैं। किसान की बेटी होने के नाते हुए किसानों के हित में कार्य करना चाहते हैं। माटी युवा कल्याण संगठन की सह संयोजिका के तौर पर उनके द्वारा नेवारीकला, बघमरा, जुंगेरा तरौद जगन्नाथपुर में विशाल निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन भी किया गया था। जहां पर सभी आने वाले लोगों की स्वास्थ्य जांच कर निशुल्क दवाइयां उपलब्ध कराई गई तो वहीं ईसीजी की भी निशुल्क सुविधा इन शिविरों में दी गई थी। माटी युवा कल्याण संगठन के जरिए पूजा विभिन्न स्कूलों में कैरियर गाइडेंस का कार्यक्रम भी चलाती है और बच्चों सहित आने वाली युवा पीढ़ी को सही मार्गदर्शन करती है।

शौचालय सहित सम्पूर्ण स्कूल परिसरों को स्वच्छ बनाने निर्देश

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर जिला कलेक्टर एवं नगर निगम प्रशासक डॉक्टर गौरव कुमार सिंह के निर्देश पर नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने नगर निगम जोन क्रमांक 5 क्षेत्र के अंतर्गत पुरानी बस्ती अमीनपारा स्कूल के मतदान केन्द्रों सहित पण्डित सुन्दर लाल शर्मा स्कूल सुन्दर नगर, उमेश पाध्ये स्कूल डंगनिया, नगर माता बिन्नी बाई सोनकर स्कूल अश्विनी नगर, रायपुर कान्वेंट स्कूल, चंगोराभाठा स्कूल के मतदान केन्द्रों में पहुँचे एवं नगर निगम उपायुक्त डॉक्टर अंजलि शर्मा, कार्यपालन अभियंता लाल महेंद्र प्रताप सिंह, सहायक अभियंता नागेश्वर रामटेके सहित नगर निगम जोन क्रमांक 5 के अन्य सम्बंधित अधिकारियों की उपस्थिति में मतदान केन्द्रों की व्यवस्थाओं का प्रत्यक्ष अवलोकन किया।

आयुक्त ने अधिकारियों को सभी मतदान केन्द्रों में छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग और रायपुर जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के दिशा-निर्देश अनुसार सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाएं तत्काल प्राथमिकता से उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने मतदान केन्द्रों में रेम्प बनवाने, वाल राइटिंग करवाने, सफाई, शुद्ध पेयजल, प्रकाश व्यवस्था शौचालय की सफाई व्यवस्था और सम्पूर्ण स्कूल परिसरों में स्वच्छता कायम करने का कार्य करने के निर्देश सम्बंधित निगम अधिकारियों को दिए।

रायपुर पूर्व कांग्रेसी और 3 बार के पार्षद समीर अख्तर आप में शामिल

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर से पूर्व कांग्रेसी और 3 बार के रायपुर से पार्षद रह रह चुके समीर अख्तर ने आम आदमी पार्टी का दामन थाम लिया है। आम आदमी पार्टी ने नगर निगम रायपुर के वार्ड 62 से अधिकृत प्रत्याशी रमीज अलियाज की जगह पार्टी का प्रत्याशी बनाया है। समीर अख्तर का कहना है कि मैंने कांग्रेस पार्टी के साथ ईमानदारी से काम करने के बावजूद मुझे महत्व नहीं दिया गया। कांग्रेस में ईमानदारी से झंडा उठाने वाले कार्यकर्ताओं के साथ अच्छा व्यवहार नहीं किया जा रहा था। उन्होंने कहा कि मैं आम आदमी पार्टी कि विचारधारा से प्रभावित हूँ और अब आम आदमी पार्टी के साथ ईमानदारी से काम करूँगा। बतां दें कि समीर अख्तर रायपुर के शहीद राजीव पांडेय वार्ड 62 से 3 बार के पार्षद रह चुकें हैं और वर्तमान में भी वार्ड से पार्षद हैं,वे कांग्रेस से एम आई सी सदस्य भी रहें हैं।

निगम ने लगभग 30 से अधिक स्थानों पर हटाए अतिक्रमण

नागरिकों को क्षेत्र में यातायात सुगम बनाकर राहत दिलवाई

रायपुर/नवप्रदेश। लगातार पांचवें दिन रायपुर जिला कलेक्टर एवं नगर पालिक निगम प्रशासक डॉक्टर गौरव कुमार सिंह के आदेशानुसार एवं नगर पालिक निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉक्टर लाल उम्मेद सिंह के निर्देशानुसार रायपुर जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में रायपुर नगर पालिक निगम और जिला पुलिस प्रशासन, यातायात विभाग द्वारा संयुक्त अभियान राजधानी शहर रायपुर नगर पालिक निगम क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न मुख्य मार्गो एवं बाजार क्षेत्रों में जनहित में जनसुविधा हेतु नागरिकों को सुगम आवागमन उपलब्ध करवाने, शिक्षण संस्थाओं के पास नशे के सामानों का विक्रय किये जाने पर नियमानुसार कड़ी कार्यवाही करने एवं कतिपय असामाजिक गति विधियों पर नगर हित में प्रक्रिया के अंतर्गत नियमानुकूल कड़ाई के साथ कारगर अंकुश लगाने को दृष्टिगत रखकर अभियान जारी रखा गया। आज इस क्रम में जनहित में जनसुविधा हेतु नगर वासियों को सुगम यातायात देने अभियान लगातार छठवें दिन डीएसपी सतीश ठाकुर, रायपुर नगर पालिक निगम के नगर निवेशक आभाष मिश्रा, जोन 2 जोन कमिश्नर डॉक्टर आर. के. डोंगरे, सहायक अभियंता नगर निवेश विभाग आशुतोष सिंह, नगर निगम जोन 2 नगर निवेश विभाग उप अभियंता अंजलि बारले सहित नगर निगम मुख्यालय नगर निवेश विभाग और जोन 2 नगर निवेश विभाग के अन्य सम्बंधित कर्मचारियों की उपस्थिति में चलाया गया. राजधानी शहर रायपुर में मेकाहारा के सामने मुख्य मार्ग जेल रोड, देवेन्द्र नगर मुख्य मार्ग होकर मारवाड़ी श्मशानघाट मुख्य मार्ग के क्षेत्र तक अभियान चलाकर नगर निगम मुख्यालय के नगर निवेश विभाग के उड़न दस्ता की टीम और नगर निगम जोन 2 नगर निवेश विभाग की टीम ने रायपुर जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में जिला पुलिस प्रशासन एवं यातायात विभाग के सहयोग से अतिक्रमण से मुक्त करवाया। इस दौरान लगभग 30 से अधिक स्थानों पर अतिक्रमण मेकाहारा के सामने मुख्य जेल रोड, देवेन्द्र नगर मुख्य मार्ग होकर मारवाड़ी श्मशानघाट मुख्य मार्ग क्षेत्र तक से हटाए गए और नागरिकों को सुगम यातायात देने हेतु त्वरित कार्यवाही करते हुए राहत दिलवाई गयी। टीम प्रहरी का लोकहितेषी अभियान जनहित में जनसुविधा की दृष्टि से नागरिकों को सुगम यातायात उपलब्ध करवाने आगे भी सतत जारी रहेगा।

नगरीय निकाय चुनाव — *राज्य में कुल 192 नगरीय निकाय है, जिनमें से 19 नगरीय निकायों में वर्ष 2026 में चुनाव होना है*

महापौर के 109 और अध्यक्ष के लिए 816 अभ्यर्थियों ने भरा

रायपुर/नवप्रदेश। नगरीय निकाय चुनाव 2025 के तहत छत्तीसगढ़ के 10 नगर निगमों के महापौर पद के लिए कुल 109 अभ्यर्थियों ने नामांकन किया है. वहीं नगर पालिका परिषद और नगर पंचायतों के अध्यक्ष पद के लिए कुल 816 और नगरीय निकायों के पार्षद पद के लिए कुल 10,776 अभ्यर्थियों ने निर्धारित तिथि तक नामांकन दाखिल किया है। नगरपालिका आम निर्वाचन 2025 अंतर्गत राज्य के 10 नगर निगम, 49 नगर पालिका परिषद और 114 नगर पंचायतों के लिए चुनाव होना है. छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा 20 जनवरी को निर्वाचन की तारीखों की घोषणा की गई थी। 22 जनवरी को निर्वाचन की सूचना के प्रकाशन के साथ ही नामांकन की प्रक्रिया शुरू की गई और 28 जनवरी 2025 दिन मंगलवार तक नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि निर्धारित की गई थी। अभ्यर्थियों से नाम वापस 31 जनवरी तक ली जा सकती है। निर्वाचन लाने वाले अभ्यर्थियों की सूची तैयार करना, प्रकाशन करना और निर्वाचन प्रतिकों का आबंटन के लिए भी 31 जनवरी 2025 की तिथि निर्धारित की गई है. 11 फरवरी को मतदान तथा 15 फरवरी को मतगणना और चुनाव परिणामों की घोषणा की जाएगी। छत्तीसगढ़ राज्य के 10 नगरपालिक निगम जहां निर्वाचन होना है उसमें नगरपालिक निगम जगदलपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, धमतरी, रायपुर, बिलासपुर, रायगढ़, कोरबा, अंबिकापुर और चिरमिरी शामिल है। इसी प्रकार 114 नगर पंचायतों के लिए जहां निर्वाचन होना है, उसमें गीदम, बारसूर, दोरनापाल, बस्तर, फरसगांव, केशकाल, भानुप्रतापपुर, चारामा, पखांजूर, अंतागढ़, बोड़ला, पांडातराई, सहसपुर-लोहारा, पिपरिया, इंदौरी, धमधा, पाटन, उतई, डौंडी, डौंडीलोहारा, चिखलाकसा, गुरूर, अर्जुन्दा, गुण्डरदेही, अड़भार, चन्द्रपुर, पाली, छुरीकला, सीतापुर, लखनपुर, कुसमी, राजपुर, वाड्रफनगर, विश्रामपुर, प्रतापपुर, जरही, भटगांव, पटना, झगराखंड, खोंगापानी, नई लेदरी, जनकपुर, पत्थलगांव, कोतबा, बगीचा और कुनकुरी शामिल है, जहां निर्वाचन किया जाएगा।

49 नगर पलिका परिषदों में अध्यक्ष और पार्षदों का निर्वाचन

इसी प्रकार 49 नगर पलिका परिषदों में अध्यक्ष और पार्षदों का निर्वाचन किया जाना है, जिसमें बीजापुर, किरन्दुल, बड़ी-बचेली, दंतेवाड़ा, सुकमा, कोण्डागांव, कांकेर, नारायणपुर, कवर्धा, पण्डरिया, कुम्हारी अहिवारा, अमलेश्वर, दल्लीराजहरा, बालोद, बेमेतरा, डोंगरगढ़, महासमुंद बागबाहरा, सरायपाली, तिल्दा-नेवरा, गोबरानवापारा, आरंग, अभनपुर, मंदिर हसौद, गरियाबंद, बलौदाबाजार, भाटापारा, सिमगा, तखतपुर, रतनपुर, बोदरी, गौरेला, पेण्ड्रा, मुंगेली लोरमी, खरसिया, जांजगीर-नैला, चांपा, अकलतरा, सक्ती, दीपिका, कटघोरा, बांकी-मोंगरा, बलरामपुर, रामानुजगंज, सूरजपुर, मनेन्द्रग? और जशपुरनगर शामिल हैं।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2015/62431 संपादक- चन्द्रशेखर धोटे *(पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी), स्थानीय संपादक-विक्रम सिंह ठाकुर, फोन नंबर : 07752-468654, navpradeshbilaspur01@gmail.com